नई दिल्ली

नई दिल्ली, गुरुवार 7 नवंबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 23, अंक : 231
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 33.0
न्यून. 13.5



10 हाउसिंग सेक्टर को केंद्र देगा 25 हजार करोड़


## खबर संक्षेप

### ईडी अदालत ने हुड्डा, वोरा को नियमित जमानत दी



**चंडीगढ़।** पंचकूला में प्रवर्तन निदेशालय की एक विशेष अदालत ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) भूमि आवंटन मामले में बुधवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा को नियमित जमानत दे दी। हुड्डा की ओर से पेश एक वकील के मुताबिक, विशेष न्यायाधीश जगदीप सिंह ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख 10 दिसंबर तय की है। उन्होंने कहा कि दोनों कांग्रेसी नेता अदालत में उपस्थित थे। इससे पहले 30 अक्टूबर को हुई सुनवाई में अदालत ने छह नवंबर तक उन्हें अंतरिम जमानत प्रदान की थी।

### सिख विरोधी दंगेः कोर्ट ने सज्जन कुमार की स्वास्थ्य जांच के निर्देश दिए



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार के स्वास्थ्य की जांच एम्स के चिकित्सकों के एक पैनल से कराने के निर्देश दिए। सज्जन कुमार को 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। शीर्ष अदालत ने एम्स के निदेशक द्वारा गठित इस चिकित्सक पैनल से चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। कुमार ने सेहत के आधार पर उनकी जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया था।

### पंचकूला हिंसा मामले में हनीप्रीत हुई रिहा



**चंडीगढ़।** पंचकूला हिंसा मामले में गुरमीत राम रहीम की गोद ली हुई बेटी हनीप्रीत कोर्ट से जमानत मिलने के कुछ देर बाद आज बुधवार को अंबाला की सेंट्रल जेल से रिहा हो गई। हनीप्रीत के ऊपर से देशद्रोह का आरोप हटने के बाद पंचकूला कोर्ट से उन्हें राहत मिली। दुष्कर्म के आरोपी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के जेल जाने के बाद पंचकूला में हुई हिंसा के मामले में हनीप्रीत को जेल जाना पड़ा था। हनीप्रीत की रिहाई से पहले सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

## नजरिया




## दिल्ली पुलिस को लगा झटका, खारिज की गई याचिका

# वकीलों पर कार्रवाई नहीं, जारी रहेगा 2 पुलिसकर्मियों का निलंबन

**तीन नवंबर के फैसले पर स्पष्टीकरण की जरूरत नहीं: हाईकोर्ट**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि तीस हजारी अदालत परिसर में पुलिस और वकीलों के बीच हुई झड़प पर तीन नवंबर को दिए गए फैसले को लेकर स्पष्टीकरण की जरूरत नहीं है और यह अपने आप में स्पष्ट है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने आदेश पर स्पष्टीकरण और समीक्षा की मांग को लेकर केंद्र की अर्जियों का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की। तीन नवंबर के आदेश में कहा गया था कि तीस हजारी अदालत परिसर में दो नवंबर को पुलिस और वकीलों के बीच झड़प के संबंध में दर्ज प्राथमिकियों के आधार पर वकीलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी।

साकेत अदालत के बाहर सोमवार और मंगलवार को एक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी और एक आम नागरिक की कथित रूप से वकीलों द्वारा पिटाई की घटना के बाद मंगलवार को पहली अर्जी दायर की गयी। केंद्र ने दूसरी अर्जी बुधवार को दायर की जिसमें तीन नवंबर के आदेश में बदलाव का अनुरोध किया गया था। आदेश में झड़प से संबंधित दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले की बात कही गयी थी। अदालत ने दोनों अर्जियों को सुनने के बाद कहा कि इस संबंध में न्यायिक जांच पहले ही शुरू की जा चुकी है और जांच कर रही समिति तीन नवंबर के आदेश में उसकी टिप्पणियों से प्रभावित नहीं होगी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। सुनवाई के दौरान अदालत खचाखच भरी हुई थी।

*बुधवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट में तीस हजारी विवाद पर सुनवाई हुई। गृह मंत्रालय की स्पष्टीकरण की मांग वाली अर्जी का निपटारा कर दिया गया है। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा बनाई गई कमिटी ही मामले की जांच जारी करेगी। मीडिया रिपोर्टिंग पर कोई रोक नहीं है। कोर्ट ने कहा हमने अपने रविवार के आदेश में कहा था कि केवल दो एफआईआर जो उस दिन तक दर्ज हुई हैं, उसको लेकर कार्रवाई नहीं होगी। उसके बाद अगर कोई एफआईआर दर्ज हुई है तो उस पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर सकती है।*





रोहिणी जिला कोर्ट के परिसर में एक बिल्डिंग पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश करता वकील।

### वकीलों ने अदालतों के द्वार किए बंद

दिल्ली की सभी छह जिला अदालतों में वकीलों ने बुधवार को लगातार तीसरे दिन काम ठप रखा। कुछ अदालतों में तो उन्होंने वादियों को परिसर के भीतर भी नहीं जाने दिया। तीस हजारी अदालत परिसर में दो नवंबर को वकीलों और पुलिस के बीच हुई झड़प की घटना के विरोध में वकील प्रदर्शन कर रहे हैं और काम का बहिष्कार कर रहे हैं।

### पुलिस का प्रदर्शन इतिहास का सबसे काला दिनः बीसीआई

बार काउन्सिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने कहा कि दिल्ली पुलिस का मंगलवार का प्रदर्शन 'राजनीति से प्रेरित' लगता है और यह 'स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे काला दिन' था। बीसीआई ने साथ ही कहा कि दोषी पुलिस अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार किया जाना चाहिये। बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि इससे पहले बीसीआई ने संघों से अपनी हड़ताल समाप्त करने को कहा था, लेकिन 'दिल्ली पुलिस के आचरण' को देखने के बाद वह मामले में हाथ पर हाथ धरे बैठी नहीं रह सकती है।

### झड़प की तस्वीर एवं वीडियो साझा न करे

जिला न्यायाधीश ने अदालत कर्मियों को निर्देश दिया कि वे हाल में पुलिस और वकीलों के बीच हुई झड़प की तस्वीर, वीडियो एवं लेख किसी अन्य से या सोशल मीडिया पर साझा नहीं करें। तीस हजारी अदालत के जिला न्यायाधीश दिल्ली की अन्य निचली अदालतों के भी प्रशासनिक प्रमुख हैं। जिला न्यायाधीश गिरीश कठपालिया ने परिपत्र जारी कर कर्मचारियों को इस मामले पर किसी भी तरह की टिप्पणी या चर्चा से परहेज करने को कहा।

## पराली जलाने को लेकर कोर्ट ने दिखाई सख्ती

# प्रदूषण के कारण करोड़ों लोगों की जिंदगी दांव पर

**राज्य सरकारों को लगाई फटकार, ठहराया जिम्मेदार**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- प्रदूषण की समस्या को नहीं सुलझा पा रहे तो आप इस पद पर क्यों बने हुए हैं?
- पंजाब, हरियाणा, उप्र किसानों को 100 रुपये प्रति कुंतल वित्तीय सहायता दें : कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि खतरनाक स्तर का वायु प्रदूषण दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करोड़ों लोगों के लिये जिंदगी-मौत का सवाल बन गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगा पाने में विफल रहने के लिये प्राधिकारियों को ही जिम्मेदार ठहराना होगा।

जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने सख्ती से कहा कि क्या आप देश को 100 साल पीछे जाने देना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के मुख्य सचिव मौजूद थे। जस्टिस अरुण मिश्रा ने दिल्ली के मुख्य सचिव से सवाल किया- आप धूल, कचरे और निर्माण कार्यों की समस्या ही नहीं सुलझा पा रहे, आप इस पद पर क्यों बने हुए हैं? प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंचने के बीच कोर्ट ने मंगलवार को इस मुद्दे पर एक नया केस दर्ज किया था।

### पराली जलाने के लिए मशीनें क्यों नहीं दी गईं?

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि इस साल भी पराली जली। सरकार पहले से तैयार क्यों नहीं थी और मशीनें क्यों नहीं दी गईं। ऐसा लगता है कि सालभर से इसे लेकर कोई कदम उठाए ही नहीं गए। उन्होंने कहा कि यह अच्छी स्थिति नहीं है। उन्होंने हरियाणा के चीफ सेक्रटरी से पूछा कि उन्होंने आपने राज्य के 4 जिलों में पराली जलाने के मामले में लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है।


### नियम तोड़ने वालों को नहीं बख्शेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर क्यों सरकारें किसानों से पराली खरीद या इकट्ठा नहीं कर लेतीं। कोर्ट ने कहा कि हम प्रदूषण रोकने और पराली जलाने की समस्या के निपटारे के लिए लोकतांत्रिक सरकार से ज्यादा उम्मीद रखते हैं। अगर किसी ने भी नियम-कानून तोड़े तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सरकार कल्याण की अवधारणा भूल चुकी है। उसे गरीबों की कोई चिंता नहीं है।

## गडकरी से मिले अहमद पटेल

# राजनीति पर नहीं, किसानों की समस्याओं पर हुई बात

एजेंसी ⏭ मुंबई



कांग्रेस के सीनियर नेता अहमद पटेल ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात को महाराष्ट्र में सरकार से गठन से जोड़कर देखा जा रहा था, लेकिन अहमद पटेल ने इससे इनकार कर दिया। अहमद पटेल ने कहा कि मैंने किसानों के मसले पर गडकरी से मुलाकात की है, यह न तो राजनीतिक और न ही महाराष्ट्र पर मुलाकात थी। इससे पहले शिवसेना नेता ने कहा था कि नितिन गडकरी ही बीजेपी-शिवसेना के बीच फंसे पेंच का सुलझा सकते हैं।

### फड़णवीस की बैठक में हुए शामिल शिवसेना के छह मंत्री

शिवसेना के छह निवर्तमान मंत्री राज्य में कृषि संकट पर निवर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बुधवार को बुलाई गई बैठक में शामिल हुए। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि एकनाथ शिन्दे और रामदास कदम सहित शिवसेना के मंत्री दक्षिणी मुंबई स्थित सहयाद्रि राज्य अतिथिगृह में बुलाई गई बैठक में पहुंचे।

### राउत ने पवार से मुलाकात की



महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर जारी खींचतान के बीच शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार से बुधवार को यहां मुलाकात की। राउत ने मुलाकात के बाद कहा, "यह एक शिष्टाचार भेंट थी। भाजपा और शिवसेना के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान जारी है। पिछले विधानसभा चुनाव के विपरीत भाजपा और शिवसेना ने यह चुनाव मिलकर लड़ा था। 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने इस बार 105 सीटें जीतीं जबकि शिवसेना 56 सीटों पर विजेता रही।

## जासूसी मामलाः संसदीय समिति 20 को करेगी चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसद की स्थायी समिति 20 नवम्बर को अपनी बैठक में 'व्हाट्सएप' जासूसी मामले पर चर्चा करेगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। शशि थरूर सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को भेजे पत्र में कहा है कि भारतीय नागरिकों की जासूसी के लिए प्रौद्योगिकी का कथित इस्तेमाल 'गंभीर चिंता' का विषय है और 20 नवम्बर को समिति की अगली बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी। फेसबुक के स्वामित्व वाले 'व्हाट्सएप' ने 31 अक्टूबर को भारत सरकार को सूचना दी थी कि भारतीय पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित कई भारतीय उपयोगकर्ताओं (यूजरों) की इजराइली स्पाईवेयर 'पेगासस' द्वारा जासूसी की गई। लेकिन सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने दलील दी है कि उपलब्ध कराई गई सूचना अपर्याप्त है। सूत्रों ने बताया कि पत्र में थरूर ने समिति के सदस्यों से अपील की है कि एक प्रजातांत्रिक गणतंत्र होने के नाते हमें पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने होंगे।

## भारत करेगा एक और परमाणु मिसाइल परीक्षण, 3500 किलोमीटर मारक क्षमता



**नई दिल्ली।** भारत एक और ऐसी परमाणु मिसाइल का परीक्षण करने वाला है, जिससे दुश्मनों की नींद उड़ने वाला है। पनडुब्बियों से दुश्मन के टारगेट्स को मार गिराने की अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए भारत शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के तट से पानी के नीचे से 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली के-4 परमाणु मिसाइल का परीक्षण करने की योजना बना रहा है। इस परमाणु मिसाइल प्रणाली को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया जा रहा है, जो अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों के लिए है। जो कि भारत द्वारा बनाया जा रहा है।

## अदालत ने नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की



**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की नयी जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी। इससे नीरव मोदी को तगड़ा झटका लगा है। नीरव ने मुचलके के तौर पर 40 लाख पाउंड की भारी धनराशि का भुगतान करने के साथ ही संदिग्ध आतंकवादियों के समान निगरानी में रखे जाने की पेशकश की थी लेकिन अदालत ने उसकी दलील को अनसुना कर दिया। नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से जुड़े दो अरब डॉलर के धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में भारत को प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ मुकदमा लड़ रहा है।







## कांग्रेस मुक्त हुआ नेहरू मेमोरियल

# शाह की एंट्री, तीन कांग्रेसी नेता हुए बाहर

- खड़गे ने कहा कि सरकार का हर काम राजनीति से प्रेरित
- कांग्रेस नेताओं की जगह बीजेपी नेता अनिर्बन गांगुली, गीतकार प्रसून जोशी और पत्रकार रजत शर्मा को जगह मिली



**नई दिल्ली।** सांस्कृतिक मंत्रालय ने नेहरू मेमोरियल म्यूजियम और लाइब्रेरी (एनएमएमएल) सोसाइटी का पुनर्गठन किया। नेहरू म्यूजियम सोसाइटी से कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, करण सिंह और जयराम रमेश को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। कांग्रेस नेताओं की जगह बीजेपी नेता अनिर्बन गांगुली, गीतकार प्रसून जोशी और पत्रकार रजत शर्मा को जगह मिली। इस सोसाइटी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम और लाइब्रेरी को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की याद में बनाया गया था। इस सोसायटी के उपाध्यक्ष राजनाथ सिंह हैं, जबकि गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर सोसाइटी के सदस्य हैं।

### प्रधानमंत्रियों का म्यूजियम बनाना चाहती है सरकार

पिछले साल सरकार ने नेहरू मेमोरियल को सेंटर ऑफ रिसर्च बनाने का फैसला किया था। योजना के मुताबिक, इसे सभी प्रधानमंत्रियों की स्मृति में म्यूजियम बनाया जाना है। पिछले साल भाजपा नेता और तत्कालीन संस्कृति मंत्री महेश शर्मा ने इसके लिए भूमिपूजन भी किया था। पत्रकार अर्णब गोस्वामी, एस जयशंकर और राम बहादुर राय को पिछले साल ही पैनल में शामिल किया गया था।

# पत्नी की हत्या कर पुलिस को बताने पहुंचा थाने

**मालवीय नगर की घटना**

**गला घोंटकर दिया वारदात को अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी जिले के मालवीय नगर इलाके में एक शख्स ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और खुद ही थाने पहुंचकर अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है। मृतक महिला का नाम दीपिका मोंगिया (31) बताया गया है। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि दंपति के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि खिड़की एक्सटेंशन मालवीय नगर स्थित एक बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर सुमित मोंगिया (38) परिवार के साथ रहता है। उसकी शादी दीपिका से 23 नवम्बर 2009 को हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी है। दोनों बच्चों की उम्र सात और पांच वर्ष है। इसी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर सुमित के माता-पिता अपनी दो बेटियों के साथ रहते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के हिसाब से बच्चे अक्सर अपने दाद-दादी के पास जाते थे, यह बात सुनीता को पसंद नहीं थी। इस बात को लेकर वह सुमित से झगड़ा करती थी। इसके अलावा भी छोटी-छोटी घरेलू बातों को लेकर दंपत्ति के बीच नोंक-झोंक होती रहती थी। बुधवार सुबह दंपति के दोनों बच्चे स्कूल चले गए। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर सुमित ने पत्नी का गला घोंट दिया। घटना सुबह करीब साढे नौ से दस बजे के बीच की है। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर बंद कर सीधा मालवीय नगर थाने पहुंचा। उसने पुलिस को पत्नी की हत्या की बात बताई। दंपत्ति की अरेंज मैरिज हुई थी। दीपिका हाउस वाईफ थी, जबकि उसके पति खिड़कियों के शीशे का काम बिजनेस है।

## छावला इलाके की घटना : घरेलू झगड़े में चुन्नी से गला घोंटकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के छावला इलाके में घरेलू झगडे में एक पति ने चुन्नी से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। मृतका का नाम सुनीता (32) बताया गया है। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी सुनीता परिवार के साथ जी ब्लॉक कबीर आश्रम, प्रेम नगर, नजफगढ़ में परिवार के साथ किराए के मकान में रहती थी। परिवार में पति नारद व दो बच्चे है। सुनीता घरों में खाना बनाने का काम करती थी, जबकि पति नारद दिहाड़ी मजदूर हैं। पुलिस ने बताया कि सोमवार को महिला का गला घोंटे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को महिला बेहोश फर्श पर पड़ी मिली थी। उसके गले में चुन्नी बंधी हुई थी। पास में सब्जी काटने वाला टूटा हुआ चाकू, चूड़ियां और हेयर बैंड पड़ा मिला। महिला को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम नारद बताया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को नजफगढ़ से गिरफ्तार किया है। वहीं सूत्रों से पता चला कि आरोपी ने सरेंडर किया है।

### छठ पूजा मनाकर लौटे थे दंपति

परिवार के एक जानकार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पांच दिन पहले ही पति-पत्नी व दोनों बच्चे छठ पूजा मनाने के लिए बिहार गये हुये थे। सोमवार को ही दोनों छठ मनाकर दिल्ली लौटे थे। बच्चों को दंपत्ति बिहार ही छोड़कर आए थे। घर पहुंचने पर दोनों में झगड़ा शुरू हो गया। हालांकि पड़ोसियों ने झगड़ा शांत करवाने की कोशिश भी की थी। लेकिन करीब आधा घंटे बाद ही पता चला कि पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। तुरंत ही इसकी जानकारी पुलिस को दी।

## विधानसभा स्टेशन पर शख्स ने लगाई मेट्रो के आगे छलांग, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- 20 मिनट तक मेट्रो सेवा रही बाधित
- चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मेट्रो को रोकने का किया प्रयास

विधानसभा स्टेशन पर बुधवार शाम एक शख्स ने मेट्रो ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। मेट्रो की चपेट आने से बुराड़ी निवासी चरणजीत सिंह (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मेट्रो पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किन परिस्थितियों में शख्स ट्रैक पर कूदा।

घटना बुधवार शाम करीब 4.21 बजे प्लेटफार्म संख्या-2 पर घटी। उस समय प्लेटफार्म पर काफी लोग मौजूद थे। उसी दौरान समयपुर बादली की तरफ आने वाली मेट्रो ट्रेन के सामने शख्स ने छलांग लगा दी। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मेट्रो को रोकने का प्रयास भी किया था, लेकिन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सीआईएसएफ के जवानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और घायल को अस्पताल भिजवाया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कैमरों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सकें कि शख्स ने जान बूझकर ट्रैक पर छलांग लगाई है या गलती से वह ट्रैक पर गिर पड़ा। वहीं इस घटना के चलते करीब 20 मिनट तक मेट्रो सेवा बाधित रही।

## द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन पर सांप मिलने से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन में मंगलवार शाम को पांच फुट लंबा एक सांप मिला, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। सांप को बाद में पकड़ लिया गया और वन में छोड़ दिया गया। वन्यजीव संरक्षण के लिए काम करने वाले एनजीओ ने कहा कि स्टेशन पर यात्रियों ने सांप को देखा, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के कर्मचारी का फोन आने के बाद एनजीओ की दो सदस्यीय टीम ने सांप को पकड़ा। एनजीओ ने कहा कि बचाव दल ने सावधानीपूर्वक सांप को पकड़कर एक सुरक्षित कंटेनर में डाल दिया।

## करोड़ों की जमीन के फर्जीवाड़े में पूर्व एसडीएम चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- तत्कालीन तहसीलदार और कानूनगो भी हुये गिरफ्तार
- फर्जीवाड़ा कर सरकारी जमीन प्राइवेट हाथों में सौंपने का आरोप

एंटी करप्शन ब्रांच ने पूर्व एसडीएम रमेश कुमार, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार और कानूनगो मंजीत सिंह को करोड़ों रुपये की जमीन के फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन पर ततारपुर, राजौरी गार्डन में डीएमआरसी की 35 बीघा 11 बिस्वा और एक 963 स्क्वेयर मीटर के डीटीसी के प्लॉट को प्राइवेट पार्टियों के नाम करने का आरोप है। इस संबंध में 7 जुलाई 2019 को एंटी करप्शन ब्रांच ने केस दर्ज किया था। मिली सूचना के अनुसार राजौरी गार्डन के तहसीलदार राजेंद्र मिंज की शिकायत पर यह केस दर्ज किया गया था। तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार और कानूनगो को इसमें आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने जांच की और बुधवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रमेश कुमार ने 2018 में वीआरएस ले लिया था। पुलिस की जांच अभी जारी है और इसमें कुछ और लोगों के फंसने की उम्मीद की जा रही है।

## कांग्रेस की हल्ला-बोल रैली का आयोजन कल

**नई दिल्ली।** नोटबंदी की तीसरी बरसी पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी भाजपा की मोदी सरकार के खिलाफ कल, 8 नवम्बर को हल्ला-बोल रैली करेगी। सांय 3 बजे चॉदनी चौक संसदीय क्षेत्र के 12 टूटी चौक, सदर बाजार में उक्त हल्ला बोल रैली की जाएगी जिसको पूर्व सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल भी सम्बोधित करेंगे। मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक मंदी, बढ़ती बेरोजगारी व बदहाली के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार जिम्मेदार है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष चौपड़ा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत में आर्थिक मंदी का दौर है, बल्कि देश का हर चौथा आदमी कर्ज में डूबा हुआ है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियां देश के पूंजीपतियों व अमीरों का हित साधने के लिए बनाई जा रही है। उन्होंने आज फिर दोहराया कि आरसीईपी एग्रीमेन्ट कांग्रेस के दवाब में साईन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली में पढ़े लिखे नौजवान धक्के खा रहे हैं, उन्हें कोई नौकरी नहीं दे रहा।

## हाईकोर्ट का दिल्ली सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शहर के आशा किरण गृह में रह रहीं मानसिक रूप से कमजोर 59 महिलाओं के आईक्यू अंक और तस्वीर जारी करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को दिल्ली सरकार से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने अखबारों में प्रकाशित विज्ञापन में महिलाओं के बौद्धिक स्तर (आईक्यू) के अंकों को दर्शाने के मकसद पर भी सवाल उठाए हैं। दिल्ली सरकार के अतिरिक्त स्थायी अधिवक्ता संजय घोष ने अदालत को बताया कि इस विज्ञापन का मकसद महिलाओं को उनके परिवारों से मिलाने का था। इस पर अदालत ने पूछा कि उनका परिवार महिलाओं को आईक्यू के आधार पर कैसे पहचानेगा। तस्वीरें जारी करने के कारणों को हम समझते हैं, लेकिन आईक्यू अंक क्यों जारी किए गए? पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर एनजीओ 'प्रहरी सहयोग एसोसिएशन' की याचिका पर जवाब दायर करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल के जरिए दायर इस याचिका में यह भी कहा गया है कि विज्ञापन दिव्यांग व्यक्ति अधिकार कानून के प्रावधानों और दिव्यांग व्यक्ति अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र की संधि का उल्लंघन करता है जिनमें ऐसे व्यक्तियों की पहचान उजागर करने की मनाही है।

## नशे के लिए रुपये नहीं दिए तो बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली। बिंदापुर इलाके में नशे के लिए रुपए देने में आनाकानी करने पर एक बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचा अलका ओबेरॉय के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बेटा राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। अलका ओबेरॉय परिवार के साथ मनसा राम पार्क, उत्तम नगर में रहती थी। परिवार में पति व बच्चे है। अलका के बेटे पकंज ने पुलिस को बताया कि सोमवार को सुबह करीब 10.30 बजे मां राहुल के कमरे में नहाने गई थी। उसी सयम राहुल ने मां का गला दबाकर हत्या कर दी। जब वह राहुल के कमरे में गया तो उस समय राहुल मां की गर्दन पकड़कर बैड पर लिटा रहा था। जब राहुल से पूछा कि मां को क्या हुआ तो वह इधर उधर की बातें करने लगा। पंकज जब पिता को फोन करने लगा तो उसने फोन छीन लिया। तभी पंकज अपने दादा दादी को बुलाकर लाया और पिता को फोन किया। तभी राहुल मां की अलमारी से रुपए लेकर भागने की कोशिश करने लगा तो परिवार के लोगों ने उसे पकडकर कमरे में बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी राहुल को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।


## गुमशुदा लड़की की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नामः** अंजली, **पुत्रीः** नरेश कुमार **पताः** डी–12/4 शाहबाद डेरी, दिल्ली, **उम्रः** 19 साल, **कदः** 5 फीट 2 इंच, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** हल्के नीले रंग का सूट, सलवार और चप्पल पहने हुए है, जो दिनांक 10.10.2019 को थाना क्षेत्र शाहबाद डेरी, दिल्ली से लापता/अपहृत हो गयी है।

इस संदर्भ में DD No.73-A, दिनांक 10.10.2019, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली
फोनः 011-27821047, 27822207
DP/731/ON/19


## जिला अदालतों में बुधवार को भी रहा कामकाज ठप

- अदालत परिसर के मुख्य गेट पर लगाया हुआ था ताला
- साकेत कोर्ट के गेट पर लगे ताले को लोगों ने तोड़ने का किया प्रयास

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट में हुई हिंसा के बाद से वकील हड़ताल पर हैं। बुधवार को तीसरे दिन भी राजधानी की जिला अदालतों में कामकाज ठप्प रहा। वकीलों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। कई जगह उन्होंने कोर्ट के मुख्य द्वार पर ताला जड़ा हुआ था। इसके चलते आम लोगों को भी अंदर एंट्री नहीं मिल सकी। नतीजतन, लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साकेत कोर्ट के गेट पर लगे ताले तो लोगों ने तोड़ने का प्रयास भी किया। साकेत कोर्ट में बुधवार सुबह वकीलों ने गेट बंद रखा। वकील कोर्ट परिसर में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे। पेशी के लिए आए लोगों को अंदर नहीं जाने दिया गया। इस बात को लेकर लोग काफी परेशान रहे। एक केस के सिलसिले में पहुंचे विनय कुमार ने कहा कि इस तरह से वकीलों को व्यवहार नहीं करना चाहिए। इससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में जुटे लोगों का जब गुस्सा भड़का तो उन्होंने गेट पर लगे ताले तोड़ने का प्रयास किया। इस पर वकीलों ने अंदर से निवेदन किया कि उनकी हड़ताल चल रही है। कृप्या वापस घर लौट जाएं। कुछ यही स्थिति कड़कड़डूमा कोर्ट और पटियाला हाउस व रोहिणी कोर्ट की रही। कड़कड़डूमा कोर्ट पहुंचे संजीव जैन ने कहा उनका चैक बाउंस का केस चल रहा है। आज सुनवाई होनी थी लेकिन वकील हड़ताल पर हैं। वहीं बलबीर नगर निवासी शिवाली ने कहा उनका भाई जेल में बंद है। उसकी रिहाई की याचिका लगी हुई है लेकिन सुनवाई के लिए वकील नहीं हैं। कोर्ट में जज तो पहुंचे लेकिन वकीलों ने कोई काम नहीं किया। पुलिस बिना खाकी वर्दी के ड्यूटी पर नजर आई। वकीलों ने कहा कि जब तक आरोपी पुलिसकर्मी बर्खास्त नहीं हो जाते तब तक काम नहीं करेगें। ऐसा ही कुछ हाल पटियाला हाउस कोर्ट के बाहर का रहा।




नई दिल्ली। रोहिणी कोर्ट के बाहर वकीलों का विरोध प्रदर्शन।


**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
**Regd. Office:** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
**CIN:** L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on **Tuesday, 12th November, 2019 at 03.00 P.M.** at 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N. H.-08, Gurgaon -122002 inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results (Consolidated) IND-AS compliant of the Company for the quarter ended on 30th September, 2019.

Further as per SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulation, 2015 the Trading Window for trading in equity shares of the Company for all the Directors and Employees of the Company shall remain closed from November 06th, 2019 to November 12th, 2019 (Both Days Inclusive).

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Satya Pal Sindhu
Managing Director

Place: New Delhi
Date: 06.11.2019



## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका नाम **रजनीश कुमार,** पुत्र **अमर सिंह,** निवासीः **जमुना बाजार, नई दिल्ली, आयुः** लगभग 45 वर्ष, **रंगः** सांवला, **कद** 5 फुट 8 इंच, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, जिसने लाल रंग की कमीज और खाकी–भूरे रंग की पैंट पहनी थी, जिसे पीसीआर वैन वी–61 के द्वारा वाईड एमएलसी नं. ई/259065/19, दिनांक 03.11.2019 के तहत डॉ आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज दौरान जिसे दिनांक 03.11.2019 को डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 10ए, दिनांक 03.11.2019 को थाना मंदिर मार्ग, नई दिल्ली** में दर्ज है।

जिसका मृत शरीर डॉ आरएमएल अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना मंदिर मार्ग, दिल्ली
फोनः 011-23364100, 23366730

DP/2142/NDD/19


**दिल्ली के बाजारों में प्याज का भाव 80 रुपये किलो**

## प्याज के दामों में फिर लगी आग, दिल्ली सरकार का सस्ता प्याज बेचने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- इमरान हुसैन ने प्याज की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए अधिकारियों को छापेमारी की कार्रवाई तेज करने का दिया निर्देश

दिल्ली में एक बार फिर प्याज के दाम बढ़ गए हैं। बुधवार को दिल्ली के बाजारों में प्याज 80 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। उधर महंगी प्याज होने से लोगों ने प्याज खाना ही कम दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, एक अक्टूबर को प्याज का भाव 55 रुपये किलो था। उधर दिल्ली सरकार ने प्याज महंगी होने पर चिंता जताते हुए डोर-स्टेप रिटेलिंग प्रक्रिया फिर से शुरू करने के दिए निर्देश

दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बुधवार को प्याज की कीमतों में अचानक वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए दिल्ली के लोगों को राहत प्रदान करने के लिए डोर-स्टेप रिटेलिंग प्रक्रिया को फिर शुरू करने करने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति आयुक्त को निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्याज के दामों में वृद्धि पर समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि दिल्ली सरकार पूरी तरह से बड़े सार्वजनिक हित में स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं मंत्री ने प्याज की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने क लिए अधिकारियों को छापेमारी की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीएफएस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश और दिवाली और छठ पूजा के कारण लेबर फोर्स कीकीम के कारण प्याज की लोडिंग बाधित हुई इस कारण दिल्ली के थोक बाजारों में प्याज की आपूर्ति कम हुई। मंत्री ने नेफेड को डीएससीएससी लिमिटेड से दैनिक आधार पर प्याज के 10 ट्रक-लोड की आपूर्ति करने का निर्देश दिया। ताकि दिल्ली में प्याज की आपूर्ति की कमी को पूरा किया जा सके। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि सभी एजेंसियां दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों / नगरपालिका वार्डों में प्याज की बिक्री के लिए लगे मोबाइल वैन के माध्यम से प्याज की समय पर, नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक दूसरे के साथ समन्वय में काम करें।

## बहादुरगढ़ से अगवा किशोरी को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** पीसीआर कर्मियों ने बहादुरगढ़ से अगवा किशोरी को उसके परिवार से मिलवाया है। दरअसल एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ दिल्ली ले आया था। वह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच चुका था। संदिग्ध हालात में दोनों को देखकर पुलिस कर्मियों ने उनसे पूछताछ की तो घटना का खुलासा हुआ। आरोपी युवक चिंटू (19) को बहादुरगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरोपी के खिलाफ बहादुरगढ़ सिटी थाने में मामला दर्ज था। पीसीआर डीसीपी शरत कुमार सिन्हा के अनुसार मंगलवार शाम को पीसीआर वैन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पहाडगंज वाले गेट के पास पेट्रोलिंग पर थी। वैन पर एएसआई बोदान लाल, अरुण कुमार और थॉमस तैनात थे। इस बीच उन्होंने देखा कि रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास एक लड़का व लड़की बैठे हुए हैं। लड़की थोड़ी घबराई हुई लग रही थी। पुलिस कर्मियों ने दोनों के पास पहुंचकर लड़की को भरोसे में लेकर पूछताछ की। लड़की ने बताया कि वह नाबालिग है, उसके पड़ोस में रहने वाला लड़का चिंटू उसे बहला-फुसलाकर बहादुरगढ़ से दिल्ली लाया है। वारदात का पता चलते ही पीसीआर वैन कर्मियों ने लड़की की मां से बात की जिसके बाद पता चला कि आरोपी किशोरी को अगवा कर लाया है। इसके बाद सेक्टर-9, पुलिस चौकी, बहादुरगढ़ से पुलिस की टीम दिल्ली पहुंची और दोनों को बहादुरगढ़ ले गई।


**ब्रिस्क सर्विसेज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : एसएफ–28, देविका टावर, 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
Website: www.briskservices.co.in Email id: brisk1983@gmail.com
Phone: 011 - 4367 5500 CIN: L74140DL1983PLC016646

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(सेबी (एलओडीआर) नियमनों 2015 के नियमन 47(1)(बी)

(राशि लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अर्ध वर्ष | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | 30.06.2019 (अअंकेक्षित) | 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | 31.03.2019 (अंकेक्षित) |
| प्रचालन से आय कुल आय | - | - | - | - | - | 0.01 |
| अन्य आय | 1.96 | 2.02 | 2.11 | 3.98 | 4.20 | 11.66 |
| अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (0.62) | (0.06) | 0.44 | (0.68) | 0.62 | 1.67 |
| कर से पूर्व अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (0.62) | (0.06) | 0.44 | (0.68) | 0.62 | 1.67 |
| कर के बाद अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (0.62) | (0.06) | 0.44 | (0.68) | 0.62 | 1.25 |
| इक्विटी तरीके का प्रयोग करने हेतु संयुक्त वेंचर लेखा | (0.01) | (0.62) | - | (0.64) | - | (0.03) |
| [अवधि हेतु (कर के बाद) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) निहित लाभ/(हानि)] | (0.63) | (0.68) | 0.44 | (1.32) | 0.62 | 1.22 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 74.48 | 74.48 | 74.48 | 74.48 | 74.48 | 74.48 |
| रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार) | - | - | - | - | - | 1876.71 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| 1. बेसिक | (0.08) | (0.09) | 0.06 | (0.18) | 0.08 | 0.16 |
| 2. डायल्युटेड | (0.08) | (0.09) | 0.06 | (0.18) | 0.08 | 0.16 |

**टिप्पणी :**

1. 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम के सम्बन्ध में जानकारी निम्नानुसार है :–

| विवरण | 30.09.2019 तैमाहिक | 30.09.2019 अर्ध वार्षिक |
|---|---|---|
| टर्नओवर | 1.96 | 3.98 |
| कर से पूर्व लाभ | (0.62) | (0.68) |
| कर के बाद लाभ | (0.62) | (0.68) |

2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक और अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स www.msei.in पर और कम्पनी की वेबसाइट www.briskservices.co.in पर उपलब्ध हैं।

कृते ब्रिस्क सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
सिपेन्द्र कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 06909279

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05.11.2019

## खबर संक्षेप

### दो दशक पुरानी राजनीति कर रहे केजरीवालः चावला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में केजरीवाल सरकार की ऑड-ईवन योजना को लेकर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर व स्थायी समिति सदस्य नरेंद्र चावला ने कहा कि चुनाव को देखते हुए सीएम केजरीवाल दो दशक पुरानी राजनीति कर रहें। जब दिल्ली में सीएनजी वाहन नहीं चलते थे। केजरीवाल ने ऑड-ईवन पर योजना लागू करने से पहले कोई तैयारी नहीं की और जनता पर योजना को थोप दिया। इन दिनों दिल्ली में अधिकतर निजी वाहन सीएनजी हैं और हाईब्रिड वाहन भी सड़कों पर उतर चुके हैं जो कि प्रदूषण नहीं फैलाते हैं लेकिन उसके बावजूद भी केजरीवाल ने इन वाहनों को लेकर कोई छूट नहीं दी है। पर्वू महापौर चावला ने सीएम केजरीवाल से पूछा है कि जब वाहन चालक महिला के साथ महिला हो तो वाहन को छूट और यदि पुरुष हो तो छूट नहीं। क्या पुरुष साथ में होने से प्रदूषण फैलता है।

### प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है स्वास्थ्य समिति

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में स्वास्थ्य समिति के सदस्य व बिजवासन वार्ड से पार्षद नरेंद्र राणा ने प्रदूषण को लेकर दक्षिणी निगम नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। समिति संदस्य राणा का कहना है कि एक तरफ प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर सतापक्ष में बैठे निगम नेता तरह-तरह के दावें करते हैं, वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य समिति की बैठक में कोरम पूरा भी नहीं कर पाते हैं जिसके चलते बैठक स्थगित करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि इस सोमवार को सिविक सेंटर में बैठक में प्रदूषण मामले को लेकर विशेष चर्चा होनी थी लेकिन सत्तापक्ष को डर था कि कहीं विपक्षी सदस्य ऐसा न पूछ बैठे जिसका उनके पास जवाब ही न हो। वहीं, समिति की अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि प्रदूषण को लेकर सत्तापक्ष गंभीर है और इसी के चलते सभी कार्य कर रहे हैं।

### 38 अभियंताओं के बाद अब बेलदार लाइन में

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम प्रशासन अब भ्रष्टाचार करने वाले अभियंताओं के बाद बेलदारों को जबरन सेवानिवृति दे सकती है। निगम सूत्रों की माने तो निगम प्रशासन आजकल भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से लगाम कसने में जुटा हुआ है। बता दें कि गत माह 56 जे नियम के तहत कार्रवाई करते हुए 38 अभियंताओं व एक शिक्षा अधिकारी को जबरन सेवानिवृत कर दिया गया। निगम प्रशासन की नजरें अब ऐसे कर्मियों पर जो अभियंताओं के इशारे पर बेलदारी कर रहे थे और कई अनियमितताओं का आरोप लगा है। गौरतलब है कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में खतरनाक भवनों को तोडऩे के लिए नगर निगम में बेलदार लगाये गए थे। इनके साथ-साथ नाला बेलदार भी लगा लिए गये तर्क दिया गया कि नालों की सफाई के लिए स्टाफ चाहिए।

### हवाओं की गति मंद होने की वजह से फिर बढ़ सकता है प्रदूषण

# प्रदूषण के स्तर में आई कमी लोगों ने ली राहत की सांस




हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

साफ मौसम और हवाओं की गति बढ़ने से दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में कमी आई जिससे बुधवार को दिल्लीवालों ने राहत की सांस ली। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि रात में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी से वायु गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है। सरकार की वायु गुणवत्ता निगरानी एवं पूर्वानुमान सेवा 'सफर' ने बताया कि मंगलवार को पंजाब में पराली जलाने की 6,668 घटनाएं दर्ज की गईं जो इस मौसम में सबसे अधिक हैं। हालांकि, हवाओं की दिशा की वजह से इसका दिल्ली पर प्रभाव नगण्य होगा। आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 216 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है। हालांकि कई इलाकों में प्रदूषण स्तर ' औसत' श्रेणी में रहा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पीएम-2.5 का स्तर गिरकर 107 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रह गया। पीएम 2.5 हवा में मौजूद सूक्ष्म कण हैं जिनका व्यास 2.5 माइक्रोन होता है और ये सांस के जरिये फेफड़ों और रक्त धमनियों में पहुंचकर स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पीएम10 की सघनता बुधवार दोपहर डेढ़ बजे 226 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही जबकि सुरक्षित स्तर 60 से 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि साफ आसमान और हवाओं की गति की वजह से दिन में प्रदूषण के स्तर में और गिरावट आएगी। उन्होंने कहा कि हालांकि, रात को बादल छाने, बहुत हल्की बूंदाबांदी होने और हवाओं की गति मंद होने की वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ेगा और वायु गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है।

### पराली को सीएनजी में बदलना संभव, साथ आएं राज्य सरकारें : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में पराली के कारण बढ़ने वाले प्रदूषण से राहत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को एक समाधान लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि पराली से सीएनजी बनाना संभव है। इसके लिए सभी राज्यों को एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि बुधवार को उनकी विशेषज्ञों के साथ बैठक हुई थी। पराली से सीएनजी बनाना तकनीकी और आर्थिक रूप से सक्षम है। इससे नौकरियां, किसानों को अतिरिक्त कमाई होगी। साथ ही सालाना तौर पर होने वाली प्रदूषण की समस्या भी कम होगी। हालांकि, इसके लिए सभी राज्यों की सरकारों को मिलकर काम करना होगा।

### दिल्ली सरकार 11-12 नवंबर को दे सकती है ऑड ईवन में छूट



- प्रकाश पर्व होने के नाते विचार कर रही है सरकार : गहलोत
- अभिभावकों ने पूछा, बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद वापसी में वाहनों को छूट मिलेगी क्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के मौके पर बाधारहित यात्रा के लिए 11-12 नवंबर को वाहनों पर लगायी ऑड ईवन की पाबंदियों से छूट दे सकती है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को कहा कि सरकार को 12 नवंबर को गुरु नानक देव की जयंती पर ऑड-ईवन योजना से छूट देने की मांग के साथ सिख संगठनों से अभिवेदन मिला है। सरकार ने वायु प्रदूषण की समस्या पर लगाम लगाने के लिए चार नवंबर से 15 नवंबर के बीच ऑड-ईवन योजना लागू करने की घोषणा की है। यह सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक प्रभावी है। गहलोत ने कहा कि हमें सिख नेताओं से अभिवेदन मिला है और इस संबंध में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल हमसे मिलने आ रहा है। सरकार 11-12 नवंबर को छूट देने पर विचार कर रही है क्योंकि दोनों दिन धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कैलाश गहलोत ने बताया कि बुधवार को योजना के तीसरे दिन कार चालकों द्वारा इस नियम का पालन न करने के ज्यादा मामले सामने नहीं आए। शहर में दो दिन बाद स्कूल खुले थे लेकिन किसी भी मुद्दे के बारे में किसी से भी कोई शिकायत नहीं मिली। मंत्री ने बताया कि यातायात पुलिस, परिवहन और राजस्व विभाग की टीमों ने रात आठ बजे तक कुल 709 चालान जारी किए। यह संख्या बढ़ने की संभावना है क्योंकि ऑड-ईवन नियम रात आठ बजे तक लागू है। बुधवार को फिर से स्कूल खुलने पर अभिभावकों ने पूछा कि क्या वर्दी में छात्रों को ले जा रही कारों के लिए छूट होगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों को छूट मिलेगी। हालांकि उन्होंने माना कि इस संबंध में थोड़ा भ्रम है और वाहनों को भरोसे के आधार पर छूट दी जाएगी कि उनका केवल स्कूली बच्चों को लाने- ले जाने के लिए इस्तेमाल हुआ। उन्होंने कहा कि लोगों ने इस बार काफी अच्छे तरीके से ऑड-ईवन योजना को स्वीकार किया है और दिल्ली की सड़कों पर कम भीड़भाड़ है। दिल्ली सरकार ने कहा कि ऑड-ईवन योजना के कारण हर दिन सड़कों पर कुल 30 लाख में से करीब 15 लाख वाहन कम रहे।

### आरो प्यूरीफायर पर रोक की अधिसूचना में देरी, पर्यावरण मंत्रालय को एनजीटी की फटकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने आरओ प्यूरीफायर पर रोक लगाने संबंधी अधिसूचना जारी करने में हो रही देरी को लेकर पर्यावरण मंत्रालय को फटकार लगायी और संबंधित अधिकारी का वेतन रोकने की चेतावनी दी। एनजीटी ने उन इलाकों में आरओ प्यूरीफायर पर रोक लगाने का आदेश दिया है जहां के पानी में ठोस घुलनशील तत्वों की मात्रा 500 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की पीठ ने कहा कि आदेश के अमल में हो रही देरी से लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। पीठ ने कहा कि मौजूद अधिकारी आज्ञा के अनुपालन नहीं किए जाने के लिए कोई ठोस वजह नहीं बता पाए और उनके द्वारा उल्लखित कारण सही नहीं है। यह रुख साफ तौर पर संबंधित अधिकारी की अधिकरण द्वारा 20 मई 2019 को दिए आदेश के अनुपालन में नाकामी को दिखाता है। यह आदेश एनजीटी कानून 2010 की धारा 25 के तहत बाध्यकारी है और पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारी अनुपालन नहीं होने पर जिम्मेदार हैं। अधिकरण ने आदेश का अनुपालन करने के लिए पर्यावरण मंत्रालय को 31 दिसंबर 2019 तक आखिरी मौका दिया है और कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो मंत्रालय का संबंधित अधिकारी एक जनवरी 2020 से वेतन के लेने का हकदार नहीं होगा। एनजीटी ने कहा कि 10 जनवरी के बाद और सख्त कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

### बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका



- अधिसूचना को अवैध, मनमाना, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक बताया

**नई दिल्ली।** डीटीसी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के आप सरकार के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गयी है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने याचिकाकर्ता महिला से पूछा कि वह कैसे यह दावा कर रही है कि यह फैसला असंवैधानिक है या इसके लिए केंद्र सरकार से अनुमति जरूरी है। पीठ ने याचिकाकर्ता अज्मा जैदी से पूछा कि यह कैसे असंवैधानिक है? आप कैसे कह सकती हैं कि इसके लिए केंद्र सरकार से अनुमति जरूरी है। पीठ ने याचिकाकर्ता से अगली सुनवाई के दिन 21 जनवरी को सभी सवालों के जवाबों के साथ आने को कहा। महिला की ओर से पेश हुए वकील अनिल कुमार खवारे ने दलील दी कि महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीएमआईटीएस) की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा करदाताओं के पैसे से उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ आ गया है। वकील ने 28 अक्टूबर की अधिसूचना को 'अवैध, मनमाना, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक' बताया। इसमें यह भी दावा किया गया कि यह फैसला एक नया वर्ग पैदा कर रहा है क्योंकि महिलाएं टिकट खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं या ऐसा नहीं भी कर सकती हैं तथा जो मुफ्त सफर का चयन करती हैं, उन्हें उपहास का सामना करना पड़ सकता है। जैदी एक वकील हैं और उन्होंने दलील दी कि मुफ्त यात्रा छूट बुजुर्गों, नाबालिगों और समाज के गरीब तबके के लोगों को दी जानी चाहिए, न कि लिंग के आधार पर। उन्होंने दलील दी कि ऐसे कदम के समर्थन में कोई मूल आधार या आंकड़ा नहीं है। अपनी याचिका में उन्होंने यह भी कहा कि डीटीसी ने सरकार को दी गई एक रिपोर्ट में कहा था कि अपनी बसों में यह योजना लागू करने के लिए उसे 200 करोड़ रुपये की वार्षिक सब्सिडी और डीआईएमटीएस द्वारा संचालित क्लस्टर बसों में यह रियायत शुरू करने के लिए अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। योजना के तहत मुफ्त यात्रा का चुनाव करने वाली महिलाओं को बसों में गुलाबी टिकट दिया जा रहा है और इन गुलाबी टिकटों की संख्या के आधार पर परिवहन सेवा को सरकार यह राशि हस्तांतरित करेगी। याचिका में कहा गया है कि लोगों को होने वाली परेशानी कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन बसों की संख्या बढ़ाए जाने की जगह 'समाज के एक खास तबके तक अवैध रूप से मौजूदा संसाधन पहुंचाए जा रहे हैं।

### प्रदूषण : दक्षिणी निगम नहीं मनाएगा बाल दिवस

नई दिल्ली। दिल्ली के तीनों नगर निगम हर वर्ष 14 नवम्बर को आयोजित होने वाले बाल दिवस का आयोजन करते हैं लेकिन इस बार दक्षिणी दिल्ली नगर निगम प्रशासन प्रदूषण को देखते हुए बाल दिवस का आयोजन नहीं करेगा। बुधवार को दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्णय प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए लिया गया। शिक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. नंदिनी शर्मा ने बाल दिवस को लेकर जब प्रशासन से पूछा तो संबंधित अधिकारी ने कहा कि प्रदूषण को लेकर बच्चों की तैयारियां नहीं हो पायेगी जिसके चलते इस बार आयोजन बाल दिवस का आयोजन नहीं हो पाएगा। वहीं, उत्तरी निगम की शिक्षा समिति की अध्यक्ष रितु गोयल और पूर्वी निगम की शिक्षा समिति अध्यक्ष राजकुमार बल्लन ने कहा है कि अभी तक उनके निगम में बाल दिवस के आयोजन को लेकर हां है। वहीं, प्रदूषण मामले में तीनों निगमों की कार्रवाई जारी है। दक्षिणी निगम ने एनजीटी के नियमानुसार प्रदूषण को लेकर 51 शिकायतें एफआईआर दर्ज कराई। दक्षिणी जोन में 10, नजफगढ़ जोन में 17 और मध्य जोन में 24 शिकायतें एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा दक्षिणी निगम ने 751 साइटों का निरीक्षण कर प्रदूषण के खिलाफ 213 चालान किये और 4 लाख 80 हजार का जुर्माना लगाया। जबकि उत्तरी व पूर्वी निगम ने भी अपने क्षेत्र में पानी से छिड़काव किया।

### सर्वोदय कन्या विद्यालय तुगलकाबाद ने जीता सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

सर्वोदय कन्या विद्यालय रेलवे कॉलोनी-तुगलकाबाद ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार जीता है। पुरस्कार स्वरूप स्कूल को 1 लाख रुपए नकद राशि दी गई जबकि 211 मेधावी बच्चों को मेडल और प्रत्येक को 5000 रुपएका नगद पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार बुधवार को दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा त्यागराज स्टेडियम में आयोजित श्रेष्ठता पुरस्कार समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रदान किए। समारोह में जिलेवार शानदार परीक्षा परिणाम देने वाले प्रत्येक स्कूलों को 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस तरह से दिल्ली सरकार की 12 जिलों के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों को भी सम्मानित किया गया।

### संसद सत्र में अनधिकृत कॉलोनियों के लिए बनाया जाएगा कानून : तिवारी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में अनधिकृत कॉलोनियों के लिए कानून बनाया जायेगा और दिल्ली की सत्ता में आने के बाद भाजपा सबसे पहले परिवहन व्यवस्था दुरूस्त करेगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बदरपुर के पूर्व विधायक रामबीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में लवकुश चौक सौरभ विहार पर एक आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उक्त बाते कहीं। तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के ऐतिहासिक निर्णय के कारण दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे 40 लाख से अधिक लोगों को उनके घर का मालिकाना हक मिलने जा रहा है।






### सीएम ने विधानसभा में यूथ संसद को किया संबोधित

# लोकतंत्र शासन का सबसे अच्छा स्वरूप हैः केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नईदिल्ली



लोकतंत्र शासन का सबसे बेहतर रूवरूप है और दिल्ली सरकार लोकतंत्र मं जनता के प्रत्यक्ष शासन की पक्षधर है लेकिन दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है। इस कारण हमारी शक्तियां सीमित हैं। यह बात बुधवार को दिल्ली विधानसभा में आयोजित यूथ संसद को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कही।उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब बाहरी लोगों को विधानसभा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दी गई है। केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही प्रवेश करने की अनुमति होती है। यहां तक कि अधिकारियों को भी आगंतुकों की गैलरी में बैठने की अनुमति होती है। मुझे उम्मीद है कि यह यूथ संसद कार्यशाला आपको विधायिका की प्रक्रियाओं को समझने में मदद करेगी। सीएम ने कहा मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से हूं और दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद 2015 में कई विधायी प्रक्रियाओं को नहीं जानता था। फिर धीरे-धीरे काम करते करते जानकारी हुई। सीएम ने कहा कि शासन के हर रूप में खामियां हैं, लेकिन सार्वभौमिक रूप से लोकतंत्र को सबसे अच्छा माना जाता है। लोकतंत्र में राष्ट्रपति और संसदीय स्वरूप में शासन होता है। हमारे पास संसद में विभिन्न विभागीय समितियां भी हैं, जो विभिन्न विभागों के समुचित कार्य को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श व बैठकें आयोजित करती हैं। राष्ट्रपति और संसदीय दोनों शासन के अप्रत्यक्ष रूप हैं। जनता अपने प्रतिनिधि का चुनाव करती है और वह अगले पांच वर्षों के लिए नेता बन जाते हैं।

#### लोकतंत्र में जनता का प्रत्यक्ष शासन नहीं

सीएम ने कहा कि लोकतंत्र के अप्रत्यक्ष रूप में लोग यह नहीं कह सकते हैं कि धन कहां खर्च किया जाना चाहिए। यदि कोई अधिकारी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे है तो जनता को उसे पद से हटाने में सक्षम होना चाहिए। लेकिन लोकतंत्र में यह संभव नहीं है। लोकतंत्र के प्रत्यक्ष रूप में आम जनता का धन, कार्य और सिस्टम पर नियंत्रण होता है। 2015 में हमारी सरकार के गठन के बाद हमने प्रत्यक्ष शासन मॉडल को अपनाने के लिए पूरी दिल्ली को 3200 सोसाइटी में विभाजित किया। यह सोसाइटी के लोगों को एक साथ आने और यह तय करने के लिए था कि धन कैसे और क्या खर्च किया जाना चाहिए। यदि उनके क्षेत्र का कोई अधिकारी अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह से नहीं निभा रहा है तो जनता को एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए और अधिकारी को हटा दिया जाना चाहिए।

#### पूर्ण राज्य न होने से हमारे अधिकार सीमित

सीएम ने कहा जनता का प्रत्यक्ष शासन के इस रूप को स्वराज कहा जाता है, जो मेरा सपना है। हमारा सपना दिल्ली राज्य में शासन के इस रूप को लागू करना है। लेकिन दिल्ली सरकार की शक्तियां बहुत सीमित हैं। दिल्ली एक पूर्ण राज्य नहीं है, जिसके कारण हम लोकतंत्र के प्रत्यक्ष स्वरूप का मॉडल नहीं बना सकते हैं। लेकिन, हम प्रयोग के तौर पर दिल्ली में इसे लागू करना चाहेंगे, यह देखने के लिए कि क्या आम जनता शासन के कामकाज में शामिल हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए जन-जागृति अभियान

**गुरुग्राम।** देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने व सनातन धर्म के अस्तित्व की रक्षा करने के लिए साधु समाज व आम लोगों को जागृत करने के लिए अखिल भारतीय संत परिषद के राष्ट्रीय संयोजक यति नरसिंहानंद सरस्वती भारत भ्रमण पर निकले हुए हैं। वे अपने सहयोगियों के साथ धर्म नगरी हरिद्वार भी गए हैं और वहां पर कई आश्रमों व मठों में संतों से इस बारे में बातचीत की, ताकि समाज सुरक्षित रह सके। उक्त बात सामाजिक संस्था भारत बचाओ संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विक्रम यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वामी नरसिंहानंद विश्व में हिंदुओं की जनसंख्या का अनुपात दिन-प्रतिदिन घटने से बहुत चिंतित हैं, जबकि अन्य समुदायों की जनसंख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है।

### मकान से दस लाख की नकदी ले गए चोर

**फरीदाबाद।** सैनिक कॉलोनी में एक मकान का ताला तोड़कर चोर वहां से करीब दस लाख रुपये की नकदी, जेवर व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। घटना के समय पूरा परिवार तीर्थ यात्रा पर गया हुआ था। मंगलवार देर शाम को परिवार के वापस लौटने पर चोरी की वारदात का पता चला। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सैनिक कॉलोनी चौकी पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। सैनिक कॉलोनी के मकान नंबर 2211 में तरुण पुत्र हेमचंद का परिवार रहता है। तरुण ने पुलिस को बताया कि पिछले दिनों वह अपने परिवार के साथ तीर्थ यात्रा पर गया हुआ था। मंगलवार शाम को परिवार यात्रा से वापस आया था। मकान के अंदर देखा तो सभी ताले टूटे पड़े थे, जबकि सामान भी इधर-उधर बिखरा पड़ा था। चोर उसके घर में रखी दस लाख से ज्यादा की नकदी चुरा ले गए हैं।

### दिवंगत श्रमिक नेता की शोक सभा



**गुरुग्राम।** श्रमिक संगठन एटक के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद कामरेड गुरुदास दास गुप्ता के आकस्मिक निधन पर श्रमिकों ने शोक सभा का आयोजन किया और मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रमिक नेता कामरेड अनिल पंवार, सतबीर सिंह, सुरेश गौड़, कुलदीप जांघू आदि ने दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव श्रमिकों के हितों में काम किया और समस्याओं को सुलझाने में कभी किसी प्रकार की कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी थी। सभी श्रमिक उन्हें अपना संरक्षक मानते थे। उनके निधन से श्रमिक जगत को जो क्षति पहुंची है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है।

### दिव्यांग से कार्ड लूट कर डेढ़ लाख निकाले

**फरीदाबाद।** मुजेसर थाने के संजय कॉलोनी में रहने वाली एक दिव्यांग से बदमाशों ने डेबिट कार्ड लूट कर लाखों रुपये की निकासी व खरीदारी कर ली। दिव्यांग ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस जांच में जुटी है। दिव्यांग सुरेश पुत्र छांगूर ने बताया कि वह गली नंबर 16 में 33 फुट रोड संजय कॉलोनी में रहते हैं। वह सोमवार को एक्सिस बैंक स्थित एक एटीएम से पैसे निकालने गए थे। एटीएम के पास चार युवक पहले से खड़े थे। दो युवक दिव्यांग के पहले व दो उनके पीछे एटीएम में लाइन में खड़े हो गए। पीछे वाले युवक ने जल्दी पैसे निकालने की बात कह कर उनका पासवर्ड चुरा लिया। इसके बाद उनके साथ मारपीट कर डेबिट कार्ड लूट कर फरार हो गए। इसके बाद डेबिट कार्ड का कई स्थानों पर प्रयोग कर करीब एक लाख 40 हजार रुपये की निकासी कर ली।

## आवास एवं शहरी नियोजन मंत्री ने की जीडीए व आवास विकास परिषद की समीक्षा बैठक

# मेट्रो थर्ड फेस के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगीः गिरीश चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास नियोजन राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने बुधवार को यहां कहा कि गाजियाबाद में मेट्रो के थर्ड फेस के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेट्रो या अन्य योजनाएं जिनमें धन की कमी आड़े आ रही है इस संबंध में वह प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से वार्ता करेंगे और इन योजनाओं को पूर्ण करने के लिए धन की मांग की जाएगी।

बुधवार को जीडीए सभागार में पहले उन्होंने जीडीए की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने जीडीए द्वारा चलाई जा रही सभी योजना विकास योजना परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को कहा कि वे जो योजनाएं अधूरी है उन्हें समय सीमा के अंदर पूरा करें साथ ही मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पारदर्शिता व भ्रष्टाचार रहित के रूप में योजनाओं को पूर्ण करें।

### स्वच्छता को व्यवहार में लाने के लिए जन सहभागिता जरूरीः सुरेश खन्ना

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षामंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को यहां कहा कि स्वच्छता हर दृष्टि से आवश्यक है। प्राथमिकता के तौर पर स्वच्छता को व्यवहार व आदत में लाने के लिए जनसहभागिता का माहौल बनाना जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता को लेकर जिला गाजियाबाद की पहचान बरकरार बनाए रखने के लिए जोर दिया। जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से उन्होंने 30 नवंबर को वृहद स्तर पर स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। सुरेश खन्ना कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ले रहे थे।

### खास बात

- मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पारदर्शिता व भ्रष्टाचार रहित के रूप में योजनाओं को पूर्ण करें : यादव



### भवनों की गुणवत्ता भी जांची

बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष सचिव संतोष कुमार राय विशेष अधिकारी एसके चौबे तथा संजय कुमार समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद उन्होंने जीडीए की चंद्रशिला योजना का भौतिक निरीक्षण किया और बनाये गए भवनों की गुणवत्ता भी जांची।

### बोले मंत्री

### विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा

यादव ने कहा कि यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालय में चल रहे वादों के कारण यदि कोई योजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं तो अदालतों में अधिकारी में अपने पक्ष मजबूती के साथ रखें और जल्द से जल्द विवादों का निस्तारण कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वित्त से संबंधित कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी और विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना को भी कहा कि इस योजना को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएं। इसके बाद उन्होंने आवास एवं विकास परिषद की समीक्षा बैठक की और सभी योजनाओं को तत्काल में समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा।

## झुग्गियां तोड़ने के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला मार्च

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद सेक्टर-4 पटेल नगर में सिंचाई विभाग द्वारा मंगलवार को की गई तोड़फोड़ के विरोध में बुधवार को हजारों झुग्गी वासियों ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता बलजीत कौशिक, दिवंगत विकास चौधरी के अनुज गौरव चौधरी, झुग्गी-झोपड़ी के प्रधान हरिलाल गुप्ता कर रहे थे।

इस अवसर पर दोनों ही नेताओं ने डीआरओ के मार्फत प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी सेक्टर-4 आर पटेल नगर से पैदल विरोध मार्च करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर उपस्थित प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जुमलेबाज सरकार ने वोट हथियाकर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को बसाने का काम किया है। जबकि भाजपा ने सिर्फ उजाड़ने का। उन्होंने कहा कि अभी सरकार के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटे बीते थे कि अधिकारियों ने अदालत द्वारा दिए गए स्टे के बावजूद बिना किसी सूचना के गरीबों के आशियानों को उजाड़ दिया। इस सर्दी के मौसम में हजारों परिवार बिना छत के सड़कों पर आ गए है, जोकि मानवता को शर्मसार कर रहा है।

## निगम का अभियान जारी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन का अभियान निरंतर जारी है। निगमायुक्त सोनल गोयल के द्वारा निगम के सफाई व इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलाकर गठित की गई टीमों ने गत रात और आज दिन भर अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग जारी रखी है और प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों के विरूद्ध एनजीटी नियमों के तहत कार्रवाई भी की। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम प्रशासन शहर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने और फरीदाबाद को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कृतसंकल्प है और ऐसा होने तक निगम प्रशासन चैन से नहीं बैठेगा।

उन्होंने बताया कि खुले में पड़ी हुई भवन सामग्री से संबंधित 761 निरीक्षण किए, जिसमें 144 लोगों से छह लाख, सत्तर हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### पराली जलाने वालों पर की कड़ी कार्रवाई

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा कचरा तथा पराली जलाने वालों और पर्यावरण प्रदूषण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों की 85 टीमें स्मॉग तथा प्रदूषण नियंत्रण उपायों के क्रियान्वयन पर निगरानी रख रहीं हैं। मंगलवार को लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि के पर्यावरण प्रदूषण संबंधी चालान काट कर जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा 63 साइटों को चेक करके रिपोर्ट चंडीगढ मुख्यालय भेजी गई है। यह जानकारी जिला उपायुक्त अतुल कुमार ने दी।

## जताया विरोध



फरीदाबाद। बुधवार को फरीदाबाद के अधिवक्ताओं ने दिल्ली पुलिस का पुतला फूंका।

## सीवर ओवरफ्लो, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पिछले 15 दिनों से बहरामपुर खटौला मार्ग पर सीवर ओवरफ्लो होने से जलजमाव हो रहा है। यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर गंदा बदबूदार पानी जमा होने से परेशानी हो रही है।

सीवर ओवरफ्लो की समस्या पिछले 15 दिनों से हो रही है। इस ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। राजेश पटेल ने बताया है कि क्षेत्र के लोगों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सीवर समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। मार्ग पर जगह जगह गंदा पानी जमा होने से बदबू फैली हुई है। संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी भय बना हुआ है।

उन्होंने प्रशासन से सीवर ओवरफ्लो समस्या को दुरुस्त करने की मांग की है।

## हिंडन एयरपोर्ट से हुबली के लिए उड़ान शुरू



**गाजियाबाद।** पिथौरागढ़ के बाद हिंडन एयरपोर्ट से बुधवार को कर्नाटक के हुबली के लिए भी उड़ान शुरू हो गई। यात्रियों ने बुधवार को स्टार एयर एवियेशन कंपनी के 50 सीटर विमान से हुबली के लिए उड़ान भरी। एयरपोर्ट अथॉरिटी और स्टार एयर के अधिकारियों ने विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही हिंडन से देश के कई अन्य शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। बता दें कि आठ मार्च, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंडन एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। करीब आठ माह के इंतजार के बाद 11 अक्टूबर को हिंडन से पहला विमान पिथौरागढ़ के लिए उड़ा था। बुधवार को हिंडन से हुबली के बीच उड़ान सेवा शुरू हो गई।

पहले स्टार एयर का 50 सीटर विमान हुबली से यात्रियों को लेकर हिंडन एयरपोर्ट पहुंचा इसके बाद अधिकारियों ने हिंडन एयरपोर्ट पर दीप प्रज्वलन कर फ्लाइट की औपचारिक शुरुआत की और हुबली के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अन्तर्राज्यीय वाहन लूट गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना पुलिस ने बुधवार को दिल्ली एनसीआर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 16 मोटरसाइकिल व दो स्कूटी बरामद की है। यह लोग मोटर साइकिल लूटने के बाद उनके नंबर प्लेट बदल देते थे और फर्जी कागजात तैयार करा कर उनको बेच देते थे। एसपी सिटी मनीष मिश्रा ने बुधवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर खोड़ा पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके नाम शाहनवाज उर्फ संजू, आरिफ, रेहान, सलमान व सुशील कुमार है। यह सभी गाजीपुर में मुल्ला कॉलोनी के रहने वाले हैं। मिश्रा ने बताया कि ये लोग वाहन को लूटने के बाद सबसे पहले उनकी नंबर प्लेट बदलते थे और उसके बाद उनके फर्जी कागजात तैयार कराकर उनको बेच देते थे। उन्होंने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लोग वाहनों को बेचने से पैसे मिलते थे उससे ऐशोआराम करते थे। वह अपनी प्रेमिकाओं के साथ गोवा जाने की तैयारी में थे।

- दिल्ली/एनसीआर में सक्रिय था गिरोह
- 16 मोटर साइकिल व दो स्कूटी बरामद
- प्रेमिकाओं के साथ गोवा जाने की तैयारी में थे

### वांछित बदमाश साथियों सहित घिरा, लेकिन पुलिस पर गोलीबारी कर भाग निकला

**नोएडा।** एक भाजपा नेता की हत्या समेत कई मामलों में वांछित एक लाख रुपये के इनामी बदमाश आशु तथा उसके साथियों को पुलिस ने मंगलवार को तड़के थाना बादलपुर क्षेत्र में घेर लिया लेकिन ये लोग पुलिस पर गोलीबारी कर भाग गए।

## श्रमिकों में बढ़ती अशांति को लेकर टीयूसी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम



गुरुग्राम। बुधवार को उपायुक्त से मिलने के इंतजार में बैठे श्रमिक नेता।

औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में कंपनी प्रबंधनों के प्रति पनप रहे रोष को लेकर श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेड यूनियन काउंसिल ने बुधवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की है कि आईएमटी मानेसर स्थित औद्योगिक क्षेत्रों बिनौला, बावल व उद्योग विहार तथा औद्योगिक क्षेत्रों स्थित कई प्रतिष्ठानों की प्रबंधन श्रमिकों के साथ गलत व्यवहार कर रही हैं। उन्हें जबरदस्ती आर्थिक मंदी का हवाला देकर नौकरी से निकाला जा रहा है। काउंसिल के सक्रिय सदस्य कामरेड अनिल पंवार, सुरेश गौड़, कुलदीप जांघू, सतबीर सिंह ने दर्जनों श्रमिकों के हस्ताक्षरों से युक्त एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपते हुए मांग की कि श्रम कानूनों की अवहेलना करते हुए होण्डा मोटर्स ने सैकड़ों कैजुअल श्रमिकों को नौकरी से निकालने के लिए फरमान जारी किया हुआ है, ये सभी श्रमिक कंपनी परिसर में डेरा डाले पड़े हैं। उपायुक्त ने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक अशांति नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि जिन प्रतिष्ठानों में श्रमिक विवाद चल रहे हैं, उनका शीघ्र निपटारा कराया जाए, ताकि श्रमिक शांति बनी रहे।

### श्रमिकों से मिला सीटू का प्रतिनिधिमंडल

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर स्थित होंडा मोटर्स प्रबंधन द्वारा नौकरी से निकाले गए श्रमिकों से श्रमिक संगठन सीटू का प्रतिनिधिमंडल मिलने पहुंचा और उन्हें न्याय की लड़ाई में पूरा सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। श्रमिक नेता कामरेड सतबीर सिंह, बलबीर सिंह ने कहा कि आर्थिक मंदी के नाम पर होंडा प्रबंधन ने कार्यरत ठेकेदार के सैकड़ों श्रमिकों को नौकरी से निकाला हुआ है। कंपनी के ठेकेदारों द्वारा काम न होने का बहाना बना कर नोटिस लगा कर श्रमिकों से कहा गया कि तीन महीने के लिए घर चले जाएं या हिसाब ले लें, जब काम होगा तो बुला लिया जाएगा। श्रमिक नौकरी वापसी को लेकर कंपनी परिसर में डटे हुए हैं। श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने की कार्रवाई

# निगम अधिकारियों ने दुकान की सील, दुकानदारों ने किया चार घंटे तक हंगामा

**दुकानदारों ने मांग की कि सरकार स्पिंकिंग ऑर्डर जारी करे और सुनवाई का मौका दे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हाईकोर्ट के आदेश के पर आवासीय सेक्टर-9-10 की डिवाइडिंग रोड पर नगर निगम का दस्ता भारी पुलिस बल के साथ बुधवार दोपहर सीलिंग करने पहुंच गया। एक दुकान सील करते ही दुकानदारों ने हंगामा कर दिया। करीब चार घंटे तक हंगामा चलता रहा। आखिर में दुकानदारों ने ज्वाइंट कमिश्नर के माध्यम से सरकार से मांग की कि सरकार स्पिंकिंग ऑर्डर जारी करे और हमें सुनवाई का मौका दिया जाए। यदि पॉलिसी रद की गई है तो दुकानदारों द्वारा कवर्जन पॉलिसी के तहत जमा कराए गए पैसे वापस करे। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता बैरंग लौट गया। दुकानदारों का ये भी कहना है कि



निगम दस्ता बगैर किसी पूर्व नोटिस के सीलिंग करने पहुंच गया। फिलहाल अब मामला सरकार के पाले में है। बता दें कि आरडब्ल्यूए सेक्टर 10 जे ब्लाक ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कहा था कि लोग बड़ी संख्या में आवासीय क्षेत्रों में डिवाडिंग रोड की ओर गेट खोलकर कमर्शियल गतिविधियां चला रहे हैं। इससे पार्किंग आदि की समस्या होती है। इसी तरह का एक मामला वर्ष 2015 में योगेंद्र सिंह बनाम स्टेट ऑफ हरियाणा का भी कोर्ट में विचाराधीन है। हाईकोर्ट ने सात फरवरी 2019 को मामले की सुनवाई करते हुए निगम प्रशासन को अवैध रूप से चल रही दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसमें सेक्टर 9-10 व 11-12 डिवाइडिंग रोड पर दुकानें, ढाबे, फार्म हाउस आदि हैं। फरवरी में सीलिंग की कार्रवाई के बाद लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने दुकानदारों के हित को ध्यान में रखते हुए एक पॉलिसी लाई गई। जिसके तहत दुकानदारों से कनवर्जन पॉलिसी के तहत शुल्क जमा कराने के बाद उन्हें रेगुलराइज कर दिया जाए। सरकार ने हाईकोर्ट में पॉलिसी को लेकर हलफनामा दायर किया था जिस पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया। इसके पहले सरकार की पॉलिसी आते ही बड़ी संख्या में दुकानदारों ने लाखों रुपए कनवर्जन चार्ज निगम को जमा करा चुके हैं। सेक्टर 7/10 मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान वासुदेव अरोड़ा ने बताया कि यहां के दुकानदारों ने निगम को करीब दो से ढाई करोड़ रुपए जमा करा चुके हैं।

## धोखे से बुलाया और तीन तलाक बोलकर भागा पति

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में तीन तलाक का मामला सामने आया है। इस बार पति ने पत्नी को धोखे से तीन तलाक देकर भाग गया है।

जानकारी के अनुसार पति ने पत्नी के भाई को मारने की धमकी देकर उसे तलाक के पेपर साइन करा लिया। यह मामला ग्रेटर नोएडा के दादरी के नई आबादी का है। एक युवक ने पत्नी के भाई को जान से मारने की धमकी देकर उससे जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने दादरी कोतवाली में पति समेत तीन के खिलाफ तहरीर दी है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया नौ जनवरी 2016 को उनका निकाह नई आबादी निवासी युवक से हुआ था। पीड़िता के दो वर्ष का बेटा भी है।



पति की प्रताड़ना से परेशान महिला पिछले दो माह से अपने भाई व मां के साथ रह रही थी। आरोप है मंगलवार को महिला अपनी मां के साथ घर से बाजार जा रही थी, तभी आरोपित ने उन्हें डराया धमकाया और पीड़िता के भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए कुछ स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करा कर तीन बार तलाक बोल दिया। इस बात से पीड़िता परेशान हो गई।

## नायडू बोले-गुरुदेव की शिक्षाएं मानवता के लिए कल्याणकारी

# हरियाणा-पंजाब ने संयुक्त विस सत्र में गुरुनानक देव को नमन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को पंजाब विधानसभा में हरियाणा और पंजाब के विधायकों ने संयुक्त में गुरु नानक देव जी को नमन किया। विशेष सत्र को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने संबोधित किया। उन्होंने सभी और खासतौर से युवाओं को गुरु नानक देव की शिक्षाओं पर चलने को कहा। उन्होंने कहा उनकी शिक्षाएं समस्त मानवता के लिए कल्याणकारी हैं। उन्होंने सदैव मानवता की राह दिखाई है। नायडू ने आशा जताई कि करतारपुर कॉरिडोर विश्वभर में शांति, सद्भावना व मानवता का पैगाम देगा। बता दें कि वैंकेया नायडू ने पंजाबी भाषा में संबोधन की शुरुआत की। एक ही छत के नीचे संयुक्त पंजाब का नजारा दुर्लभ और अपने आप में ऐतिहासिक क्षण संजोये हुए था। अक्सर क्षेत्र, भाषा, एसवाईएल के पानी पर सियासत कर उलझने वाले वाले तमाम सियासी दिग्गज तमाम बातों से दूर आस्था के समुद्र में डुबकी लगाते हुए नजर आए। इस दौरान उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू बतौर मुख्यातिथि पहुंचे हुए थे, जबकि उसी मंच पर पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमनोहन सिंह भी विराजमान थे। पंजाब विधानसभा के अंदर पहले से पंजाब के माननीय विधायकों के साथ-साथ पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह और राज्यपाल वीपी बदनौर, स्पीकर पंजाब सभी का स्वागत करने के लिए मौजूद थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल अपने विधायकों के साथ में यहां पर पहुंचे। सीएम और राज्यपाल हरियाणा सत्यदेव आर्य



### करतारपुर कारीडोर एक सुखद और शांति का संदेश

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने इस मौके पर कहा कि करतारपुर कारीडोर एक एतिहासिक फैसला है, जो दोनों देशों के लिए शांति और तरक्की के नए द्वार खोल सकता है। लेकिन इशारों ही इशारों में साफ कर दिया कि टेंशन रखने से किसी भी देश का कोई फायदा व तरक्की होने वाले नहीं हैं, इसीलिए शांति के साथ तरक्की के रास्ते पर चलना जरूरी है। उन्होंने भविष्य के लिए इतिहासको संजोकर रखने की सलाह दी और कहा कि भारत के आध्यात्मिक प्रकाश से सारी दुनिया रोशन हुई है। नायडू ने गुरु नानक देव को भारत के सबसे लोकतांत्रिक आध्यात्मिक नेताओं में एक थे- पहले सिख गुरु की सीख को जीवन में आत्मसात किया जाए तो शांति तथा सतत विकास की नयी दुनिया बन सकती है । गुरु नानक देव की 550 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में नायडू ने कहा कि सिख पंथ के संस्थापक का दृष्टिकोण समय-काल से परे है और पांच शताब्दी पहले उसकी जितनी अहमियत थी, आज भी उतनी ही प्रासंगिकता है।

को उस मंच पर स्थान दिया गया, जहां पर उपराष्ट्रपति और पूर्व पीएम डा. मनमोहन सिंह, पंजाब के राज्यपाल बैठे हुए थे। हरियाणा के स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और अन्य अतिथियों को एक अन्य पास के मंच पर स्थान दिया गया था। हरियाणा के सभी माननीय भाजपा, कांग्रेस, जजपा एक साथ मिलकर पंजाब की विधानसभा में पहुंचे। इस दौरान पंजाब की ओर से सभी को बेहद सम्मान के साथ में बैठाया गया। बेहतरीन ढंग से सजाए गए पंजाब विधानसभा परिसर में विधायकों की सहूलियत के लिए कई एलईडी लगायी गईं थीं। देश के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू बोलने खड़े हुए, तो पंजाबी, हिंदी और अंग्रेजी में अपनी बात रखकर लोगों का दिल जीत लिया, विधायकों ने कई बार मेजे थपथपाकर और तालियां बजाकर उनका समर्थन व स्वागत किया। बरसों बात में शायद इस तरह का मौका होगा, जब दोनों राज्यों के सभी विधायक पंजाब की छत के नीचे एकत्र हुए

### पंजाब के मुख्यमंत्री बोले जी आयां नूं

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने हरियाणा, पंजाब सभी के विधायकों, मंत्रियों और सियासी दिग्गजों, अफसरों सभी को जी आयां नूं कहा साथ ही दोनों सूबों की तरक्की के लिए दुआ की बात रखते हुए कहा कि गुरुनानक देव जी की बतायी शिक्षा को अगर हम दिल से ग्रहण कर लें, तो किसी तरह का कोई विवाद ही बाकी नहीं बचे। महिलाओं को सम्मान-मान, जल संरक्षण, प्रदूषण,. पर्यावरण सभी बातों को लेकर कितने वक्त पहले उन्होंने दिशा दे दी थी। पंजाबी में मंच संचालन कर रहे ब्रहम महेंद्रा के अलावा पंजाब के स्पीकर राणा केपी, सीएम पंजाब ने उपराष्ट्रपति सहित सभी को स्मृति चिन्ह और पुस्तकें भेंट की।

हों। सवा दो सौ से ज्यादा माननीयों के बैठने का प्रबंधन पंजाब की विधनसभा में हैं, इसीलिए सभी विधानसभा के अंदर पंजाब के विधायकों के सामने नीचे ही बैठे हुए थे। हरियाणा की ओर से सीएम भूपेंद्र सिंह हुडडा के अलावा नेता विपक्ष, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल एक स्थान पर बैठे हुए थे। इसी सदन में लोकदल विधायक अभय चौटाला, किरण चौधरी अनिल विज, नैना चौटाला के अलावा रंजीत सिंह समेत तमाम पुराने व नए सियासी दिग्गज विधायक सदन में मौजूद रहे। दर्शक दीर्घा और प्रेस गैलरी में भी हरियाणा की ओर से प्रतिनिधियों ने पूरे नजारे और कार्यक्रम का आनंद लिया।

## हरियाणा को देश के सर्वश्रेष्ठ पशुपालक राज्य का पुरस्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा को वैश्विक कृषि पुरस्कार, 2019 के तहत सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य का पुरस्कार हासिल करने का गौरव प्राप्त हुआ है। प्रदेश को यह पुरस्कार पशुपालन क्षेत्र और किसान की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर व्यापक सकारात्मक प्रभाव डालने वाली महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों के लिए दिया गया है, जिसने कृषि क्षेत्र के विकास में मदद की है और लाखों किसानों के जीवन को प्रभावित किया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रवक्ता ने बुधवार यह जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन एवं डेरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुनील कुमार गुलाटी ने 5 नवम्बर को दिल्ली में भारतीय चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर द्वारा आयोजित चतुर्थ ग्लोबल एग्रीकल्चर समिट, 2019 में यह पुरस्कार प्राप्त किया।

## पत्नी की हत्या कर आरोपित ने खुद को कमरे में किया बंद

**चंडीगढ़।** मलोया कालोनी में पति-पत्नी के बीच दहेज को लेकर हुए विवाद के बीच पति ने पत्नी की की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान शीतल के रूप में हुई। वहीं आरोपित पति की पहचान 25 वर्षीय अनूप सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को दरवाजा तोड़कर पकड़ा। वह हत्या के बाद दरवाजा बंदकर अपने कमरे में ही बैठा था। गिरफ्तारी के दौरान मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो बना ली, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। घरेलू कलह को लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़े होते थे। अनूप सिंह अपनी पत्नी शीतल के साथ मलोया कालोनी के मकान नंबर 3651 में रहता था। अनूप सिंह अक्सर शीतल को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। मंगलवार को दोनों में फिर से विवाद हुआ। गुस्साए अनूप ने शीतल का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस महिला को पीजीआइ ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत करार कर दिया।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सविता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़की जिसका नाम **सविता, पुत्री** कमल सिंह, **पता**– माकन नं जे–1275, स्वरूप नगर, दिल्ली। उक्त लड़की दिनांक 12.10.2019 से पुलिस थाना स्वरूप नगर के क्षेत्र से गुमशुदा/अपहृत है। इस संबंध में **डी डी नं –02ए दिनांक 13.10.2019, को पुलिस थाना स्वरूप नगर, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा/अपहृत लड़की का विवरण इस प्रकार है:

**नाम:** सविता, **लिंग:** स्त्री, **उम्र:** 18 वर्ष **कद:** 5′, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शारीरिक गठन:** साधारण, **पहनावा:** पीले रंग का सूट, लाल रंग का सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुआ है।

इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी स्वरूप नगर दिल्ली को सूचित करे।

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, स्वरूप नगर, दिल्ली
फोन न.: 011-27811415, 27811738

DP/744/ON/19



**SAI CAPITAL LIMITED**
CIN : L74899DL1995PLC069787
Registered Office: G-25, GROUNDFLOOR, RASVILAS SALCON D-1, SAKET DISTRICT CENTRE, SAKET, NEWDELHI, SOUTH DELHI -110017
E-mail ID:saicapitallimited@hotmail.com / cs@saicapital.co.in
Website : www.saicapital.co.in

**NOTICE**

Notice is hereby given, pursuant to Regulation 47 read with Regulation 29 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of Sai Capital Limited ("the Company") will be held on Thursday, 14th November, 2019, at the registered office of the Company inter alia, to consider and approve the Un-Audited Financial Results of the Company for the Quarter and half year ended 30th September, 2019.

The information contained in this notice is also available on the Company's website i.e. www.saicapital.co.in and on the websites of Stock Exchanges where the Company's shares are listed i.e BSE Limited (www.bseindia.com).

For Sai Capital Limited
Sd/-
Nitin Gupta
Company Secretary & Compliance Officer

Date:06.11.2019
Place: New Delhi



**तरंगिनी इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड**
CIN : L67190DL1982PLC013486
पंजी. कार्यालय : के–37/ए, बेसमेंट, कैलाश कॉलोनी, निकट कैलाश कॉलोनी मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली–110048
Email Id: tarangini0123@gmail.com;
website: www.taranginiinvestmentsltd.com

**बोर्ड बैठक की सूचना**

सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के साथ-साथ सीमित समीक्षा रिपोर्ट पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक (4/2019-20) बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को अप. 2.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जानी निर्धारित है।

इसके अतिरिक्त अनाधिकृत व्यापार निषेध हेतु कम्पनी की आचार संहिता के तहत ट्रेडिंग विंडो प्रवर्त्तकों, निदेशकों, पदनामित कर्मचारियों और संहिता के तहत कवर्ड सभी व्यक्तियों के लिये 10 नवम्बर 2019 से 16 नवम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) अर्थात् वित्तीय परिणाम के प्रकाशन के पश्चात् 48 घंटों हेतु बंद रहेगी।

उपरोक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.taranginiinvestmentsltd.com अथवा स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.msei.in पर देखी जा सकती है।

बोर्ड के निर्देशानुसार
कृते तरंगिनी इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
रचना खेतान
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 06982598
पता : म. नं. 15, प्रथम तल, सेक्टर–14, गुड़गांव–122001, हरियाणा

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07 नवम्बर 2019


## डेरामुखी की जान को खतरा बताने वाली याचिका खारिज

### याचिकाकर्ता पर 50 हजार जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




- रोहतक सेशन जज की रिपोर्ट, जेल में सुरक्षा की पूरी व्यवस्था
- मोहित गुप्ता ने लगाई थी हाईकोर्ट में याचिका

रोहतक की सुनारियां जेल में डेरा मुखी गुरमीत सिंह राम-रहीम ने केवल पूरी तरह से सुरक्षित हैं बल्कि स्वस्थ भी हैं यह जानकारी रोहतक के सेशन जज ने बुधवार को हाईकोर्ट को दी है साथ ही बताया गया है की जिस बैरक में डेरा मुखी को रखा गया है वहां उनकी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं, हाईकोर्ट ने कहा कि जेल अधीक्षक की रिपोर्ट पर सवाल खड़े हो सकते थे सिर्फ इसीलिए रोहतक के सेशन जज से यह रिपोर्ट मंगवाई गई है

रोहतक के सेशन जज के अलावा सुनारियां जेल के अधीक्षक ने भी हाई कोर्ट को यही जानकारी दी है इस जानकारी के बाद जेल में डेरा मुखी की सुरक्षा को खतरा बताते हुए डेरे के हस्पताल के ही एक डॉक्टर मोहित गुप्ता द्वारा दायर याचिका हाई कोर्ट ने सिर्फ आधारहीन बताते हुए सिरे से खारिज कर दी बल्कि याचिकाकर्ता पर इस तरह की आधारहीन याचिका दायर किए जाने पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगा जुर्माने की यह राशि हरियाणा लीगल सर्विस अथॉरिटी के खाते में जमा करवाए जाने के आदेश दे दिए हैं हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से जुर्माना न लगाए जाने का आग्रह किया गया लेकिन हाई कोर्ट ने कहा की अगर इस याचिका पर जुर्माना नहीं लगाया गया तो डेरे के हजारों समर्थक हैं जो इसी तरह की मांग को लेकर याचिकाएं दायर कर सकते हैं उस रोक लगाया जाना बेहद जरूरी है

## सीबीआई ने लुधियाना व अमृतसर में औद्योगिक ठिकानों पर दी दबिश

- टीमों ने बैंक के लोन न चुकाने को लेकर छापे मारे

**लुधियाना/अमृतसर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीमों ने पंजाब में ताबड़तोड़ छापे मारे। सीबीआइ ने बैंकों से लोन लेकर वापस न करने वाले डिफाल्टरों के औद्योगिक ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। टीम ने लुधियाना में दस जगह पर दबिश दी गई है। अमृतसर में भी सीबीआइ टीम ने कई ठिकानों पर छापे मारे। इस कार्रवाई से उद्यमियों में हड़कंप मच गया। यह कार्रवाई आज भी जारी रह सकती है। लुधियाना में शराब कारोबारी एवं टेक्सटाइल के प्रमुख औद्योगिक घरानों के परिसरों अधिकारियों ने दस्तावेज खंगाले। दिल्ली से आई टीम ने शादी में जाने की बात कहकर टैक्सी स्टैंडों से 20 टैक्सियां मंगवाई थीं। सुबह से शाम तक चली कार्रवाई में उद्यमियों के स्वजनों, मुलाजिमों से पूछताछ भी की गई। अधिकारियों की कार्रवाई देररात तक जारी रही। उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी देने से इंकार कर दिया। सीबीआई अधिकारियों ने दो सरकारी गाडिय़ों का ही उपयोग किया, बाकी गाडियां टैक्सी स्टैंड से मंगवाई थी। टीम में एक महिला अधिकारी समेत 20 सदस्य थे। लुधियाना में सीबीआइ टीम ने तौलिया एवं यार्न बनाने वाले टेक्सटाइल ग्रुप के जीटी रोड स्थित इकाई एवं सराभा नगर में निवास के अलावा कई ठिकानों पर छापेमारी की। ग्रुप ने देश के बैंकों से करोड़ों का कर्ज लिया है, लेकिन वापस नहीं किया। साथ ही फंड को दुबई और अन्य जगहों पर डायवर्ट कर दिया। दस्तावेजों में हेराफेरी करके सरकारी इंसेंटिव भी हासिल किए हैं। कुछ फर्जी यूनिट बनाकर भी लोन लिया गया, जिसकी जांच की जा रही है।

### शराब कारोबारी चन्नी के घर से जब्त किया रिकार्ड

लुधियाना में शराब कारोबारी बजाज ग्रुप के संचालक चरणजीत सिंह चन्नी बजाज के सराभा नगर समेत तमाम ठिकानों पर दबिश दी। घर से शाम साढ़े पांच बजे निकले एक अधिकारी ने बताया कि कुछ रिकार्ड जब्त किया गया है जिसकी रिपोर्ट दिल्ली हेडक्वार्टर को देनी है।

### अमृतसर में वीरू मल मुल्खराज शैलर पर दबिश

अमृतसर में जंडियाला के धीरकोट गांव स्थित वीरू मल मुल्खराज राइस शैलर परिसर में दबिश देकर जांच की। छह अधिकारियों वाली टीम ने बंद पड़े शैलर के विभिन्न गोदामों को देखा और इसके बाद मामले से जुड़े रिकार्ड को भी खंगाला। मामले से जुड़े पंजाब नेशनल बैंक का ब्योरा भी हासिल किया। अप्रैल 2018 में सामने आए करोड़ों रुपये की ठगी के मामले को विजिलेंस ब्यूरो को सौंपा गया था। राइस मिल के मालिक गुलशन जैन ने बैंक को करीब 200 करोड़ और पंजाब सरकार को करीब 40 करोड़ रुपये का चूना लगाया था। गुलशन जैन और उसकी पत्नी, बेटे और बहू पर केस दर्ज होने के बाद से ही वे देश छोड़ कर फरार हो चुके हैं।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



रानी कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **रानी कुमारी, पुत्रीः इन्द्र देव, पताः ए–31, गली नं. 13, दास गॉर्डन, बापरोला विहार, रनहोला, दिल्ली जोकि दिनांक 14.10.2019 से पुलिस थाना क्षेत्र रनहोला, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है।** इस सन्दर्भ में **FIR No. 643/19 dated 16.10.2019 u/s 363 IPC** पुलिस थाना, रनहोला, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश करने की कोशिश की गई मगर कुछ पता नहीं चला। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़की की पहचान दी गई है:

**नामः रानी कुमारी, उम्रः 16 वर्ष, कदः 4′, चेहराः गोल, रंगः सांवला, पहनावाः काला सूट–सलवार और पैरों में लाल चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, रनहोला, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, रनहोला, दिल्ली

DP/2819/OD/19 फोनः 011-28363001, 28363002, 28363003


## पठानकोट में कार की चपेट में आई दो बहनें, एक की मौत एक घायल

**पठानकोट।** दो बहनों में से एक की लड़की कार की चपेट में आने से मौत हो गई है। हादसे में दूसरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए पठानकोट के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घायल रजनी निवासी जंडवाल ने अपने बयान में बताया कि वह अपनी बहन किरन बाला के साथ हरियाल अपने मायके गई हुई थी। वह दोनों हरियाल शहर के बाजार से खरीदारी करने गई थी। जब वह हरियाल के एक सरकारी प्राइमरी स्कूल के पास पहुंची। बस से उतरकर घर की ओर जाने लगी तभी पीछे से तेज रफ्तार मारुति बलेनो कार ने उन्हें पीछे से जोर से टक्कर मार दी। इससे वे सड़क के किनारे खेतों में जाकर गिरीं तथा दोनों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर चालक अपनी कार वहीं छोड़ कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलावस्था में दोनों बहनों को मामून स्थित अस्पताल में ले जाया गया। यहां पर किरण देवी (45) पत्नी विजय कुमार निवासी कठुआ की मौत हो गई। जबकि, थाना मामून कैंट के एएसआई केवल सिंह ने बताया कि घायल महिला के बयान के आधार पर कार चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। कब्जे में ली गई कार के आधार पर आरोपित की पहचान सुभाष चन्द्र पुत्र बसन्त सिंह निवासी तरहेटी के रूप में हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



## जींद में ट्रक-कार टकराए तीन लोगों की जान गई

**बारात में शामिल होने जा रहे थे तीनों युवक**

**जींद।** रामराये और गुलकनी गांव के बीच बीती रात ट्रक और कार में हुई भीषण टक्कर में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। कार सवार युवक जींद बारात में आए थे। इनमें में ममेरा-फूफेरे भाई शामिल हैं। सदर थाना पुलिस ने शवों का सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए। परिजनों की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोहम्मदखेड़ा निवासी सचिन (23), गांव सेरदा निवासी सुनील (23) गांव भैणी अमीरपुर निवासी सोनू (19) कार में सवार होकर गांव भैणी अमीरपुर से जींद बारात में शामिल होने के लिए आ रहे थे। गांव गुलकनी तथा रामराये के बीच उनकी कार की सामने से आ रहे ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमे सचिन तथा सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सोनू की पीजीआई ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।


**डिस्टिंक्टिव प्रॉपर्टीज एंड लीजिंग लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नं. 13, स्टिल्ट फ्लोर, देविका टावर, 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
Website:www.distinctiveproperties.co.inEmail Id:distinctivepro1984@gmail.com
Phone: 011 - 4367 5505 CIN: L70101DL1984PLC018194

**30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (सेबी (एलओडीआर) नियमनों 2015 के नियमन 47(1)(बी)**

(राशि लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अर्ध वर्ष | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | 30.06.2019 (अअंकेक्षित) | 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | 30.09.2019 (अअंकेक्षित) | 30.09.2018 (अअंकेक्षित) | 31.03.2019 (अंकेक्षित) |
| प्रचालन से आय कुल आय | - | - | - | - | - | - |
| अन्य आय | - | - | 0.03 | - | 0.03 | 11.09 |
| अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2.40) | (3.78) | (1.66) | (6.18) | (3.98) | (2.02) |
| कर से पूर्व अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2.40) | (3.78) | (1.66) | (6.18) | (3.98) | (2.02) |
| कर के बाद अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2.40) | (3.78) | (1.66) | (6.18) | (3.98) | (1.52) |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (2.40) | (3.78) | (1.66) | (6.18) | (3.98) | (1.52) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 99.73 | 99.73 | 99.73 | 99.73 | 99.73 | 99.73 |
| रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार) | - | - | - | - | - | 740.11 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| 1. बेसिक | (0.24) | (0.38) | (0.17) | (0.62) | (0.40) | (0.15) |
| 2. डायल्युटेड | (0.24) | (0.38) | (0.17) | (0.62) | (0.40) | (0.15) |

**टिप्पणी :**
सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक/अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स www.msei.in पर और कम्पनी की वेबसाइट www.distinctiveproperties.co.in पर उपलब्ध हैं।

कृते डिस्टिंक्टिव प्रॉपर्टीज एंड लीजिंग लिमिटेड
अरूण बहुगुणा
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00471958

दिनांक : 05.11.2019
स्थान : नई दिल्ली



**नीली क्रान्ति**
**हरियाणा सरकार**
**मत्स्य पालन विभाग**

## लवणीय भूमि जल झींगां पालन हेतु आवेदन पत्र का आमंत्रण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना स्कीम के तहत हरियाणा राज्य में वर्ष 2018–19 के अन्तर्गत लवणीय भूमि में झींगा पालन का प्रोजेक्ट में बजट उपलब्ध है। इस प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों / मतस्य किसानों से आवेदन दिनांक 15.11.2019 तक आमंत्रित किये जाते हैं। विभाग द्वारा प्रदान किये जाने वाले अनुदान का मुख्य स्वरूप निम्न प्रकार से है :–

1. **लवणीय भूमि में झींगा पालन।**

इस परियोजना के तहत जिला रोहतक, हिसार, झज्जर, गुड़गांव, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, सोनीपत, फतेहाबाद, मेवात (नूहं), जीन्द, करनाल, सिरसा, पलवल तथा फरीदाबाद के इच्छुक व्यक्ति जिनके पास अपनी भूमि या लम्बी अवधि पर प्राईवेट / लीज भमि उपलब्ध हो तो तालाब निर्माण, खाद खुराक इत्यादि पर प्रार्थी को अनुदान केवल भारत सरकार की दिशानिर्देशानुसार / मापदण्डों (Guidelines) के आधार पर कुल धनराशि 10.00 लाख रु. पर 40 प्रतिशत अनुदान सामान्य वर्ग व 60 प्रतिशत अनुदान कमजोर वर्ग जैसे महिला / अनुसूचित जाति / जन–जाति/सहकारी समिति को प्रदान किया जायेगा तथा शेष बची धनराशि प्रार्थी स्वयं / बैंक द्वारा ऋण लेकर वहन करेगा। प्रार्थी द्वारा सम्बन्धित जिले के जिला मत्स्य अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य किसान एजेंसी के कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करवाना होगा व विभाग के नियम व शर्तों के अनुपालना हेतु एक शपथ–पत्र भी आवेदन पत्र के साथ प्रार्थी द्वारा देना होगा। इच्छुक व्यक्ति इस प्रोजैक्ट हेतु अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित जिला मत्स्य अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य किसान विकास एजेंसी के कार्यालय में दिनांक 15.11.2019 तक जमा करवा दें।

**आवेदन पत्र**

**वर्ष 2018–19 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत लवणीय भूमि में झींगा पालन हेतु आवेदन पत्र**

फोटो

1. प्रार्थी का नाम :
2. पिता का नाम :
3. स्थायी पता (राशन कार्ड, वोटर कार्ड, पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसैंस इत्यादि)
4. प्रार्थी की आयु :
5. लवणीय भूमि जल का विवरण :
क. भूमि की मलकियत (भूमि की फर्द जमाबंदी सहित)
ख. पंचायत से पट्टे पर ली गई भूमि पर तालाब का निर्माण (4 नं. की रसीद व पट्टा अवधि का प्रमाण–पत्र)
6. लवणीय भूमि जल / तालाब का विवरण
क. गांव का नाम :
ख. तालाब का नाम :
ग. तालाब की भूमि का किला नं. :
घ. तालाब की भूमि का क्षेत्रफल :
ड. तालाब का जलक्षेत्र :
7. प्रार्थी की शैक्षणिक योग्यता व अनुभव (दस्तावेजों की छायाप्रति सम्बन्धित जिला मत्स्य अधिकारी से सत्यापित करवाकर) :
8. प्रार्थी द्वारा यह शपथ–पत्र देना होगा कि वह विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार उक्त परियोजना का कार्य 3 वर्षों तक करेगा तथा अनुदान के पश्चात शेष बची धनराशि स्वयं या बैंक से ऋण लेकर वहन करेगा।
9. मत्स्य शिक्षा संस्थान लाहली रोहतक / जलकृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान हिसार द्वारा जारी की गई मिट्टी पानी की निरीक्षण रिपोर्ट।

दिनांक :

प्रार्थी के हस्ताक्षर

मत्स्य अधिकारी
**जिला मत्स्य अधिकारी**

अधिक जानकारी हेतु मण्डल स्तर पर उपनिदेशक, मत्स्य एवं जिला स्तर पर जिला मत्स्य अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य किसान विकास एजेंसी के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं अथवा विभागीय वेबसाइट www.harfish.gov.in पर देख सकते हैं।

**वर्ष 2018-19 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत लवणीय भूमि में झींगां पालन करने हेतु आवेदन की शर्तें :-**

1. आवेदन के पास भूमि निजी या लीज पर होनी चाहिए। लीज अवधि न्यूनतम 3 वर्ष या अधिकतम 8 वर्ष या आगे होनी चाहिए तथा लीज डीड रजिस्टर्ड होनी चाहिए।
2. आवेदकों को सब्सिडी बजट की उपलब्धता के आधार पर दी जाएगी।
3. तालाब का एरिया 1.00 हैक्टेयर होना चाहिए।
4. प्रत्येक लाभार्थी को एक हैक्टेयर पर लाभ का पात्र होगा। यदि आवेदन कम प्राप्त होते हैं तो पात्रता की सीमा एक हैक्टेयर के अनुरूप बढ़ाई जाएगी।
5. आवेदक 21 से 60 की आयु के समूह का होना चाहिए।
6. आवेदक की भूमि जिस पर तालाब खोदा जाना है कि स्पष्ट टाईटल सम्बन्धित राजस्व अधिकारियों से सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा।
7. यदि किसी जिले में निर्धारित लक्ष्यों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो उनका चयन लॉटरी (ड्रॉ) के माध्यम से किया जाएगा।
8. साईट झींगा पालन के लिये तकनीकी रूप से उपयुक्त होनी चाहिए। इस संदर्भ में स्थल की उपयुक्तता हेतु सर्टिफिकेट सी.आई.एफ.ई. सेंटर, लाहली (रोहतक) से प्राप्त किया होना चाहिए।
9. आवेदक हरियाणा का बोनाफाइड निवासी होना चाहिए।
10. सब्सिडी बैंक लोन / स्वयं वित्त पोषण पर प्रदान की जायेगी।
11. किसानों का वित्तीय स्तर लाभपात्रियों के चयन हेतु विचारार्थ होगा।
12. आवेदक नियमों व शर्तों के अनुसार अपने दस्तावेज जमा करवा सकते हैं तथा इस बारे अधिक जानकारी व विस्तृत निर्देशों के लिये सम्बन्धित जिला मत्स्य अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य किसान विकास एजेंसी / जिला मत्स्य अधिकारी के कार्यालय में सम्पर्क करें।
13. अनुदान का विवरण विभाग को प्रदान किये गये बजट पर निर्भर होगा अगर विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होगा वो अनुदान प्रदान करने के लिये विभाग की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
14. यह विज्ञापन व आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.harfish.gov.in पर उपलब्ध है।

निदेशक मत्स्य पालन हरियाणा,
बेज नं. 31–32, सेक्टर–4,
पंचकूला

पीआरडीएच–1041/11/109/1920/79047 दि. 06.11.19

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी पर चढ़कर पकड़ी ओएचई लाइन, युवक मरा

**मथुरा।** यूपी के मथुरा रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर युवक ने पहले तो कुछ देर तक उत्पात मचाया व फिर अचानक ओवर हैड इलेक्ट्रिक लाइन के तार को हाथ से पकड़ लिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस कोतवाली प्रभारी सुबोध कुमार यादव ने बताया कि सोमवार की रात एक बजे अछनेरा की ओर से कासगंज की ओर जा रही खाद के बोरों से भरी मालगाड़ी मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर सात पर खड़ी थी।

### बिजनेमैन की बेरहमी से गला रेतकर हत्या

**जमुई।** जमुई के नवीनगर निवासी और बिजनेसमैन टुनटुन साह 34 वर्ष की अपराधियों ने गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह ग्रामीणों को तब मिली जब जमुई लखीसराय मार्ग के सतायन के समीप युवक की लाश पड़ी देखी। हत्या से गुस्साए लोगों ने जमुई लखीसराय मुख्य मार्ग पर सतायन के समीप जाम कर दिया। युवक नबीनगर बाजार में कपड़े की दुकान चलाता था।

### शराब तस्कर को गिरफ्तार कर ला रहे सिपाही की ट्रेन से कट कर मौत

**सीवान।** सीवान-भटनी रेलखंड के जीरादेई स्टेशन पर बुधवार की सुबह करीब सात बजे ट्रेन की चपेट में आने से जीआरपी के कॉन्स्टेबल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृत कॉन्स्टेबल समस्तीपुर जिले के हसनपुरा थाना क्षेत्र के जरोडिचा निवासी महावीर ठाकुर का पुत्र राजेश कुमार ठाकुर था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जीरादेई स्टेशन पर पदस्थापित सीवान जीआरपी थाने के कॉन्स्टेबल राजेश कुमार ठाकुर शराब तस्कर को पकड़ कर सीवान आ रहे थे। भटनी से छपरा जानेवाली 55010 सवारी ट्रेन लाइन नंबर एक व तीन पर कार्य होने के कारण मेन लाइन पर आ रही थी।

### वकील ने मिश्रा के लिए जेल में मांगी अच्छी सुविधाएं

# पीएफ घोटाला: तीनों आरोपी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सीबीसीआईडी के न्यायिक मजिस्ट्रेट क्षितिज पांडेय ने बुधवार को यूपीपीसीएल के पूर्व प्रबंध निदेशक ए पी मिश्रा, महाप्रबंधक (वित्त) पी के गुप्ता और निदेशक (वित्त) सुधांशु द्विवेदी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) में उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के कर्मचारियों की भविष्यनिधि के 2200 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निवेश करने से जुड़े कथित घोटाले के सिलसिले में तीनों को पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मिश्रा की रिमांड अवधि गुरुवार सुबह 10 बजे से शुरू होगी जबकि बाकी आरोपियों की रिमांड अवधि बुधवार शाम चार बजे से शुरू हुई। मामले में मिश्रा को मंगलवार गिरफ्तार किया गया था जबकि अन्य दो आरोपी तीन नवम्बर को गिरफ्तार किए गए थे। मिश्रा ने अपने वकील प्रांशु अग्रवाल के जरिए अर्जी दाखिल कर अनुरोध किया था कि जेल में उन्हें अच्छी सुविधाएं दी जाएं क्योंकि वह दिल की बीमारी से पीड़ित हैं और प्रतिष्ठित अवध बार एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। मजिस्ट्रेट ने जेल अधिकरियों को निर्देश दिया कि मिश्रा के साथ जेल नियमावली के अनुसार बर्ताव किया जाए।





- मिश्रा की रिमांड अवधि गुरुवार सुबह 10 बजे से शुरू होगी
- बाकी आरोपियों की रिमांड अवधि बुधवार शाम चार बजे से शुरू
- प्रतिष्ठित अवध बार एसोसिएशन के सदस्य मिश्रा दिल की बीमारी से हैं पीड़ित
- दो आरोपी तीन नवम्बर को गिरफ्तार किए गए थे, मिश्रा मंगलवार को दबोचे

### ऊर्जा मंत्री शर्मा सितंबर-अक्टूबर 2017 में दुबई क्यों गए, हो जांच: कांग्रेस

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस ने बिजली विभाग में कथित पीएफ घोटाले पर बुधवार को राज्य के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा पर हमला बोला व कहा कि पीएफ की राशि डीएचएफएल में निवेश करने का मुद्दा केवल भ्रष्टाचार ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा से भी जुड़ा है। ऊर्जा मंत्री को बताना चाहिए कि वह सितंबर-अक्टूबर 2017 में दुबई क्यों गए थे व किससे मिले थे? हालांकि शर्मा ने कहा कि कांग्रेस निराधार बात कर रही है। उप्र कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि ऊर्जा मंत्री शर्मा सितंबर अक्टूबर 2017 में दुबई क्यों गये थे व वहां उनकी किन किन लोगों से मुलाकात हुई थी? इस ट्वीट को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू ने री-ट्वीट किया। लल्लू ने बुधवार को अपने स्वयं के ट्वीट में कहा कि बिजली कर्मचारियों के पीएफ की राशि डीएचएफएल में निवेश करने का मुद्दा केवल भ्रष्टाचार ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा से भी जुड़ा है। ऊर्जा मंत्री बताएं कि वह दुबई क्यों गए थे?



### शिवसेना के नेता पर रेप के प्रयास का केस

**बागपत।** स्थानीय शिवसेना नेता पर गांव की महिला ने कथित रूप से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पंडित को शिवसेना का जिला प्रमुख बताया गया है व शिवसेना के जिला महासचिव मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 23 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि सोमवार रात नौ बजे कुलदीप पंडित ने उसके पति की अनुपस्थिति में कथित रूप से उसके घर में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

### ड्रिल...

रांची। जिला प्रशासन ने बुधवार को भीड़ नियंत्रण और दंगा प्रबंधन ड्रिल किया। ड्रिल के दौरान पुलिस कांस्टेबल और



दिल्ली में प्रदूषण के लिए किसान जिम्मेदार नहीं: शाही

# पराली जलाने पर 166 पर केस, 185 पर जड़ा जुर्माना

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि फसल अवशेष (पराली) जलाये जाने पर 166 किसानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई व 185 किसानों पर जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पराली जलाये जाने पर 2500 रुपये से लेकर 15000 रुपये तक का जुर्माना लगाये जाने का व पुनरावृत्ति होने पर प्राथमिकी दर्ज कराये जाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन न करने पर अब तक राज्य में कुल 586 किसानों को नोटिस जारी किए गए, 166 किसानों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई व 185 किसानों पर 4,75,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभी तक 50 किसानों से 1,30,500 रुपये की वसूली की जा चुकी है। शाही के अनुसार, सरकार द्वारा जारी निर्देशों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में एक लेखपाल को निलम्बित किया गया, लेखपाल पर विभागीय कार्यवाही की गई, जबकि सात लेखपालों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### यूपी में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई



बयान में उन्होंने कहा कि आईसीएआर से प्राप्त रिमोट सेंसिंग की रिपोर्ट अनुसार, यूपी में पराली जलाने की घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 46.9 प्रतिशत की कमी आई है। दिल्ली में प्रदूषण का कारण यूपी में पराली जलाना नहीं है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जनपदों में पराली जलाने की घटनायें नगण्य हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन हेतु मुख्य सचिव स्तर पर निगरानी प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जहां सभी जनपदों से इस संबंध में प्रतिदिन की कार्रवाई की रिपोर्ट प्राप्त की जाती है।



आगरा। प्रदेश में बढ़े प्रदूषण के बीच बुधवार को ताजमहल पर मास्क पहनने नजर आए पर्यटक

### प्रदूषण के पीछे है पाकिस्तान का हाथ: शारदा

**मेरठ।** भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने दिल्ली-एनसीआर में फैले वायु प्रदूषण के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का दावा करते हुए कहा कि खेतों में जल रही पराली से वायु प्रदूषण नहीं होता। भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने बुधवार को कहा कि किसान, उद्योग हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है। किसान व व्यापारी को इतना प्रभावित मत कीजिए। अगर ये दोनों प्रभावित हुए तो मेरा देश चल नहीं पाएगा। पराली जलाने से वायु प्रदूषण नहीं होता। हो सकता है कि यह जहरीली हवा पड़ोसी पाकिस्तान की ओर से छोड़ी जा रही हो जो हमसे घबराया हुआ है। हर बार युद्ध में पड़ोसी देश को मुंह की खानी पड़ी है।

### कैबिनेट का फैसला: 2021 से पटना में डीजल ऑटो नहीं चलेगा



**पटना।** पटना में वायु प्रदूषण कम करने के लिए राज्य सरकार ने अहम फैसला लिया है। राज्य कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में निर्णय लिया कि 31 जनवरी 20121 की मध्य रात्रि से पटना नगर निगम तथा 31 मार्च 2021 की मध्य रात्रि से दानापुर नगर परिषद, फुलवारीशरीफ नगर परिषद व खगौल नगर परिषद क्षेत्र में डीजल चलित ऑटो के परिचालन पर प्रतिबंध होगा। इन क्षेत्रों में सीएनजी व बैट्री चलाने की छूट होगी। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बिहार स्वच्छ ईंधन योजना, 2019 को लागू करने की स्वीकृति दी गई। डीजल-पेट्रोल से चल रहे इन ऑटो को सीएनजी में कन्वर्ट करने के लिए राज्य सरकार 40 हजार तक अनुदान भी देगी। ताकि उन्हें परेशानी नहीं हो। इस पर 30 करोड़ खर्च होंगे। अनुमान के अनुसार दस हजार ऐसे ऑटो होंगे, जो 2021 के बाद पटना में नहीं चल सकेंगे। अगले एक साल में पटना में 15 सीएनजी स्टेशन हो जाएंगे।

## राशिफल 07 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर किसी काम को करने में समस्या होगी। परिवार के किसी सदस्य के खर्चों को रोकने की कोशिश करें। किसी प्रॉपर्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक**: 11, **रंग** : सिल्वर।

**वृष**: अपने एंचीवेंटस को लेकर असंतुष्ठ रहेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। यात्रा पर किसी की कंपनी को एंजॉय करेंगे। धन की समस्या होने पर कोई मदद करेगा। **शुभ अंक**: 1, **रंग**: हल्का लाल।

**मिथुन**: ज्वाइंट फैमिली में समस्या को चालाकी से सुलझाने की कोशिश करें। प्रॉप्रर्टी संबंधित मामलों पर ध्यान देने की ज़रूरत है। कोशिश करने पर काम से छुट्टी मिल सकती है। **शुभ अंक** : 7, **रंग**: मरुन।

**कर्क**: कार्यक्षेत्र पर काम के दबाब के चलते निजी प्लान खराब हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से मिलकर पुरानी यादें ताज़ा होगी। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक**: 8, **रंग**: डार्क ग्रे।

**सिंह**: कार्यक्षेत्र पर अपनी क्षमताओं के चलते चीजे़ करने में कामियाब होंगे। परिवार में कोई खुशखबरी मिल सकती है। कोई खानदानी प्रॉप्रर्टी आपके नाम हो सकती है। **शुभ अंक**: 15, **रंग**: क्रीमसन।

**कन्या**: रिटेल व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ होगा। परिवार में कुछ समस्याएं हो सकती हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। **शुभ अंक**: 3, **रंग**: केसरिया।

**तुला**: परिवार के किसी बड़े सदस्य के खराब मूड को संभालने की कोशिश करेंगे। धन के अभाव के चलते प्रॉप्रर्टी की कोई डील हाथ से निकल सकती है। **शुभ अंक**: 6, **रंग** : गुलाबी।

**वृश्चिक**: कार्यक्षेत्र पर किसी को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। परिवार से दूर रहे लोगों को परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। दोस्तों संग बाहर घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक**: 3, **रंग** : डार्क ब्राउन।

**धनु**: परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। किसी खूबसूरत जगह घूमने जा सकते हैं। किसी प्रॉप्रर्टी को लंबे समय से खरीदने की इच्छा पूरी होगी। **शुभ अंक** : 2, **रंग**: डार्क ग्रे।

**मकर**: कार्यक्षेत्र पर अपने शत्रुओं से सावधान रहें। विदेश जाकर अपने दोस्तों से मिलकर एंजॉय करेंगे। खानदानी प्रॉप्रर्टी को बिल्डर फ्लोर में बदलने से लाभ होगा। **शुभ अंक** : 17, **रंग**: वॉयलेट।

**कुंभ** : मीडिया से जुड़े लोगों को किसी नामी संस्था में मौका मिल सकता है। परिवार में किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं। कोई खानदानी प्रॉप्रर्टी आपके नाम हो सकती है। **शुभ अंक** : 9, **रंग**: कॉफी।

**मीन**: परिवार के किसी समारोह में काफी लंबे समय बाद लोगों से मिलना होगा। किसी लंबी यात्रा पर जाने से बचें। किसी बेफालतू की चीज़ पर धन खर्च कर सकते हैं। **शुभ अंक** : 22, रंग : लेवेंडर।

### : टिप्स :

1. प्रतिदिन कम से कम दस मिनटों तक अपने चूल्हे की ओर भी ध्यान दें। फेंगशुई के अनुसार चूल्हा समृद्धि उत्पन्न करता है और ऐसा विश्वास है कि यह व्यक्ति को आर्थिक रूप से संपन्न बनाता है।
2. अध्ययन कक्ष के दक्षिण-पश्चिम कोने में एक क्वाट्र्ज क्रिस्टल रॉक रखें। यह आगे की पढ़ाई के क्षेत्र में पृथ्वी से मिलने वाली तत्काल सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

‘भाजपा, सपा ने रणनीति के तहत उपचुनाव में बसपा को हराया’

# दानिश अली फिर बसपा संसदीय दल के नेता बने

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी विधानसभा की 11 सीटों पर हाल में हुए उपचुनाव में एक भी सीट पर खाता नहीं खोल पाने वाली बसपा की सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा एवं सपा ने सोची-समझी रणनीति के तहत उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं जीतने दी। अमरोहा से सांसद दानिश अली को दोबारा बसपा संसदीय दल का नेता बना दिया गया है व मुनकाद अली को प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद पर बनाये रखने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि हाल में प्रदेश की 11 सीटों पर हुए विस उपचुनाव में बसपा एक भी सीट नहीं जीती। अंबेडकरनगर की जलालपुर सीट जो गत विस चुनाव में बसपा के पास थी, वहां भी पार्टी हार गई। मायावती ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश इकाई के कई पदाधिकारियों, सांसदों व विधायकों के साथ बैठक कर पार्टी गतिविधियों की गहन समीक्षा की। मायावती ने कहा, आमचुनाव से पहले बसपा का मनोबल गिराने के खास मकसद के तहत ही सत्ताधारी भाजपा व सपा ने रणनीति के तहत ही भीतरी तौर पर आपस में मिलकर बसपा को एक भी सीट नहीं जीतने दी। लोस चुनाव में दलित, मुस्लिम गठजोड़ से सपा, भाजपा व अन्य विरोधी पार्टियां ‘काफी घबरा’ गई थी।



- प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे मुनकाद अली

# एसआईटी ने सीजेएम कोर्ट में पेश की चार्जशीट, चिन्मयानंद व छात्रा की दोस्तों के साथ हुई पेशी

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद व छात्रा प्रकरण में एसआईटी ने बुधवार को सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। इसी के साथ ही दुष्कर्म के आरोपी चिन्मयानंद, फिरौती मामले में आरोपी छात्रा व उसके दोस्त संजय सिंह, सचिन, विक्रम को भी कोर्ट लाया गया।

इस दौरान जंजीर कचहरी परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। आपको बता दें कि चिन्मयानंद मामले में एसआईटी ने करीब दो महीने की विवेचना के दौरान 47 सौ पन्नों की चार्जशीट तैयार की है। विवेचना के दौरान 105 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एसआईटी ने कुल 79 साक्ष्य संकलित किए हैं, जिनमें 24 महत्वपूर्ण भौतिक व 55 अभिलेखीय साक्ष्य हैं। एसआईटी को अंतिम स्टेटस रिपोर्ट शपथ पत्रों के साथ 28 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में पेश करनी है। चिन्मयानंद व अन्य पर छात्रा के अपहरण, जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज हुई थी। इससे पहले चिन्मयानंद के वकील ओम सिंह की ओर से चिन्मयानंद से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगें जाने की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। दोनों मामलों की शुरुआती विवेचना कोतवाली पुलिस ने की थी। आईजी नवीन अरोड़ा ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि एसआईटी ने इस प्रकरण की विवेचना छह सितंबर से शुरू की थी।



- एसआईटी ने 47 सौ पन्नों की चार्जशीट तैयार की
- अंतिम स्टेटस रिपोर्ट शपथ पत्रों संग 28 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में करनी है पेश

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छात्रा की बेल रिट पर सरकार से मांगा जवाब



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिन्मयानंद से फिरौती मांगने की आरोपी एलएलएम की छात्रा की जमानत की अर्जी पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने को बुधवार को कहा। आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने पारित किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 29 नवंबर तय की। चिन्मयानंद की ओर से बुधवार को जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। हालांकि राज्य सरकार की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किए जाने पर अदालत ने राज्य सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह व आवेदक को उस पर जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। छात्रा के वकील ने दलील दी कि छात्रा यौन शोषण की शिकार है, उस पर लगे सभी आरोप मनगढ़ंत हैं। राज्य सरकार, चिन्मयानंद के वकीलों ने छात्रा की जमानत की अर्जी का इस आधार पर विरोध किया कि छात्रा मुख्य आरोपी है, इसे साबित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण हैं। इसलिए उन्हें जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कुछ मोहलत दी जानी चाहिए।

झारखंड विस चुनाव: 30 को पहले चरण में 13 विस सीटों पर होगा मतदान

# पहले चरण की अधिसूचना जारी, नामांकन शुरू

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रत्याशी 13 नवंबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 को होगी व नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 16 नवंबर है। 30 नवंबर को पहले चरण में 6 जिलों की 13 विस सीटों पर 37,34,814 लोग मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पहले चरण में चतरा, गुमला, लोहरदगा व लातेहार जैसे घोर नक्सल प्रभावित जिलों के अलावा पलामू व गढ़वा में भी चुनाव होंगे। 30 नवंबर को चतरा जिला की चतरा (एससी), गुमला जिला की गुमला व बिशुनपुर (दोनों एसटी के लिए आरक्षित), लोहरदगा (एसटी), लातेहार जिला की दो सीटों मनिका (एसटी) व लातेहार (एससी), पलामू जिला की पांच सीटों पांकी, डाल्टनगंज, बिश्रामपुर, छतरपुर (एसी), हुसैनाबाद, गढ़वा व भवनाथपुर पर चुनाव होंगे। पहले चरण की 13 में से 5 सीटों पर भाजपा का कब्जा हैं। एक सीट पर झामुमो, एक पर कांग्रेस, 1 पर आजसू, 1 पर एनएसएएम व एक सीट पर बसपा काबिज है। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में दो सीटें लातेहार (एससी) व डाल्टनगंज पर जेवीएम ने जीत दर्ज की थी पर इन दोनों क्षेत्रों के विधायक भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

### अंजू ने खरीदा पहला पर्चा

पलामू में अंजू सिंह ने पहला पर्चा खरीदा है। अंजू सिंह वर्ष 2014 में स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। वह दूसरे स्थान पर रही थीं। हाल में वह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हुईं पर अभी पार्टी की ओर से टिकट का एलान नहीं हुआ है। फिलहाल उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में टिकट खरीदा है। नामांकन दाखिल करते समय प्रत्याशी को 10 हजार रुपये जमानत की राशि जमा करनी होगी।

### राजा पीटर लड़ेंगे चुनाव, जेल से पर्चा भरने की मिली अनुमति



रांची। राजा पीटर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। वह जेल से ही नामांकन दाखिल करेंगे। रांची स्थित नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) कोर्ट के प्रिंसिपल ज्यूडिशियल कमिश्नर नवनीत कुमार ने उन्हें जेल से नामांकन दाखिल करने की अनुमति दे दी है। राजा पीटर के वकील ने इस संबंध में एनआइए कोर्ट में याचिका दायर की थी। बुधवार को सुनवाई करते हुए जज नवनीत कुमार ने राजा पीटर को नामांकन दाखिल करने की अनुमति दे दी। तत्कालीन सीएम शिबू सोरेन को राजा पीटर ने तमाड़ में पराजित किया था। झारखंड पार्टी के नेता राजा पीटर इस बार किस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे, इसके बारे में अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। राजा इस वक्त जेल में बंद हैं। राज्य के पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या के मामले में कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया था। इसी मामले में कोर्ट ने उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद से राजा जेल में सजा काट रहे हैं।

### दिव्यांग व बुजुर्ग पोस्टल बैलट से करेंगे मतदान

रांची। झारखंड में विस चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने झारखंड पहुंची है। 15 जिलों में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के बाद आयोग ने दावा किया है कि पहले तीन चरण के चुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजधानी रांची में चुनाव आयोग के उमेश सिन्हा ने कहा कि इस बार दिव्यांगजनों व 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए पोस्टल बैलट से मतदान की व्यवस्था की जाएगी। आयोग प्रथम तीन चरणों के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए खास मुहिम चलाई जा रही है। सिन्हा ने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि सभी पोलिंग स्टेशन सुविधायुक्त हों। नक्सल प्रभावित इलाकों में पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए आयोग ने पर्याप्त प्रबंध किए हैं।

### रेल ट्रैक पर मिली सऊदी अरब की करेंसी, लूटपाट की आशंका

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर में सोनपुर रेल मंडल के भगवानपुर स्टेशन पर तीन नंबर प्लेटफार्म के दक्षिणी छोड़ पर ट्रैक पर बुधवार सुबह कई यात्रियों के बखड़े पड़े सामान, मोबाइल, टिकट, पर्स, आइ कार्ड व चाकू को आरपीएफ ने बरामद किया है। मौके से सउदी अरब की रियाल भी मिली है। ट्रैक से मिली ट्रैक 15047 पूर्वांचल एक्सप्रेस की बताई गई है। आशंका जताई कि पूर्वांचल एक्सप्रेस में यात्रियों से लूटपाट या चोरी के बाद बदमाश भगवानपुर स्टेशन पर उतरे होंगे व इसी दौरान यह सामान यहां बिखर गया होगा। सिग्नल क्लियर नहीं होने की वजह से रात्रि में 2.27 बजे दो मिनट के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस भगवानपुर स्टेशन पर रुकी थी। दोपहर बाद मुजफ्फरपुर से जीआरपी यहां पहुंची। हालांकि, उसके पूर्व ही आरपीएफ ने बरामद सामान को ग्वालियर एक्सप्रेस से मुजफ्फरपुर भेज दिया था। भगवानपुर स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज सुधाकर यादव ने बताया कि यहां पूर्वांचल का स्टॉपेज नहीं है। रात्रि में 2.27 बजे सिग्नल नहीं मिलने की वजह से दो मिनट के लिए ट्रेन रुकी थी। सुबह में ट्रैक पर यात्रियों के सामान बिखरे होने की सूचना पर आरपीएफ के जवान वहां पहुंचे थे।



## खबर संक्षेप

### घूस लेने के आरोप में तीन पुलिसकर्मी अरेस्ट

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने घूस की मांग करने और स्वीकार करने के आरोप में एक उप निरीक्षक सहित तीन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को इस बारे में बताया। ठाणे एसीबी के अतिरिक्त अधीक्षक मुकुंद हटोटे ने बताया कि जिले के कल्याण तालुका के महात्मा फुले थाने में भ्रष्टाचार नियंत्रण कानून की धारा सात (लोकसेवक के घूस लेने) के तहत तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि उप निरीक्षक हरीश कांबले (34), पुलिस हवलदार अंकुश नरवाने (57) और पुलिस नायक भारत खांडे (49) ने शिकायतकर्ता से फर्जी मामला दर्ज नहीं करने के लिए पांच लाख रुपये घूस की मांग की थी।

### सैन्य सूचनाएं लीक करने के आरोप में जवान अरेस्ट

**जयपुर।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला एजेंट के झांसे में आकर सामरिक महत्व की सूचनाएं लीक करने के आरोप में पुलिस ने सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। खुफिया विभाग के सूत्रों ने बताया कि सीआईडी इन्टेलिजेन्स ने आईएसआई की महिला एजेंट के मोहपाश में फंसकर भारतीय सेना की सामरिक महत्व की सूचनाएं साझा करने के आरोप में पोकरण में तैनात जवान विचित्र बेहरा को गिरफ्तार किया गया है। बेहरा की गतिविधियां संदिग्ध होने की जानकारी मिलने पर सीआईडी इन्टेलिजेन्स ने उसकी गतिविधियों की निगरानी की। इस दौरान जानकारी में आया कि विचित्र बेहरा पाकिस्तानी एजेंट से फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से निरन्तर सम्पर्क में है तथा सूचनाएं साझा कर रहा है।

### चक्रवाती तूफान 'महा' के खत्म होने का अनुमान

**अहमदाबाद।** गंभीर चक्रवाती तूफान 'महा' हो सकता है कि गुजरात तट पर दस्तक नहीं दे और गुरुवार शाम तक कमजोर पड़कर इसके 'अवदाब' के रूप में अरब सागर में खत्म हो जाने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। अगर यह अनुमान सही साबित हुआ तो यह आम लोगों और प्रशासन के लिये बड़ी राहत की बात होगी। हालांकि 'महा' अभी भी 'गंभीर चक्रवाती तूफान' का रूप धारण किये हुए है और पूर्वी-मध्य अरब सागर के ऊपर मंडरा रहा है। यह गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में पोरबंदर तट से लगभग 400 किलोमीटर दूर है।

### पुणे में गुडविन ज्वेलर्स के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में पुणे पुलिस ने 88 जमाकर्ताओं से शिकायत मिलने के बाद गुडविन ज्वेलर्स के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आभूषण समूह ने उनसे तीन करोड़ रुपये से अधिक रकम की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आभूषण समूह ने ठाणे, पालघर, मुंबई एवं राज्य के अन्य हिस्सों में मौजूद अपनी दुकानों को दिवाली से कुछ दिन पहले बंद कर दिया है।

## जेपी समूह को लगा बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

# जेपी इंफ्रा लि. की दिवाला समाधान प्रक्रिया 90 दिन में पूरी की जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेपी समूह को बड़ा झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को जेपी इंफ्राटेक लि. की कार्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया 90 दिन में पूरी करने का आदेश दिया और कहा कि परिवर्तित समाधान योजना सिर्फ एनबीसीसी और सुरक्षा रियलटी से ही मंगायी जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण) या एनसीएलएटी के समक्ष अंतरिम निर्देश के लिये लंबित अर्जी समेत अन्य आवेदन इन दो बोली लगाने वालों से संशोधित समाधान योजना स्वीकार करने और उस पर कार्रवाई करने के मामले में दिवाला समाधान प्रक्रिया में बाधक नहीं होगा। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने कहा कि वह मकान खरीदारों, जेपी समूह और संबंधित बैंकों के साथ पूरा न्याय करने के लिये 'असाधारण स्थिति' में यह निर्देश दे रहे हैं।

पीठ ने कहा कि हम दिवाला समाधान प्रक्रिया को कार्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आज से 90 दिन के भीतर पूरा करने का निर्देश देते हैं। इसमें से पहले 45 दिन में दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत सिर्फ सुरक्षा रियलटी और एनबीसीसी से संशोधित समाधान योजना मंगाया जा सकेगा।

न्यायालय ने कहा कि ये दोनों जेपी इंफ्राटेक के लिए अंतिम बोली लगाने वालों में थे। दोनों ने पहले भी समाधान योजना पेश की थी और वे बातचीत के बाद कर्जदाताओं की समिति के समक्ष अपनी संशोधित योजना, यदि ऐसा आवश्यक हुआ, पेश करें और अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण को सौंपे। पीठ ने कहा कि दूसरे चरण की 45 दिन की अवधि 21 दिसंबर, 2019 से शुरू हो रही है। इसमें किसी भी तरह की कठिनाई को दूर करने और निर्णय करने वाले प्राधिकार को उचित आदेश पारित करने के लिये समय दिया गया है।

**खास बातें**

- कोर्ट ने कहा, परिवर्तित समाधान योजना सिर्फ एनबीसीसी और सुरक्षा रियलटी से ही मंगायी जाएगी
- मकान खरीदारों, जेपी समूह और संबंधित बैंकों के साथ पूरा न्याय करने के लिये 'असाधारण स्थिति' में दिए निर्देश




### सुप्रीम कोर्ट ने सूचना आयोगों में रिक्त पदों पर नियुक्तियों के बारे मे स्थिति रिपोर्ट मांगी

उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र और नौ राज्यों से केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) तथा राज्य सूचना आयोगों (एसआईसी) में रिक्त पदों पर नियुक्तियों के बारे में अपने पहले के आदेश के अनुपालन में बुधवार को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश उस वक्त दिया जब आरटीआई कार्यकर्ता अंजली भारद्वाज और अन्य ने कहा कि शीर्ष अदालत के पहले के आदेशों पर अभी तक अमल नहीं किया गया है। इस मामले में याचिका दायर करने वाली भारद्वाज और अन्य की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद केन्द्र और राज्य सरकारों ने चयनित और छांटे गये उम्मीदवारों के नाम अभी तक अपनी वेबसाइट पर जारी नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्यों को केन्द्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों में रिक्त स्थानों पर अभी नियुक्तियां करनी है। शीर्ष अदालत ने केन्द्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों में रिक्त पदों पर नियुक्तियों के बारे में कई निर्देश दिये थे और कहा था कि इनमें नियुक्ति की प्रक्रिया पद रिक्त होने से एक से दो महीने पहले ही शुरू की जानी चाहिए। न्यायालय ने कहा था कि मुख्य सूचना आयुक्त का पद ऊंचे पायदान पर होता है और इस पद के लिये भी नियुक्ति की प्रक्रिया उन्हीं शर्तो के अनुसार होनी चाहिए जो मुख्य निर्वाचन आयुक्त के मामले में अपनायी जाती है। न्यायालय ने सात राज्यों-महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, केरल, ओडिशा और कर्नाटक- से जानना चाहा था कि वे कितने समय में अपने यहां सूचना आयोगों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर लेंगे।

## महंगाई पर केंद्रीय मंत्री ने मांगा सुझाव

# प्याज 100 रुपए, मंत्री ने पूछा- बताओ क्या करें?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- कहा, प्याज की जमाखोरी पर रखी जा रही है कड़ी नजर

प्याज फिर रूलाने लगा है। बाजार में प्याज की कीमतें 100 रुपए पार जा चुकी हैं। ऐसे में केंद्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने कीमत कम करने के सुझाव आम लोगों से मांगे हैं। उन्होंने कहा कि कीमतों को कैसे कम किया जाए मीडिया और आम लोग इस पर अपने सुझाव सोशल मीडिया या कंज्यूमर ऐप के जरिए हमें दे सकते हैं। प्याज की बढ़ी कीमतों को लेकर केंद्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने बुधवार को सचिवों के साथ एक बैठक की। बैठक के बाद रामविलास पासवान ने कहा कि प्याज की जमाखोरी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बहुत जल्द बाजार में नए और आयातित प्याज की आपूर्ति बड़ी तादाद में शुरू हो जाएगी, जिससे कीमतें तेजी से नीचे आएंगी।

दरअसल, पासवान ने कीमतों को जल्द नियंत्रित करने के उपायों की समीक्षा के लिए सचिवों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने ट्वीट कर बताया कि खरीफ की बुवाई में देरी के कारण प्याज की नई फसल बाजार में देर से पहुंच रही है। प्याज की जमाखोरी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बहुत जल्द बाजार में नये और आयातित प्याज की आपूर्ति बड़ी तादाद में शुरू हो जाएगी, जिससे कीमतें तेजी से नीचे आएंगी।

### बारिश से फसल बर्बाद

पासवान ने ट्वीट कर कहा कि प्याज उत्पादक राज्यों, खासकर महाराष्ट्र और कर्नाटक में अधिक बारिश के कारण फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। प्याज की ढुलाई में भी परेशानी आ रही है। सरकार अपने बफर स्टॉक से लगातार प्याज की आपूर्ति कर रही है।

### ईरान, अफगानिस्तान से प्याज आयात की तैयारी

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बाजार में प्याज की आपूर्ति बढ़ाने के लिए इजिप्ट, टर्की, ईरान और अफगानिस्तान से प्याज आयात करने की प्रक्रिया जारी है। विदेश और कृषि मंत्रालय से अनुरोध किया गया है कि इन देशों से बात कर निजी कंपनियों को प्याज के आयात की सुविधा उपलब्ध कराएं।

**दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक और खलासी की मौत**

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के दूदू थाना क्षेत्र में बुधवार को दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक के चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई।

# राहुल के चौकीदार चोर है बयान पर कभी भी आ सकता है फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- सुको ने पूरी की सुनवाई, कभी भी सुनाया जा सकता है निर्णय

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चौकीदार चोर है कहकर संबोधित किया था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के दौरान अपने को देश का चौकीदार बताया था। इसी पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि चौकीदार ही चोर है जिस पर उनके खिलाफ केस फाइल किया गया था। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया जो कभी भी सुनाया जा सकता है।

### मीनाक्षी लेखी ने किया था केस फाइल

इस मामले को लेकर नई दिल्ली से सांसद, भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि एक राजनैतिक दल के नेता को प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह का शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उसके बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था।

राहुल गांधी ने अपने तीन पेज के ताजा माफीनामे में कहा है कि कोर्ट का अपमान करने की उनकी कोई मंशा नहीं थी, न ही उन्होंने जानबूझ कर ऐसा किया और न ही अदालत की न्यायिक प्रक्रिया में वो किसी तरह की बाधा पहुंचाना चाहते थे। भूलवश उनसे ये गलती हो गई। लिहाजा इसके लिए वो क्षमा चाहते हैं।

# यात्री विमान में करने लगा योग, 'असुविधा' के कारण उतारा गया

**चेन्नई।** 'मानसिक रूप से ठीक नहीं' दिख रहे एक यात्री को बुधवार को कोलंबो जाने वाले विमान से उस समय उतार दिया गया जब विमान में ही वह योग और व्यायाम करने लगा जिससे दूसरे यात्रियों को 'असुविधा' होने लगी। चालक दल के सदस्यों ने यात्री से ऐसा न करने का लगातार अनुरोध किया लेकिन वह माना नहीं। पुलिस ने बताया कि वह कोलंबो जाने के लिए वाराणसी से चेन्नई आया था। उन्होंने बताया कि यात्री के कारण दूसरे लोगों को 'असुविधा' होने के बाद उसे सीआईएसएफ की मदद से विमान से उतार दिया गया। सीआईएसएफ ने बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया। निजी एयरलाइन ने उसका किराया भी वापस कर दिया। उन्होंने बताया कि यात्री के खिलाफ कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली। इस लिए उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है लेकिन उसे यहां श्रीलंका के उप उच्चायुक्त को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने बताया कि उसके पास श्रीलंका और अमेरिका दोनों के पासपोर्ट हैं।



## कर्नाटक के मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने किया साफ

# देवगौड़ा ने समर्थन देने को लेकर नहीं किया कोई फोन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने बुधवार को साफ किया कि उनकी जद (एस) प्रमुख एच डी देवगौड़ा से फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई है। येदियुरप्पा का यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बीच आया है, जिनमें कहा गया था कि पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा ने समर्थन का आश्वासन देने के लिए उन्हें हाल में फोन किया था। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इसमें कोई सचाई नहीं है। प्रधानमंत्री रह चुके देवगौड़ा के पास सही और गलत का अंतर करने की क्षमता है। मैंने उनके नाम का कहीं जिक्र नहीं किया है, कभी ऐसा करुंगा भी नहीं। फोन पर बातचीत को लेकर कुछ मीडिया हलकों में आई खबरों के बाद देवगौड़ा ने कल शाम एक बयान जारी कर इसे खारिज किया और इसे सचाई से दूर करार दिया। हालांकि, भाजपा को लेकर जद (एस) के रुख में आई नरमी और कर्नाटक में मध्यावधि चुनाव नहीं चाह रहे देवगौड़ा ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि येदियुरप्पा नेतृत्व वाली सरकार अपना कार्यकाल पूरा करे क्योंकि इससे उन्हें (देवगौड़ा) अपनी पार्टी को मजबूत करने का वक्त मिलेगा।

**पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड** PET JARS BOTTLES
CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजी. कार्यालय : ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, भारत
Tel. No.: +91-11-47385300,
Fax : +91-11-47480746
Email : pearl@pearlpet.net
Web : www.pearlpet.net

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही/अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020 में आयोजित की जानी निर्धारित है।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.pearlpet.net से देखी जा सकती है और स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात् www.bseindia.com (बीएसई लिमिटेड) और www.nseindia.com (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) से भी देखी जा सकती है।

कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली हस्ता/-
दिनांक : 06 नवम्बर 2019 विनीत गुप्ता
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

**फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड**
CIN : L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी-4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028
Tel: 011- 25774212
Email: rekha.srivastava2016@gmail.com
Website: www.fortuneinternational.in

**सूचना**

कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 29, 33 और 47 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के स्टैंडअलोन एवं समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों और परिसम्पत्तियों और देनदारियों के विवरण पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को अप. 3.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, कम्पनी पुष्टि करती है कि कम्पनी की आंतरिक आचार संहिता के खण्ड V के अनुरूप इनसाइडर्स द्वारा ट्रेडिंग रेगुलेट करने, मॉनिटर करने और रिपोर्ट के लिये कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु ट्रेडिंग विंडो कम्पनी की उक्त संहिता के तहत आने वाले पदनामित व्यक्तियों हेतु शुक्रवार 8 नवम्बर 2019 से बृहस्पतिवार 14 नवम्बर, 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी।

निवेशक अधिक विवरण हेतु कम्पनी की वेबसाइट (www.fortuneinternational.in) तथा स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर पधार सकते हैं।

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
निवेदन भारद्वाज
स्थान : नई दिल्ली प्रबंध निदेशक
दिनांक : 06.11.2019 डीआईएन-00040191

## मुलाकात...



नई दिल्ली में बुधवार को हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने फिनिश समकक्ष पेक्का हाविस्तो से मुलाकात के करते हुए।

## कर्नाटक : गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

# मिड-डे मील खाने से 60 से अधिक बच्चे बीमार

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में मिड-डे मील का खाना खाने से 60 से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। इन सभी बच्चो को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चित्रदुर्ग में एक प्राइमरी स्कूल में यह मामला सामने आया है। यहां छात्रों ने स्कूल में मिड-डे का भोजन करने के बाद पेट दर्द और उल्टी की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें, बच्चों को मिड-डे मील का खाना खाने के बाद पेटदर्द होने लगा जिसके बाद उन्होंने टीचरों से इसकी शिकायत की। इसके बाद कुछ बच्चों को उल्टियां भी शुरू हो गई। स्थिति को देखते हुए टीचरों ने सभी 60 स्कूली बच्चों को अस्पताल में भर्ती करा दिया।



बच्चों के माता-पिता की मांग है कि स्कूल प्रशासन को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। पीड़ितों में से एक के पिता ने कहा, 'हम गरीब लोग हैं। स्कूल प्रशासन और बच्चों के लिए खाना बनाने वाले रसोइयों को जिम्मेदारी लेनी पड़ती है।

### सीबीआई ने मध्यप्रदेश से कांग्रेस विधायक के घर की तलाशी ली

**नई दिल्ली।** बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्यप्रदेश से कांग्रेस विधायक रघुराज सिंह कसाना के मुरैना स्थित घर की तलाशी ली। धोखाधड़ी से विधायक के भांजे के कथित तार जुड़े हुए है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने यूको बैंक से कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऋण लेने और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को 8.08 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में कसाना के भांजे कुशल सिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। कसाना ने फोन पर बताया कि मेरा भांजा गोदाम चलाता है जिसके लिए उसने ऋण लिया था।

# शताब्दी ट्रेनों में अब आधा लीटर रेल नीर ही मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- पहले एक लीटर मिलता था पीने का पानी
- पानी की बर्बादी को रोकने के लिए रेलवे ने किया फैसला

पानी की बर्बादी को रोकने के लिए रेलवे ने शताब्दी ट्रेनों में एक लीटर की जगह आधा लीटर रेल नीर (पानी की बोतल) मुहैया कराने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी आदेश के मुताबिक शताब्दी ट्रेन में अब पांच घंटे से अधिक सफर करने वालों को भी एक लीटर रेल नीर की बोतल मुहैया नहीं करायी जाएगी जैसा कि पहले होता था। शताब्दी ट्रेन को अधिकतम सफर तय करने में महज साढ़े आठ घंटे लगते हैं। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मौजूदा समय में शताब्दी से जो यात्री पांच घंटे तक का सफर करते हैं, उन्हें आधा लीटर (500 मिली लीटर) रेल नीर मुहैया कराया जाता है जबकि पांच घंटे से अधिक सफर करने वाले यात्रियों को रेल नीर की एक लीटर की बोतल दी जाती है, लेकिन अब सभी यात्रियों को 500 मिलीलीटर रेल नीर की बोतल ही मुहैया करायी जाएगी क्योंकि बड़ी बोतल देने पर पानी की बर्बादी होती है। आदेश में कहा गया है कि यात्री अधिक पानी की बोतल ले सकते हैं लेकिन इसके लिए उन्हें भुगतान करना होगा।

## ईपीएफओ के दायरे में आने वाले पेंशनधारकों ने की घोषणा

# न्यूनतम पेंशन 7500 रुपए की मांग को लेकर होगा आंदोलन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




ईपीएफओ के दायरे में आने वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपए मासिक किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) ने पूरे देश में आंदोलन करने का निर्णय किया है। एनएसी ने बुधवार को कहा कि संगठन में शामिल पेंशनभोगी दिल्ली में अगले माह रास्ता रोको अभियान चलाएंगे। एनएसी के राष्ट्रीय संयोजक और अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा, तीस-तीस साल काम करने और ईपीएस आधारित पेंशन मद में निरंतर योगदान करने के बाद भी कर्मचारियों को मासिक पेंशन के रूप में अधिकतम 2,500 रुपये ही मिल रहे हैं। इससे कर्मचारियों और उनके परिजनों का गुजर-बसर करना कठिन है। एनएससी कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 95 के दायरे में आने वाले कामगारों के लिये मासिक मूल पेंशन के रूप में 7,500 रुपए के साथ इस पर महंगाई भत्ता देने, कर्मचारियों के पति/पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने समेत अन्य मांग कर रहे हैं। इसके अलावा संगठन ने पेंशन के बारे में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने तथा ईपीएस 95 के दायरे में नहीं आने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी 5,000 रुपए मासिक पेंशन देने की मांग की है। राउत ने कहा, हम लंबे समय से सरकार से कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 95 के दायरे में आने वाले कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक किये जाने तथा उस पर महंगाई भत्ता देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अपनी मांगों के समर्थन में पेंशनभोगियों ने दिल्ली में सात दिसंबर से रास्ता रोको आंदोलन शुरू करने का निर्णय किया है। इसके अलावा पेंशनभोगी गांव से लेकर राज्य स्तर पर आंदोलन कर रहे हैं।

### गांव से लेकर राजधानी तक आंदोलन

संगठन के बयान के अनुसार पेंशनभोगी एक नवंबर से 10 नवंबर तक गांव से लेकर राज्य स्तर पर आंदोलन कर रहे हैं। चार से छह दिसंबर तक वे दिल्ली में आंदोलन करेंगे। मांगें नहीं मांगने पर वे सात दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रास्ता रोको आंदोलन शुरू करेंगे। समिति का दावा है कि करीब 65 लाख ईपीएस पेंशनभोगी उनके साथ जुड़े हैं।

### मूल वेतन का 12 फीसदी

उल्लेखनीय है कि ईपीएस, 95 के तहत आने वाले कर्मचारियों को उनके मूल वेतन का 12 प्रतिशत हिस्सा भविष्य निधि में जाता है। वहीं, नियोक्ता के 12 प्रतिशत हिस्से में से 8.33 प्रतिशत कर्मचारी पेंशन योजना में जाता है। इसके अलावा पेंशन कोष में सरकार भी 1.16 प्रतिशत का योगदान करती है।

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
Regd. Office: 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
CIN: L26912DL1991PLC045449

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on Tuesday, 12th day of November, 2019 at 11.30 AM at 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, N.H.-48, Gurugram -122002 inter alia, to consider & approve Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended on September 30, 2019 alongwith Statement of Assets & Liabilities and Cash Flow for the half year ended September 30, 2019, to place before the Board the Limited Review Report given by statutory auditors of the Company on Unaudited Financial Results for the quarter ended on September 30, 2019 and to do any other business with the permission of the Chair as may be deemed fit for the business of the Company.

The Trading Window for dealing in the Shares of the Company by Designated Persons and their connected persons is closed from October 1, 2019 till 48 hours after declaration of unaudited financial results for the quarter ended on 30th September, 2019 by the Board of Directors of the Company.

This said information is also available on the Company's website at www.sainikfinance.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com.

By the order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Place: Gurugram Rudra Sen Sindhu
Date: 6th November, 2019 Director

## चिंतन

# सरकारें वायु प्रदूषण पर गंभीर क्यों नहीं


देश में अगर प्रति माह एक लाख से भी ज्यादा लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हो रही हैं तो यह वाकई चौकाने वाला विषय है। मौत के इस आंकड़े को सुनकर पत्थर दिल वालों को भी चिंता हो सकती है, भले ही सरकारों की कान पर जूं तक न रेंगे। हवा में घुला जहर किस कदर लोगों को निगल रहा है, इसका खुलासा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से हुआ है। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने मिलकर देश में एक अध्ययन करवाया था जिसमें पता चला कि केवल राजधानी दिल्ली में प्रतिदिन 34 लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे हैं, जिसका कारण जहरीली हवा है। पिछले साल देश में 12 लाख लोगों की मौत हुई, जिसमें 7 लाख लोग दूषित हवा और पांच लाख घर में प्रदूषण होने की वजह से काल का ग्रास बन गए। अमेरिका के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट की यह रिपोर्ट बताती है कि 2017 में वायु प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण दुनियाभर में करीब 50 लाख लोगों की मौत हुई और इनमें 12 लाख भारत के थे। सामान्य दिनों में तो ऐसी किसी रिपोर्ट को अतिरंजित ठहराकर दरकिनार कर दिया जाता, लेकिन दिवाली के बाद बने हालात इसके सही होने का प्रमाण दे रहे हैं, स्थिति वाकई गंभीर है। अभी पिछले माह ही एक अध्ययन ने यह बताया था कि दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में सात अकेले भारत के हैं। इसका मतलब है भारत वायु प्रदूषण का गढ़ बन गया है। वायु प्रदूषण के इस तरह खतरनाक होने से साफ है कि सरकारें पर्यावरण को लेकर गंभीर नहीं है, जनता का स्वास्थ्य उनके एजेंडे में नहीं है। प्रदूषण का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जहरीली हवा की गंभीरता को देखते हुए बीते दिनों दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी है। वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव वर्ग पर ही सीमित नहीं है, जीव-जन्तु, पेड़-पौधे भी इसके शिकार होते हैं, लेकिन हमारी सरकारें इसे लेकर कितनी गंभीर हैं, इसका अंदाजा इस तथ्य से हो जाता है कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र व राज्य सरकारें हरकत में तो आईं, लेकिन जलते हुए कूड़े के पहाड़ पर किसी का ध्यान तक नहीं गया। दिल्ली सरकार ने भी ऑड-ईवन लागू करके इतिश्री कर ली। अगर सरकारें वायु प्रदूषण पर गंभीर होती तो सुप्रीम कोर्ट दिल्ली को गैस चेंबर की उपमा नहीं देता। सरकारें केवल तभी सक्रिय होती है जब अदालत या ग्रीन ट्रिब्यूनल सख्ती दिखाते हैं। यह सही है कि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है और आर्थिक प्रगति के पहिये को रोका नहीं जा सकता, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हमारे नीति-नियंता वायु प्रदूषण के कारण लोगों को यूं मरने के लिए छोड़ दें। यह भी समझना होगा कि प्रदूषण से असमय होने वाली मौतें भी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डालेंगी। जब किसी परिवार के कमाऊ सदस्य की असमय मौत होती है तो उससे केवल परिवार ही नहीं, समाज और देश भी कमजोर होता है। ऐसी मौतों का असर विकास दर पर भी पड़ता है। यह चिंताजनक है कि इतना होने के बाद भी वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दीर्घकालिक एवं समग्र नीतियों का अभाव है। हमारे यहां मुश्किल यह है कि पर्यावरण को लेकर जुबानी जमाखर्च और प्रतीकात्मक उपाय ज्यादा होते हैं। केन्द्र सरकार कह रही है कि दिल्ली और आसपास के राज्य पर्यावरण को बेहतर रखने के लिए बनाए गए नियमों और कानूनों का ठीक से पालन नहीं करवा पा रहे हैं। केन्द्र का रवैया भी छुपा नहीं है। वक्त आ गया है कि साफ हवा के लिए केन्द्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो हमें सांस लेने के लिए शुद्ध हवा का मिलना मुश्किल हो जाएगा और लोग बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के शिकार होकर मरते रहेंगे।

## विशेष

देवेन्द्र बग्गा

# 550वें प्रकाश वर्ष

श्री गुरुनानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1469 कार्तिक पूर्णिमा के दिन गांव तलवंडी जिला-सेइखुपुरा पाकिस्तान में हुआ था। उनके पिता बाबा कालूचंद बेदी, माता त्रिपदा ने उनका नाम नानक रखा। पिता कालूचंद स्थानीय राजस्व प्रशासन में अधिकारी थे। नानक देव जी 12 वर्ष के थे तो इनके पिताजी ने उन्हें 29 रुपए दिए अपना एक व्यापार शुरू करने के लिए। नानकदेव जी उस 20 रुपए को गरीब और सन्त व्यक्तियों को खाना खिलाने में खर्च कर दिया। जब उनके पिता जी ने



उससे पूछा तुम्हारे व्यापार का क्या हुआ तो उन्होंने उत्तर दिया कि मैंने उन पैसों का सच्चा व्यापार किया। जिस जगह का 20 रुपए खर्च कर गरीब व सन्तों को भोजन कराया गया वहां सच्चा सौदा नामक गुरुद्वारा पाकिस्तान में आज भी है। उनके इस व्यवहार को देख बड़ी बहन नानकी के पति जयराम ने 1504 ई. में उन्हें अपने पास सुल्तानपुर बुला लिया, जहां वे नवाब दौलत खान के यहां मादी रख लिए गए। वे अपनी आय का अधिकांश भाग गरीबों, साधुओं को दे दिया करते थे। एक बार एक सौदे में उन्होंने 14 सेर गेहूं देते हुए 13वें सेर में सब तेरा, सब तेरा, कहकर सभी को अनाज मुफ्त में देने लगे। जब शिकायत पर नवाब दौलत खान द्वारा बचे हुए अनाज के बोरों की गिनती की गई तो वहां पहले से भी ज्यादा अनाज के बोरे मिले। नवाब गुरु नानकदेव के सामने नतमस्तक हो गए। यह घटना सुल्तानपुर लोधी कपूरथला की है यही गुरुद्वारा हाट साहिब बनाया गया है। सुल्तानपुर लोधी में ही गुरुद्वारा का बाग बनाया गया है, जहां गुरु नानकदेव जी के दो बेटे बाबा श्रीचंद, बाबा लक्ष्मीदास का जन्म हुआ था। सुल्तानपुर लोधी कपूरथला पाकिस्तान में ही गुरुद्वारा कोठी साहिब है, जहां नवाब ने गुरु नानकदेव जी से प्रभावित होकर अपना प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन नानकदेव जी ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। सुल्तानपुर लोधी में रहते हुए नानकदेव जी ने अपने गांव तलवड़ी से भाई मरदाना को बुला लिया। नानकदेव जी अपने पद गाते थे और भाई मरदाना रवाब बजाते थे। यहां वैन नदी में नित्य स्नान किया करते थे। एक बार नानकदेव जी वैन नदी में डुबकी लगाकर तीन दिन की समाधी ली और लौटकर उन्होंने एक ऊँकार सतनाम पहला शब्द कहा। यहां पर एक बेर का बीज बोया जो आज बहुत बड़ा वृक्ष हो गया है, जहां गुरुद्वारा बेर साहिब आज भी स्थित है। उन्होंने बाल्यकाल में फारसी, अरबी सहित कई प्रादेशिक भाषाएं सिखीं थी। नानक देव जी का विवाह 1487 में सुलक्षणा जी से बटाला गुरुदासपुर में हुआ। विवाह वर्षगांठ पर प्रतिवर्ष यहां गुरुद्वारा कंध साहिब में आज भी उत्सव का आयोजन होता है। सर्वप्रथम वे मुस्लिम कवि मिरासी से प्रभावित हुए। नानकदेव जी ने जाति प्रथा को तोड़ते हुए 1496 में घोषणा की कि न मुस्लिम है न कोई हिन्दू, सभी मनुष्य समान है। इसके साथ उन्होंने जाति भेद, मूर्ति पूजा, धार्मिक कुप्रथाओं के खिलाफ प्रचार प्रारंभ किया। इसके लिए उन्होंने हिन्दू और मुसलमान दोनों धर्मों के विचारों को सम्मलित करके एक नए धर्म की स्थापना की जो बाद में सिक्ख धर्म के नाम से जाना गया। नानकदेव जी ने आडम्बर, कर्मकांड, अलौकिक शक्तिओं, बाहरी दिखावे से ईश्वर से नहीं जुड़ा जा सकता बताया। साथ ही उन्होंने अपने उपदेश में बताया कि एकांत में रखने वाला ही जोगी नहीं होता है अपने परिवार में रहकर अपने जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी उस निरंकार से जुड़े रहने वाला भी जोगी है। मुल्ला, मौलवी, साधुओं के हठयोग, अलौकिक शक्तियों के प्रदर्शन का उन्होंने विरोध किया, शरीर को उपवास रख कमजोर न रखने, शरीर को यातना न देने की बात कहीं। अच्छे कर्म, सिमरन, कीर्तन से ईश्वर मिलते हैं। दिलों दिमाग एवं मन से की गई सच्ची पूजा से ही ईश्वर के करीब पहुंचा जा सकता है, की शिक्षा दी। नानकदेव जी ने अपने संदेशों को पहुंचाने के लिए भाई मरदाना एवं बाला जी के साथ अधिकांश यात्राएं पैदल पूरी की। पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण तक अपने सफर में सभी धर्मों के साथ हिंदू, इस्लाम, बौद्ध, जैन आदि के महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया। गुरुनानक देव जी सिलोन (श्रीलंका) बगदाद, मक्का, मिस्त्र, सऊदी अरब, पश्चिमी चीन, तिब्बत, नेपाल, कजाकिस्तान, सीरिया, इजराइल और अन्य स्थानों की यात्राएं किए। नानकदेव जी सर्वोश्वरवादी थे, उनका प्रदर्शन सूफियों के करीब था, मूर्तिपूजा, बहुदेव उपासना को वे अनावश्यक मानते थे। उनके मत का प्रभाव समस्त धर्मों में पड़ा। उन की वाणी में पंजाबी, फारसी, अरबी, खड़ी बोली, सिंधी, मुल्तानी के शब्द समाहित थे। नानक देव जी अपने संदेशों में नारी को बड़ा सम्मान दिया।

# रहने लायक बनी रहे दिल्ली



हालात

गौरीशंकर राजहंस

इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले 10 दिनों से दिल्ली के निवासी घुट-घुटकर जी रहे हैं। हर साल इसी समय में प्रदूषण की मात्रा बेतहाशा बढ़ जाती है। हर बार सरकारें वादा करती हैं कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा, परन्तु समाधान नहीं होता। दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्र में इस बार प्रदूषण ने भयानक रूप धारण कर लिया है। उचित तो यह होगा कि इस समस्या पर अविलम्ब ध्यान दिया जाए, जिससे दिल्ली और एनसीआर में रहने के लिए आदर्श क्षेत्र बने रहें।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ़ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केंद्रर और राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही हैं और उचित तो यही होगा कि जिन लोगों ने लापरवाही की है, उन पर कार्रवाई हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि उन्होंने लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कहा जाता है कि वातावरण विषाक्त इसलिए हो गया है कि इन राज्यों के किसान अपनी आजीविका के लिए पराली जला रहे हैं। पराली जलाने वाले किसानों के प्रति सुप्रीम कोर्ट की कोई सहानुभूति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करें कि डीजल से चलने वाले जनरेटर का इस्तेमाल न हो और यह भी तय हो कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बिजली की कमी नहीं होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि पराली जलने से वातावरण विषाक्त हो गया है। यह उचित नहीं है कि निर्दोष और असहाय लोगों की प्रदूषण के कारण उम्र कम हो जाती है, उन्हें दंश झेलने पड़ते हैं। यह जीने के अधिकार का हनन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि प्रदूषण के कारण लोगों की उम्र तेजी से घट रही है। लोग मर रहे हैं और केंद्र तथा राज्य सरकारें निष्क्रिय हो चुकी हैं, लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। यह जीवन के अधिकार का खुलनखुल्ला हनन है। संसार के किसी भी सभ्य समाज में ऐसा नहीं देखा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने वालों पर कठोर कदम उठाने के आदेश दिए तथा पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को कोर्ट में तलब किया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकारें प्रदूषण को रोकने में पूरी तरह विफल रही हैं। दिल्ली निवासी घुट-घुटकर अपने दिन काट रहे हैं। दिल्ली में लोग घरों के अन्दर भी प्रदूषण की मार से सुरक्षित नहीं हैं। घरों के अन्दर भी एक्यूआई 500 से उपर पहुंच गया है। कहीं-कहीं तो यह 1000 से उपर भी चला गया है। ऐसे में कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। सेटेलाइट द्वारा भेजे चित्र से देखा जा सकता है कि पंजाब में बड़े पैमाने पर पराली जलाई गई है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे दिल्ली न आएं। लोगों को अपनी आजीविका चलाने के लिए काम के लिए दिल्ली आना पड़ना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि केंद्र और राज्य सरकारों के कारण लोगों का दिल्ली में जीना दुभर हो गया है। अदालत का कहना है कि जहां भी पराली जलाई जाए, वहां अफसरों को उसके लिए जिम्मेदार माना जाए।

कोर्ट ने कहा है कि आवश्यक वस्तुओं के अलावा कोई भी डीजल के मालवाहक वाहन दिल्ली में न घुसे।




दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में मकान बनाने और गिराने का काम तुरन्त रोक दिया जाए और इसका उल्लंघन करने वाले पर तत्काल से एक लाख रुपये का जुर्माना लगे और जिम्मेदर अधिकारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। दिल्ली एनसीआर में कचरा जलाने पर 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाए। किसी भी हालत में खुले में कूड़ा न जलाया जाए।

दिल्ली एनसीआर में किसी भी हालत में बिजली की कमी न हो जिससे जनरेटर का इस्तेमाल करने की आवयकता पड़े। दिल्ली की सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव हो जिससे प्रदूषण लोगों के घरों तक न पहुंच सके। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मीडिया को भी इस संदर्भ में सहयोग करना चाहिए और आम जनता को बताना चाहिए कि बिना उनके सहयोग के प्रदूषण कम नहीं होगा और यह उनके हित में है कि प्रदूषण को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने ओड-ईवन योजना पर दिल्ली सरकार से साफ-साफ पूछा है कि इस योजना से लोगों को क्या फायदा हुआ है? सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि दिल्ली सरकार ने जो ओड-ईवन योजना लागू की है उसका उचित फायदा लोगों को मिल रहा है या नहीं, यह साफ किया जाए।

इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले 10 दिनों से दिल्ली के निवासी घुट-घुटकर जी रहे हैं और उन्हें अच्छी तरह समझ में भी नहीं आता है कि इस दम घोटु वातावरण से कब छूटकारा मिलेगा। हर साल इसी समय में प्रदूषण की मात्रा बेतहाशा बढ़ जाती है। हर बार सरकारों द्वारा यह वायदा किया जाता है कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। परन्तु भविष्य में फिर वहीं बात दोहरा दी जाती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्र में इस बार प्रदूषण ने भयानक रूप धारण कर लिया है। उचित तो यह होगा कि इस समस्या पर अविलम्ब ध्यान दिया जाए। जिससे दिल्ली और एनसीआर में रहने के लिए एक आदर्श क्षेत्र बना रहे। देखना यह होगा कि इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकारें क्या पहल करती हैं और इस परेशानी से कैसे निपटा जाता है।

## स्वार्थ से छुटकारा, नए जीवन की शुरुआत



संकलित

दर्शन

वर्तमान युग में भौतिक मूल्य इतना प्रधान हो गया है कि मानवीय मूल्य अपनी गुणवत्ता खो बैठे हैं। स्वार्थ इतना प्रखर हो गया है कि किसी के पास एक-दूसरे का हित-अनहित देखने का अवकाश ही नहीं है। यही कारण है कि आज चारों ओर विकृतियां ही विकृतियां दिखाई देती हैं। यह इंसान का दिमाग ही है, बाहर का कोई बैरी नहीं,जो उसे गलत कामों की ओर ले जाता है। पदार्थ के मोह ने व्यक्ति के विवेक पर परदा डाल दिया है तो बुद्धि ने जीने के तौर-तरीकों को उलझा दिया है। बुद्धि का काम भी विचित्र है। वह एक समस्या को सुलझाती है, दूसरी को उलझाती है और तीसरी को पैदा करती है। अगर ऐसा है तो फिर हम बुद्धि पर ही क्यों ठहर जाते हैं? उसके आगे भी कुछ है, जो हमारे लिए बहुत कारगर और उपयोगी हो सकता है, वह है अंतःप्रज्ञा। वह समस्या का समाधान करती है। वह वर्तमान में जीना एवं समय को पहचानना सिखाती है। समय बदलता है, विचार बदलते हैं,व्यवहार बदलता है और उसके साथ रहने के तौर-तरीके भी बदलते हैं। प्यार और खुशी की ओर जाने वाले रास्ते कठिन नहीं हैं। मुश्किल है तो स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार करना और मन को बदलना। जो अपना मन नहीं बदल सकते, वो कुछ भी नहीं बदल सकते। प्रवाह के विपरीत भी चलने का प्रयत्न करें तो जीवन को सार्थकता प्रदान करने वाले तत्त्व स्वतः प्राप्त हो सकते हैं। जीवन को विषाक्त बनाने वाले और कुमार्ग पर ले जाने वाले तत्त्व अब भी हमारे भीतर ज्यों के त्यों कुंडली मारे बैठे हुए हैं।

## फैसले लेने में अपनी प्राथमिकताओं को चुने



संकलित

प्रेरणा

हम में से बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जो जल्दी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाते। उनका मन हमेशा दुविधा में रहता है, अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो इस आदत को बदल लें, वर्ना सफलता आपसे कोसों दूर जा सकती है। जब आपके पास किसी काम को लेकर एक या एक से अधिक अवसर हो तो सबसे पहले यह सोचें कि कौन सा ऑप्शन आपके लिए बेहतर है और इसे आप क्यों करना चाहते हैं। इसके बाद आप जिस काम को करें, उस पर अफसोस न करें, बल्कि यह सोचे की आपने जिसके बारे में फैसला किया चाहे फायदा हो या नुकसान। दुविधा होने पर खुद से सवाल करें कि वह किसी काम को क्यों नहीं कर पाएंगे या उसमें क्या समस्या आएगी। इसके बाद जब आपको लगे कि दुविधा का यह डर स्थाई नहीं है तब एकाग्रता और लगन के साथ अपने काम में जुट जाएं। यदि कोई काम करने जा रहे हैं और उस आने वाली बाधाओं को सोचकर डर लग रहा है, तो यह देखें कि जो आप करने जा रहें वह सत्य और न्यायसंगत है। बहुत से लोग जीवन में अपने लक्ष्य को लेकर क्लियर नहीं होते। साथ ही हमारी प्राथमिकताएं भी ऐसी होती हैं, जिनसे हमारे लक्ष्य का कुछ लेना-देना नहीं होता। ऐसे में बहुत जरुरी है कि दुविधा में न पड़े और अपनी प्राथमिकताओं को चुनें। आप राह की बाधाओं से कदापि न डरें। यदि समस्या का समाधान सोचने पर न निकल रहा हो, तो आप आगे जो करना चाहते हैं उसके बारे में प्लान बनाएं और उस प्लान को दृढ़ता से अमल करें।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### प्रदूषण मुक्त हो शहर

भारत के शहर वायु प्रदूषण के कारण गैस चैंबर साबित हो रहे हैं। उत्तर भारत इन दिनों प्रदूषण की चपेट में आ चुका है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की आबोहवा भी काफी प्रदूषित है। रायपुर दो बार प्रदूषित शहरों की सूची में आ चुका है। रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के शहर कोरबा, बिलासपुर की आबोहवा तेजी से बदल रही है प्रदूषित हो रही है। छत्तीसगढ़ के शहरों में बढ़ते प्रदूषण का कारण क्या है इस ओर सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों व कार्यों को अविलंब बंद कराना चाहिए।

– सुधा शर्मा

## ट्रेंड

### नानक देव का महामंत्र



गुरुनानक देव ने मानवता का नाम जपो, किरत करो और वंड छको का महामंत्र दिया, जिसका अर्थ है, ईश्वर का नाम जपो, ईमानदारी और मेहनत से अपना काम करो, और जो कुछ भी कमाई करो, उसे लोगों के साथ मिल-बांटकर छको।

-रामनाथ कोविंद

### महत्वपूर्ण सुधार किए



हमने व्यापार करने को बेहतर बनाने और निवेश के लिए अर्थव्यवस्था को खोलने के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने रक्षा क्षेत्र विनिर्माण क्षेत्र को भी विदेशी भागीदारी के लिए काफी हद तक खोला है।

-राजनाथ सिंह

### सर मत कहो



मैं कोई बुद्धिजीवी नहीं हूं। मुझे गाली दो, लेकिन मुझे वो वाला सर मत कहो। देश में कई संगठन खुले दिमाग के हैं और हर तरह के लोगों से सीखने को तैयार हैं, लेकिन वे अभिजात्य लोगों की तरह व्यवहार नहीं करते हैं। क्या कर सकते हैं।

-चेतन भगत

### लाजवाब इंसान



कानपुर में चाय की दुकान चलाने वाले मोहम्मद महबूब मलिक लाजवाब इंसान है। अपनी एक छोटी सी चाय की दुकान से 40 बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। वह अपनी आय का 80 प्रतिशत इन बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर देते हैं। क्या प्रेरणा है।

-वीवीएस लक्ष्मण

## करंट अफेयर

# पाक ने दशकों तक निभाई नकारात्मक भूमिका

अमेरिकी संसद की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दशकों से अफगानिस्तान में एक सक्रिय लेकिन नकारात्मक भूमिका निभाई है और इस्लामाबाद काबुल में एक कमजोर सरकार चाहता है।



कांग्रेस की शोध सेवा (सीआरएस) ने अफगानिस्तान पर अपनी ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान को अफगानिस्तान का सबसे महत्वपूर्ण पड़ोसी देश बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने कई दशकों तक अफगानिस्तान के मामलों में सक्रिय, लेकिन कई लिहाज से एक नकारात्मक भूमिका निभाई। सीआरएस महत्वपूर्ण विषयों पर अमेरिकी सांसदों के लिए रिपोर्ट तैयार करती है, ताकि उन्हें सही फैसले लेने में आसानी हो। इस रिपोर्ट में कहा गया है, पाकिस्तान की सुरक्षा सेवाओं ने अफगानिस्तान के विद्रोही समूहों, विशेष रूप से हक्कानी नेटवर्क, के साथ संबंध बनाए रखे, जो अमेरिका द्वारा घोषित एक विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) है और अब आधिकारिक रूप से तालिबान का एक अर्ध-स्वायत्त घटक बन गया है। पाकिस्तान एक मजबूत और एकीकृत अफगानिस्तान (विशेष रूप से काबुल में पश्तून प्रभुत्व वाली सरकार का नेतृत्व) के बजाए कमजोर और अस्थिर अफगानिस्तान को अधिक तरजीह देता है। अफगानिस्तान में भारत के हित काफी हद तक पाकिस्तान के साथ उसकी व्यापक क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता से जुड़े हैं।

## ऑफ बीट

# भगवान की प्रतिमाओं को भी पहना दिए मास्क

वाराणसी से अनोखा मामला सामने आया है। यहां वायु प्रदूषण का स्तर देख लोगों ने खुद ही मास्क नहीं पहने बल्कि भगवानों की प्रतिमाओं को भी मास्क



पहना दिए हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में लोगों का कहना है कि हवा में बढ़ते प्रदूषण से इंसान ही नहीं, भगवान भी परेशानी में हैं। उत्तर भारत के अधिकतर हिस्से में वायु प्रदूषण का कहर जारी है। इसकी चपेट में धर्म नगरी वाराणसी भी आ चुकी है। काशी के लोग प्रदूषित हवा से बचने के लिए इन दिनों मास्क पहने नजर आ रहे हैं। वहीं वाराणसी के सिगरा स्थित काशी विद्यापीठ विद्यालय के नजदीक स्थित भगवान शिव पर्वती के मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं को यहां के पुजारी और कुछ भक्तों ने मास्क पहना दिया है। पुजारी हरीश मिश्रा ने कहा, वाराणसी आस्था की नगरी है। हम आस्थावान लोग भगवान के इंसानी रूप को महसूस करते हैं। गर्मी में भगवान की प्रतिमाओं को शीतलता प्रदान करने के लिए चंदन लेपन करते हैं। शरद ऋतु में इन्हें कंबल और स्वेटर भी पहनाए जाते हैं। जब हम इन्हें इंसानी रूप में मानते हैं तो उन पर भी प्रदूषण का असर हो रहा होगा इसीलिए यहां स्थित प्रतिमाओं को हमने मास्क पहना दिया है। उन्होंने बताया बाबा भोलेनाथ, देवी दुर्गा, काली माता और साईं बाबा का पूजन करने के बाद उन्हें मास्क पहना दिया गया है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## मुसलमानों के प्रमुख संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने कहा

# 'अयोध्या' पर शीर्ष अदालत का फैसला स्वीकार्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अयोध्या विवाद पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आने से पहले, देश में मुसलमानों के प्रमुख संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने बुधवार को कहा कि बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि जमीन विवाद पर शीर्ष अदालत का जो भी फैसला होगा, उसे माना जाएगा। उन्होंने सभी से न्यायालय के फैसले का सम्मान करने की अपील की। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने उच्चतम न्यायालय में अपने सबूत पेश किए हैं और अब जो भी फैसला आएगा, उसका सम्मान करना चाहिए। मदनी ने यह भी उम्मीद जताई कि शीर्ष अदालत कानून के आधार पर फैसला देगी न कि आस्था के आधार पर। उन्होंने यह भी कहा कि देश में सांप्रदायिक सौहार्द हर-हाल में कायम रहना चाहिए। मदनी ने कहा कि कुछ महीने पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से उनकी मुलाकात भी इसी मुद्दे को लेकर हुई थी। जमीयत प्रमुख ने कहा कि जिस तरह से हिन्दू मुस्लिम एकता दोनों समुदायों की रीढ़ की हड्डी है, उसी तरह से वे देश की भी रीढ़ की हड्डी हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम एकता को लेकर ही मेरी मुलाकात आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत से हुई थी। हम अपने-अपने नजरिए पर रहकर, इस बात पर सहमत हुए हैं कि देश में हिन्दू-मुस्लिम एकता हर हाल में बनी रहनी चाहिए। इसके लिए वह (भागवत) भी कोशिश कर रहे हैं और हम भी कोशिश कर रहे हैं। मदनी और भागवत की मुलाकात अगस्त में हुई थी।

### केंद्र सरकार भीड़ हत्या के खिलाफ कानून लाए

प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने बुधवार को देश में भीड़ हत्या की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र से कानून बनाने की मांग की। मुस्लिम संगठन के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने आरोप लगाया कि देश में 'भीड़ हत्या मजहब की बुनियाद पर की जा रही हैं जिससे अल्पसंख्यक समुदाय खौफ में है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह की स्थितियां पैदा की गई हैं, उसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग डर और निराशा से पीड़ित हैं।

### सरकार की हिदायत, फैसले के वक्त अपने संसदीय क्षेत्र में रहे सांसद और मंत्री

अयोध्या केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले सरकार ने सभी सांसदों और मंत्रियों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रहने को कहा है। इसके साथ ही फैसले के कुछ दिनों बाद शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मुद्दे पर फैसले की घड़ियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही हैं, प्रदेश में कानून-व्यवस्था कायम रखने वाली एजेंसियां भी पूरी तरह से मुस्तैद हो रही हैं। पुलिस मुख्यालय ने सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील 34 जिलों के पुलिस प्रमुखों को भी निर्देश जारी कर दिए हैं. इन जिलों में मेरठ, आगरा, अलीगढ़, रामपुर, बरेली, फिरोजाबाद, कानपुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर और आजमगढ़ आदि हैं। अयोध्या राम जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने संपर्क अभियान शुरू किया है। मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठकों का मकसद है कि फैसला कुछ भी आए, सांप्रदायिक सौहार्द्र नहीं बिगड़ना चाहिए. संघ के शीर्ष नेतृत्व की ओर से ऐसी एक दर्जन बैठकें करने की तैयारी है।

## राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा

# अयोध्या फैसले पर किसी को भी कानून अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए



**मुंबई।** अयोध्या मामले पर इस महीने उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के मद्देनजर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि उत्सुकता के साथ इस निर्णय का इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए। पवार ने कहा कि समाज के किसी भी वर्ग को फैसले को उसके खिलाफ नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में लगभग 27 साल पहले बाबरी मस्जिद ढहाये जाने के बाद देश में बनी स्थिति की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। दिसम्बर 1992 में मस्जिद ढहाये जाने के बाद मुंबई समेत देश के कई हिस्सों में सांप्रदायिक दंगे हुए थे। भारत के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई 17 नवम्बर को अपनी सेवानिवृत्ति से पहले राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद जमीन विवाद में अपना फैसला सुना सकते है।

### अयोध्या फैसले को अपने खिलाफ नहीं समझना चाहिए

पवार ने यहां पत्रकारों से कहा कि समाज के किसी भी वर्ग को अयोध्या फैसले को अपने खिलाफ नहीं समझना चाहिए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा, "यह अच्छी बात है" कि विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करने वाले लोग और मामले में एक पक्ष बाबरी मस्जिद एक्शन समिति न्यायालय के फैसले को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने कहा, "मैं राज्य सरकारों से भी अनुरोध करना चाहूंगा कि वे सतर्क रहे। इस बीच पवार ने कुछ दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी में तीस हजारी अदालत परिसर में वकीलों और दिल्ली पुलिस के कर्मियों के बीच हुए हिंसक संघर्ष को लेकर चिंता जाहिर की।

### मोदी, शाह विरोधियों पर हमले के लिये 'त्रिशूल' का इस्तेमाल कर रहे हैं: जयराम

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विरोधियों पर हमले के लिये 'प्रवर्तन निदेशालय' 'सीबीआई' और 'आयकर विभाग' के रूप में त्रिशूल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। रमेश ने सम्मेलन में कहा कि मोदी और अमित शाह को अपने विरोधियों के खिलाफ नया शस्त्र त्रिशूल मिल गया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा, ₹त्रिशूल की तीन नोकें क्या हैं? वे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग हैं। वे अपने विरोधियों पर प्रहार करने के लिए इन्हीं तीन नोकों का उपयोग करते रहते हैं। राज्य सभा सदस्य रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस इसका विरोध करती है और संविधान के मार्गदर्शन में ऐसा करती रहेगी।

**पर्ल अपार्टमेंट्स लिमिटेड**
(CIN NO: L70101DL1979PLC009901)
पंजी. कार्यालय : 903, रोहित हाउस, 3, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001
Tel No.: +91-11-23725826/27/28
Website: www.pearlapartments.co.in
Email Id: pearl.secretarial@pearlmail.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के साथ पठित नियमन 47 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर, 2019 को अप. 2.00 बजे 903, रोहित हाउस, 3, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001 में आयोजित की जानी निर्धारित है।

इसके अतिरिक्त सूचीकरण नियमनों के नियमन 46 के तहत, उक्त बैठक की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.pearlapartments.co.in पर भी उपलब्ध होने के साथ-साथ मैट्रोपोलिटीन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. की वेबसाइट www.msei.in पर भी उपलब्ध है।

कृते पर्ल अपार्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान : नई दिल्ली — मनन खादरिया
दिनांक : 6 नवम्बर, 2019 — कम्पनी सचिव
मेल आईडी : pearl.secretarial@pearlmail.com
सम्पर्क सं. : 011-23442124

## खबर संक्षेप



### ठाकुर ने धर्मशाला के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि देने का आश्वासन दिया

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने धर्मशाला के व्यवस्थित विकास के लिए पर्याप्त धनराशि देने का आश्वासन दिया, ताकि यह देश का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बन जाए। उन्होंने यहां जोरावर स्टेडियम में आयोजित 'आभार रैली' में हाल में हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार विशाल नेहरिया को चुनने के लिए धर्मशाला विधानसभा सीट के लोगों को धन्यवाद दिया। ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला न केवल कांगड़ा का मुख्यालय है बल्कि राज्य का सबसे बड़ा जिला भी है और यह जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व पर्यटन के नक्शे पर भी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग भाग्यशाली है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पहाड़ी राज्य को अपना दूसरा घर मानते हैं।

### तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम कर्मियों का हड़ताल खत्म करने से इनकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार की ओर से पांच नवंबर तक ड्यूटी पर आने की तय समय सीमा को नजरअंदाज कर बुधवार को अपनी मांगों लेकर करीब एक महीने से जारी हड़ताल को खत्म करने से इनकार कर दिया। कर्मचारियों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के नेता अश्वथामा रेड्डी ने यहां पत्रकारों से कहा कि कर्मचारियों को सरकार की ओर से तय सीमा का पालन करने और निजी बस संचालकों को लाने की धमकी से डरने की जरूरत नहीं है।

### एसीबी ने एक्सईएन, जेईएन, कैशियर को रिश्वत लेते पकड़ा



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को नगरपालिका के एक अधिशासी अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और कैशियर को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी महानिदेशक आलोक त्रिपाठी ने बताया कि ब्यूरो की अजमेर और नागौर टीमों ने नगर पालिका निंबाहेड़ा में कनिष्ठ अभियंता हरि सिंह को 55 हजार रुपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इसी तरह नगर पालिका सरवाड़ में कार्यरत अधिशासी अभियंता दीपेंद्र सिंह तथा कैशियर देवेंद्र सिंह को 10-10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

### निजता को लेकर भारत गंभीर, आंकड़ों पर एकाधिकार स्वीकार नहीं: प्रसाद

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप में इजराइली मालवेयर 'पेगासस' के जरिये कथित जासूसी की खबरों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को निजता के अधिकार की रक्षा पर भारत की प्रतिबद्धता का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश निजता के अधिकार को गंभीरता से लेता है और सूचना की निजता इसी का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत डटा के क्षेत्र में उपनिवेशवाद को स्वीकार नहीं करेगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कोलंबो में राष्ट्रमंडल देशों के विधि मंत्रियों के एक सम्मेलन में प्रसाद ने डेटा संरक्षण पर भारत का सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि आंकड़ों (डेटा) पर कुछ देशों या कंपनियों के एकाधिकार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में डेटा डिजिटल अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबिका सोनी ने कहा

# मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के टुकड़े करके लोगों के साथ किया धोखा



**श्रीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव अंबिका सोनी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार पर करारा हमला बोला है। जम्मू में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर की पहचान को बिना जनता से विचार-विमर्श किए ही बदल दिया। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर राज्य के टुकड़े करके लोगों के साथ धोखा किया। अब जम्मू-कश्मीर के युवा इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उनको नौकरी मिलेगी या नहीं? कांग्रेस महासचिव अंबिका सोनी ने अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा फिर से बहाल किया जाना चाहिए। साथ ही जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए और हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा किया जाना चाहिए. उन्होंने मोदी सरकार से सवाल किया कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमेशा से ही भारत का हिस्सा रहा है, तो अनुच्छेद 370 हटाकर नया क्या किया गया?

### केन्द्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन करेगी कांग्रेस

इस दौरान अंबिका सोनी ने आर्थिक मंदी और बेरोजगारी के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी आर्थिक मंदी और बेरोजगारी को लेकर आंदोलन चलाएगी। हम बढ़ती बेरोजगारी और ग्रामीण समस्या को जोरशोर से उठाएंगे। हम रीजनल कंप्रेहेंसिव इकनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) का विरोध करते हैं। हमने देशव्यापी आंदोलन चलाने का फैसला किया है। कांग्रेस नेता अंबिका सोनी ने कहा कि हमारे विरोध प्रदर्शन के बाद मोदी सरकार जागेगी और कदम उठाएगी।

### गुजरात सरकार ने मुख्यमंत्री और वीआईपी की यात्रा के लिए 191 करोड़ रुपये का विमान खरीदा

**अहमदाबाद।** गुजरात की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री जैसी विशिष्ट हस्तियों की यात्रा के लिए 191 करोड़ रुपये के विमान को आखिरकार खरीद लिया है। इस विमान की खरीद प्रक्रिया पांच साल पहले शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दो इंजन वाला भव्य 'बॉम्बार्डियर चैलेंजर 650' विमान अगले दो हफ्ते में मिल जाएगा। नये विमान में 12 यात्री सवार हो सकते हैं और इसकी फ्लाइंग (उड़ान) रेंज करीब 7,000 किलोमीटर है, जो वर्तमान विमान 'बीचक्राफ्ट सुपर किंग' से बहुत अधिक है।

### देश के आर्थिक हालात चिंता का विषय : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि देश के आर्थिक हालात सबके लिए चिंता का विषय हैं और जीएसटी राजस्व संग्रहण घटने की मार राज्यों के आर्थिक हितों पर भी पड़ी है। गहलोत ने कहा, "आज देश के आर्थिक हालात किसी से छिपे नहीं हैं। जीएसटी के कम होते राजस्व संग्रहण की मार राज्यों के आर्थिक हितों पर भी पड़ रही है। रोजगार मिलना तो दूर नौकरियां जा रही हैं। मंदी के कारण आटोमोबाइल कंपनियों को अपना उत्पादन कम करना पड़ा है।" उन्होंने कहा, "इस साल राज्य को केन्द्रीय करों से मिलने वाली हिस्सा राशि तथा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से मिलने वाले अनुदान में करीब 7,300 करोड़ रुपये कम मिलने की संभावना है। ऐसे हालात हम सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।" गहलोत ईडब्ल्यूएस आरक्षण से अचल संपत्ति के प्रावधानों को समाप्त करने पर आभार व्यक्त करने आए लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी फैसले से प्रदेश में सामाजिक सद्भाव का ताना-बाना और मजबूत हुआ है।

**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
(CIN No. L72100DL1993PLC179154)
पंजीकृत कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर-IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-110092

**सूचना**

स्टॉक एक्सचेंज (ों) के पास दर्ज नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि अन्य बातों के अलावा कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को कम्पनी के कार्पोरेट कार्यालय एफसीएस हाउस, प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305 (यू.पी.) में निम्नलिखित पर विचार करने और अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जानी निर्धारित है :-

1. 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम ;
2. श्री राजकुमार मानिकपुरी को कम्पनी के अतिरिक्त निदेशक (गैर-कार्यकारी तथा स्वतंत्र) रूप में नियुक्ति ;

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान : नोएडा — (हर्षा शर्मा)
दिनांक : 6 नवम्बर 2019 — कम्पनी सचिव

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



मनीष

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** मनीष पुत्र सुखदेव सिंह निवासी मकान नं. बी-48, नजदीक एमआरसी स्कूल, फेज-2, विकास नगर, दिल्ली जो दिनांक 02.08.2019 से थाना रनहौला, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता/ अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में डीडी सं. 79-ए दिनांक 10.08.2019 थाना रनहौला, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः-

**उम्रः** 36 साल, **कदः** 5'11", **रंगः** साफ, **चेहराः** लम्बा, **कपड़े** : रंगीन कमीज व ग्रे रंग की जीन्स पैन्ट और पैरों में सैण्डल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई-मेल आईडी **cic@cbi.gov.in** वेबसाइटरू **http://cbi.nic.in**

थानाध्यक्ष
थाना रनहौला, दिल्ली,
बाहरी जिला., दिल्ली
**फोन: 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**
दूरभाष सं. 011-28363001,28363002, 28363003
DP/2824/OD/19

## कोर्ट ने कर्नाटक सरकार से कहा

# टीपू सुल्तान की जयंती पर लगे बैन पर सोचें



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार द्वारा टीपू सुल्तान की जयंती न मनाने का फैसला हाई कोर्ट पहुंच चुका है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि वह अपने इस फैसले पर एक बार फिर से सोचे। बता दें कि इस साल कर्नाटक की बीजेपी सरकार ने फैसला किया है कि वह टीपू सुल्तान की जयंती नहीं मनाएगी। इससे पहले कांग्रेस सरकार टीपू की जयंती मनाती थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा, सरकार को टीपू सुल्तान की जयंती पर बैन लगाने के बारे में एक बार फिर से सोचना चाहिए। इस मामले में सरकार 3 जनवरी 2020 तक अपना जवाब दाखिल करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश देते हुए कहा, जो लोग टीपू सुल्तान की जयंती राज्य में मना रहे हैं, सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए। इस मामले में सुनवाई के दौरान सरकार ने कहा, सरकार ने किसी भी व्यक्ति विशेष को 10 नवंबर को टीपू सुल्तान की जयंती मनाने से नहीं रोका है। लेकिन सरकार ने कहा कि वह पिछली सरकार की तरह टीपू की जयंती नहीं मनाएगी।

### बीजेपी विधायक ने जताया था विरोध

बता दें कि बीजेपी विधायक एम अपाचू रंजन ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने 18वीं सदी में मैसूर पर राज करने वाले शासक टीपू सुल्तान को कन्नड़ विरोधी बताया था। उन्होंने लिखा, इतिहास की किताबों में टीपू सुल्तान का महिमामंडन किया गया है। हमने किताबों में जो इतिहास पढ़ा है, वह पूरा नहीं है। ये पूरी तरह सत्य भी नहीं है। हमें सबसे पहले अब तक टीपू सुल्तान का जो महिमामंडन किया गया है, उसे रोकना होगा। टीपू सुल्तान कभी भी स्वतंत्रता के लिए नहीं लड़ा।

### मुख्य सचिव ने लेख प्रकाशित कराने से पहले अनुमति नहीं ली थी : पी विजयन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने बुधवार को यहां कहा कि मुख्य सचिव टॉम जोस ने पुलिस द्वारा चार संदिग्ध माओवादियों को मार गिराने का बचाव करने वाला लेख प्रकाशित कराने से पहले सरकार से इजाजत नहीं ली थी। विजयन ने विधानसभा में इस बाबत बयान दिया है।जोस ने सत्तारूढ़ एलडीएफ में दूसरे सबसे बड़े साझेदार भाकपा के खिलाफ ऐसे वक्त में लेख प्रकाशित कराके विवाद खड़ा कर दिया है जब विधानसभा का सत्र चल रहा है। इसके बाद विपक्षी कांग्रेस ने उन पर हमला बोला। यह मुद्दा मंगलवार को सदन में भी उठाया गया था। यह मामला जब बुधवार को विधानसभा में आया तो, मुख्यमंत्री ने कहा कि जोस ने सरकार की इजाजत नहीं ली थी और लेख में उन्होंने अपनी निजी राय व्यक्त की है।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (चित्र में दर्शायी गया), जिसका नामः मुकेश, पुत्रः राजा राम, पताः एफ-15, राणा पार्क, सिरसपुर, दिल्ली, उम्र 25 वर्ष, जो दिनांक 0508.2019 से थानाक्षेत्र सुल्तानपुरी, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है। इस बाबत DD No. 86-A, दिनांक 06.08.2019 से थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली में दर्ज है। व्यक्ति का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः रंगः सांवला, कदः 5' फीट, चेहराः गोल, पहनावाः नारंगी रंग की कमीज, नीले रंग की पैन्ट एवं पैरों में चप्पल पहने हुए।



मुकेश

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली को ई-मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 11-24368638 or 24368641 पर दें।


थानाध्यक्ष
थाना, सुल्तानपुरी, दिल्ली
DP/2814/OD/19. — फोनः 011-25472410, 25472166

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहा

# पश्चिम बंगाल सरकार के साथ जंग नहीं है

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार के साथ उनकी कोई जंग नहीं है और उनका उद्देश्य लोगों की सेवा करना है। धनखड़ का पश्चिम बंगाल सरकार के साथ कई मुद्दों पर टकराव रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में विश्वविद्यालयों को उनकी मर्जी के मुताबिक कामकाज नहीं करने दिया जा रहा है। यहां मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित शिक्षा मंच में राज्यपाल ने कहा कि मैं बता दूं कि राज्य सरकार के साथ मेरा कोई युद्ध नहीं चल रहा है। मैं यहां राज्य के लोगों की सेवा करने के लिये आया हूं। धनखड़ ने कहा कि विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति होने के नाते उनका सामना ऐसी कई घटनाओं से हुआ है जो सुर्खियां बन सकती थीं। उन्होंने कहा कि अगर मैं इन सभी के बारे में बताना शुरू कर दूं तो अगले दिन ये अखबारों की सुर्खियां बन जायेंगी। कुलाधिपति के तौर पर हम देख रहे हैं हम विश्वविद्यालयों को उस तरह से कामकाज करने नहीं दे रहे जिस तरह से उन्हें करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जब यही सवाल है कि बड़ा बॉस कौन है, कुलाधिपति या राज्य?" धनखड़ ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालयों के कामकाज में कुलाधिपति और राज्य सरकार की दोनों की भूमिकाएं सुनिश्चित करने की कोशिश की है।



### पश्चिम बंगाल विरासत आयोग ने 'विभाजन संग्रहालय' बनाने का प्रस्ताव दिया

पश्चिम बंगाल विरासत आयोग ने एक ऐसा संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव दिया है जो देश के बंटवारे के दौरान हुए पश्चिम बंगाल के विभाजन को समर्पित हो। विख्यात चित्रकार शुभप्रसन्ना भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाले आयोग ने राज्य सरकार के पास ऐसा संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव हाल में भेजा है। प्रस्ताव है कि संग्रहालय अलीपुर जेल में बनाया जाए। जेल अब विरासत इमारत में तब्दील हो चुकी है। भट्टाचार्य ने बताया कि हमने हाल में प्रस्ताव राज्य सरकार को पेश किया है। इसे लेकर सरकार का रुख सकारात्मक है। देखिए परियोजना कब शुरू होती है। वर्ष 1947 में भारत के बंटवारे के वक्त हिंदू और मुस्लिम आबादी को ध्यान में रखते हुए बंगाल और पंजाब प्रांत का भी विभाजन हुआ था। विभाजन के बाद बंगाल को पूर्वी बंगाल और पश्चिम बंगाल में बांटा गया था। पूर्वी बंगाल पाकिस्तान का हिस्सा बन गया। वर्ष 1956 में इसका नाम बदलकर पूर्वी पाकिस्तान किया गया। बाद में यह बांग्लादेश नाम से स्वतंत्र देश बन गया।

### विज्ञान महोत्सव में कोई प्रतिनिधि नहीं भेजने पर प. बंगाल सरकार पर बरसे बाबुल सुप्रियो

केन्द्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने यहां चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में कोई प्रतिनिधि नहीं भेजने के लिये पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि राज्य में राजनीति ₹सबसे बड़ा प्रदूषक तत्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के नौकरशाहों को केन्द्र द्वारा बुलाई गई बैठक में शरीक नहीं होने दिया गया। सुप्रियो के आरोपों पर पलटवार करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि पूरा देश जानता है कि भाजपा देश में किस तरह का सांप्रदायिक जहर फैला रही है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री सुप्रियो ने कार्यक्रम में कहा कि पश्चिम बंगाल में पांचवां भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव चल रहा है और राज्य के मंत्री यहां मौजूद नहीं हैं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।₹ मंत्री ने साथ ही यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुलाई गई बैठकों में भी शरीक नहीं हुईं।

### कोयला मंत्रालय कोल इंडिया के विदेशों में संपत्ति अधिग्रहण के पक्ष में नहीं: जोशी

कोलकाता। कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने बुधवार को कहा कि उनका मंत्रालय विदेशों में कोल इंडिया (सीआईएल) द्वारा संपत्ति के अधिग्रहण के पक्ष में नहीं है। मंत्री ने कहा कि पिछले साल भारत ने 23.5 करोड़ टन कोयला का आयात किया और इस मद में 2.71 लाख करोड़ रुपये विदेशी पूंजी खर्च हुई। आठवीं एशियन माइनिंग कांग्रेस के दौरान अलग से बातचीत में जोशी ने कहा कि फिलहाल यह सोच है कि विदेशों में कोयला संपत्ति का अधिग्रहण नहीं करना है और केवल प्रतिस्पर्धी मूल्य पर कोयला प्राप्त करने के लिये पहले से आर्डर देने की बात है।उन्होंने कहा कि हमारा इरादा और लक्ष्य बिल्कुल साफ है। हम घरेलू स्तर पर कोयला उत्पादन चाहते हैं। जोशी ने पहले ही कोल इंडिया के लिये एक अरब टन उत्पादन लक्ष्य दो साल खिसकाकर 2023-24 कर दिया है।

**उत्तर रेलवे**

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सीमेंट साइडिंग की सड़क सतह की मरम्मत और एडीईएन/डीएलआई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के अनुभाग में एस एस बी में धूल को नियंत्रित करने के लिए पर्दे की दीवार प्रदान करना। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | 1,81,63,017.94 (रुपये एक करोड़ इक्कासी लाख तिरसठ हजार सत्रह और चौरानवे पैसे केवल) |
| बयाना राशि (₹) | 2,40,800.00 (रुपये दो लाख चालीस हजार आठ सौ केवल) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | 5,900.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 29.11.2019 को 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा आई आर पी एस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जाएंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं. : 128-W/280/इ-निविदा सूचना/37-2019-20/W-3 दिनांकः 05.11.2019 3559/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीएस 6 मानक लागू होने पर मारुति कुछ बड़ी कारों में देगी 1.6 लीटर डीजल इंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में अगले साल अप्रैल के महीने से बीएस 6 मानक लागू होने जा रहे हैं। ऐसे में मारुति इकलौती ऐसी कंपनी है जिसने सबसे पहले अपनी कारों में डीजल इंजन नहीं देने की घोषणा की थी।

- कंपनी अब बीएस6 मानक के अनुसार अपग्रेड डीजल इंजन दे सकती है

कंपनी ने ये भी बताया था कि वो अपनी कुछ बड़ी कारों में बीएस6 मानक के अनुसार अपग्रेड डीजल इंजन दे सकती है। हाल ही में 1.6 लीटर बीएस6 इंजन से लैस मारुति एस-क्रॉस को टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि 2020 में मारुति फिर से अपनी कुछ कारों में 1.6 लीटर डीजल इंजन दे सकती है। टेस्टिंग के दौरान नज़र आई एस-क्रॉस फेसलिफ्ट पर 1.6 की बैजिंग भी दिखाई दी है।

### मारुति ने ही सबसे पहले अपनी कारों में डीजल इंजन न देने की बात कही थी

#### एस-क्रॉस 6 स्पीड मैनुअल गियरबाक्स में उपलब्ध

कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट की मारुति एस-क्रॉस को सबसे पहले नेक्सा डीलरशिप के जरिए बेचा गया था। इस कार में फिएट से लिए गए 1.3 और 1.6 लीटर डीजल इंजन का विकल्प दिया गया है। एस-क्रॉस का 1.6 लीटर इंजन वाला वेरिएंट केवल 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स में ही उपलब्ध था।



#### अभी कंपनी ने 1.6 लीटर के महंगे वेरिएंट बंद किए

यह इंजन 120 पीएस की पावर और 320 एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। एस-क्रॉस के फेसलिफ्ट मॉडल को पेश करने के साथ कंपनी ने अपने टार्गेट कस्टमर को आकर्षित करने के लिए 1.6 लीटर इंजन वाले महंगे वेरिएंट को ही बंद कर दिया।

#### छोटी कारों में पेट्रोल इंजन एकमात्र विकल्प

मारुति स्विफ्ट, विटारा ब्रेजा, डिजायर और बलेनो जैसी छोटी कारों में दिए गए 1.3 लीटर डीजल इंजन को भी बंद कर सकती है। इसके बाद इन कारों में केवल पेट्रोल इंजन का ही एकमात्र विकल्प मिलेगा।

#### 1.5 लीटर डीजल इंजन बंद कर सकती है कंपनी

माना जा रहा है कि मारुति इस कार के साथ 1.6 लीटर डीज़ल इंजन को फिर से पेश करने जा रही है। यह इंजन बीएस6 मानक के अनुसार अपग्रेड होगा। कंपनी इसे सियाज और एक्सएल6 जैसी कारों में भी दे सकती है। माना ये भी जा रहा है कि कंपनी 2018 सियाज़ फेसलिफ्ट के साथ पेश किए गए 1.5 लीटर डीज़ल इंजन को अप्रैल 2020 से पहले बंद कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### एनपीए कम होने से कैनरा बैंक का लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के कैनरा बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 405.49 करोड़ रुपए हो गया। परिचालन से अच्छी आय और फंसे कर्ज में गिरावट इसकी वजह रही। एक साल पहले की जुलाई - सितंबर अवधि के दौरान बैंक को 356.55 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था।

### ई-वाहन चार्जिंग ढांचे पर चल रहा काम: एनटीपीसी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी इलेक्ट्रिक वाहनों (ई - वाहन) के चार्जिंग बुनियादी ढांचे पर काम कर रही है। ई - वाहन एक अच्छा विचार या परिकल्पना है लेकिन बैटरी से जुड़ी चीजें एक अहम मुद्दा है। भार्गव ने भारत ऊर्जा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, एनटीपीसी ई - वाहन के मोर्चे पर दृढ़ता के साथ काम कर रही है।

### नाबार्ड ने 14 कृषि परियोजनाएं शुरू की

**पोर्ट ब्लेयर।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) अंडमान और निकोबार में कृषि क्षेत्र में 14 परियोजनाओं के लिए 120 करोड़ रुपए की पुनर्वित्त सुविधा मंजूर की है। ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए कर्ज देने वाली संस्थाओं को पुनर्वित्त सुविधा देने वाले इस बैंक ने इस केंद्र शासित द्वीप क्षेत्र में एकीकृत खेती तथा कौशल विकास पर विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। शार ने कहा कि नाबार्ड ने अंडमान नीकाबार में कृषि क्षेत्र में 14 परियोजनाओं के साथ कुल 120 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण दिया ह

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला

# हाउसिंग सेक्टर को मिलेंगे 25 हजार करोड़: निर्मला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अटके हुए हाउजिंग प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 25,000 करोड़ रुपये का वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) बनाने की मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। वित्त मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि इस 25,000 करोड़ रुपये के कोष के लिए सरकार, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी धन उपलब्ध कराएंगी। इसमें सरकार की तरफ से 10 हजार करोड़ का फंड उपलब्ध कराया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को ही वित्त मंत्री ने कहा था कि अब आर्थिक सुधारों के कदम तेजी से उठाए जाएंगे।

- 10 हजार करोड़ के स्पेशल फंड को मंजूरी दी
- अधूरे प्रॉजेक्ट को पूरा करने में मदद मिलेगी
- एनपीए में आ चुके प्रॉजेक्ट को फायदा होगा



### एनपीए प्रॉजेक्ट को भी फायदा

वित्त मंत्री ने कहा, 'इस फंड के द्वारा एक अकाउंट में पैसे डालकर अपूर्ण प्रॉजेक्ट को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में यह आकाउंट एसबीआई के पास होगा। सीतारमन ने कहा, 'रेरा में जो भी इनकंप्लीट प्रॉजेक्ट हैं उनको एक प्रोफेशनल अप्रोच के तहत सहयोग दिया जाएगा। उन्हें आखिरी स्टेज तक मदद दी जाएगी। यानी अगर 30 प्रतिशत काम अधूरा है तो जबतक प्रॉजेक्ट पूरा नहीं होगा, उन्हें मदद दी जाएगी ताकि होम बायर को जल्दी से जल्द मकान हैंड ओवर हो जाएगा। अगर यह एनपीए भी होगा तब भी उसकी मदद की जाएगी।' साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि एनसीएलटी के तहत आने वाले प्रॉजेक्ट भी इसका फायदा उठा सकेंगे। उन्होंने कहा है कि अगर कंपनी लिक्विडेशन की तरफ जाती है तो उसे इसका फायदा नहीं मिल पाएगा। वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर किसी यूनिट का एक प्रॉजेक्ट शुरू हुआ है और पूरा नहीं हो पाया है, उसे सहयोग मिलेगा लेकिन उसी कंपनी का दूसरा प्रॉजेक्ट जो शुरू नहीं हुआ है, उसे इसका लाभ नहीं मिलेगा।

### 1,600 आवासीय परियोजनाओं को लाभ

सीतारमण ने कहा कि इस कोष से 4.58 लाख घरों की 1,600 आवासीय परियोजनाओं को फायदा होगा। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस 25,000 करोड़ रुपये के कोष से अटकी परियोजनाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से धन उपलब्ध कराया जाएगा। चरण पूरा होने के बाद राशि जारी की जाएगी। इसमें सरकार का योगदान 10 हजार करोड़ का होगा। आगे और भी संस्थान इसके साथ जुड़ेंगे और फिर फंड की राशि बढ़ाई जा सकती है।

## वाहन को कबाड़ करने की इकाई लगाएंगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी और टोयोटा सुशो समूह ने संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की है। यह संयुक्त उद्यम वाहन को कबाड़ बनाने और उसका पुनर्चक्रण यानी रिसाइक्लिंग करने की इकाई स्थापित करेगा। इस संयुक्त उद्यम मारुति सुजुकी टोयोत्सु इंडिया प्राइवेट लि.(एमएसटीआई) में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत की होगी। शेष 50 प्रतिशत हिस्सेदारी टोयोटा सुशो समूह की कंपनियों-टोयोटा सुशो कॉरपोरेशन और टोयोटा सुशो इंडिया प्राइवेट लि. के पास रहेगी। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि एमएसटीआई 2020-21 के दौरान उत्तर प्रदेश के नोएडा में वाहन को कबाड़ और रिसाइकिल करने का कारखाना लगाएगी। बयान में कहा गया है कि देश के अन्य हिस्सों में इस तरह की इकाइयां लगाई जाएंगी।



### मुकेश व राजकुमार ने प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** मुकेश कुमार गुप्ता और राजकुमार ने आज एलआईसी के नए प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति सरकारी अधिसूचना संदर्भ एफ. सं. ए-150111/01/2018-आईएनएस. दिनांक 1.11.2019 द्वारा अधिसूचित की गई थी। यह पदभार ग्रहण करने से पूर्व मुकेश कुमार गुप्ता कार्यकारी निदेशक (कार्मिक) के पद पर कार्यरत थे। इससे पूर्व वह क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी), मध्य क्षेत्र, भोपाल में थे। उनके द्वारा धारित प्रमुख पदों में कार्यकारी निदेशक (बैंक इंश्योरेंस एवं वैकल्पिक चैनल), निदेशक (प्रबंधन विकास केन्द्र), प्रमुख (मार्केटिंग), क्षेत्रीय प्रबंधक (मार्केटिंग), पश्चिमी जोन, मुंबई शामिल हैं। उन्होंने दो महत्वपूर्ण मंडलों जैसे अमृतसर एवं हैदराबाद के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक के रूप में भी अग्रणी पदो पर कार्य किया है। राजकुमार के पास निगम में विभिन्न पदों जैसे कार्यकारी निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एलआईसी म्युचुअल फंड ऐसेट मैनेजमेंट लि. क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी), मध्य क्षेत्र, भोपाल, कार्यकारी निदेशक (एचआरडी-ओडी), कार्यकारी निदेशक (सम्पदा एवं कार्यालय सेवाएं), प्रमुख (ग्राहक सम्बंध प्रबंधन) और प्रमुख (कार्मिक) के पद पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने सचिव (कार्मिक), वरि. मंडल प्रबंधक (प्रभारी) गोरखपुर एवं जयुपर मंडलों में प्रमुख पदों पर भी कार्य किया है।

# सुधार की उम्मीद के बीच सेंसेक्स नई ऊंचाई पर

एजेंसी ⏭ मुंबई



वृद्धि को प्रोत्साहन के लिए और सुधारों की उम्मीद के बीच बैंक शेयरों में लाभ से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 222 अंक की बढ़त के साथ 40,469.78 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दिन में एक समय 40,606.91 अंक तक भी पहुंच गया था, जो कारोबार के दौरान अब तक दर्ज इसका सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले चार नवंबर यानी सोमवार को सेंसेक्स 40,301.96 अंक के नए उच्चस्तर पर बंद हुआ था।

- बीएसई 40,470 और निफ्टी 11,966 अंक पर
- बैंक शेयरों में लाभ से सेंसेक्स 222 अंक उछला

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 12,000 अंक के स्तर को छूने के बाद अंत में 48.85 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,966.05 अंक पर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार शाम को कहा था कि सरकार रियल्टी क्षेत्र के समक्ष आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए कदम उठा रही है।

#### रीयल्टी व वित्तीय शेयरों में रही तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वित्त मंत्री द्वारा निकट भविष्य में सुधारों की रफ्तार तेज करने की प्रतिबद्धता जताने के बाद बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया। नए उपायों की उम्मीद के बीच रियल्टी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा।

#### ये रहे लाभ में

सेंसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, यस बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.64 प्रतिशत तक चढ़ गए।

#### इनमें रही गिरावट

वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, ओएनजीसी, एचसीएल टेक, आईटीसी और सनफार्मा में 3.31 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज हुई।



मुंबई। 23 अक्टूबर-2019 को मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में इक्नोमिक टाईम्स द्वारा 'बिजनेस लीडर ग्रुप-2019' हेतु टैक्सटाईल और वस्त्र उद्योग में टीटी ग्रुप ने पिछले 50 वर्षों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस ग्रुप के ब्रांड एबम्बेस्डर विश्व के नंबर-1 पहलवान बजरंग पुनिया है।



### सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2019

**नई दिल्ली।** पावरग्रिड, उत्तरी क्षेत्र-1 मुख्यालय में दिनांक 28अक्टूबर से 02 नवम्बर 2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।इसवर्ष केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सतर्कता जागरुकता सप्ताह, 2019 का मुख्य विषय " ईमानदारी - एक जीवन शैली रखा गया था। इस अवसर पर सप्ताह की शुरुआत श्री हेमन्त कुमार मल्लिक , कार्यपालक निदेशक (उ.क्ष-1) ,श्री वाई. के दीक्षित , मुख्यमहाप्रबन्धक ( ए.एम एवं यू.एल.डी सी), श्री एस.सी अग्रवाल , मुख्य महाप्रबन्धक(टेलीकाम), श्री शुभांकर दास, मुख्य महाप्रबन्धक ( सतर्कता ) आदि द्वारा पावरग्रिड,उ.क्षे-1एवं टेलीकामके सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाने के साथ हुई। सप्ताह के दौरान सभी कर्मचारियों ने विविध कार्यक्रमों ,आन- लाइन क्विवज ,वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं साथ ही पद यात्रा , नुक्कण नाटक आदि में अत्यन्त उत्साह के साथ भाग लिया ।दिनांक 31.10.19 को विक्रेताओं के साथ चर्चा सत्र का आयोजन हुआ। मुख्यअतिथिडॉ श्री मधुकर गुप्ताभारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के अपर सचिव (डीपीई) द्वारा पावरग्रिड उ.क्षे-1 के समापन समारोह के दिन समस्त प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर परस्वागतभाषण श्री एस. दास ,मुख्य महाप्रबन्धक (सतर्कता) द्वारा दिया गया। श्री हेमन्त कुमार मल्लिक , कार्यपालक निदेशक (उ.क्ष-1) द्वारा" ईमानदारी – एक जीवन शैली" पर अपने मुख्य विचार प्रस्तुत किए एवं साथ ही मुख्य अतिथि को पावरग्रिड के विविध क्रिया-कलापों एवं व्यवस्था में व्यापक सुधार हेतु किए गए सुधारों के विषय में भी बताया।

## सोने में 301 रु. की गिरावट चांदी भी 906 रुपए टूटी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के कारण दिल्ली सराफा बाजार में सोना 301 रुपए गिरकर 38,870 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी बाजार में तकनीकी सुधार के बीच भाव 906 रुपए टूट कर 47,415 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुआ। मंगलवार को सोना 39,171 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, वैश्विक बाजार में कल रात की गिरावट के बाद दिल्ली में 24 कैरेट सोने के भाव में 301 रुपए की नरमी देखी गई। रुपए की विनिमय दर में नरमी से सोने में गिरावट कुछ सीमित हुई। रुपया कमजोर चल रहा : पटेल ने कहा कि विदेशी विनिमय के हाजिर बाजार में रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 25 पैसे कमजोर चल रहा था। वैश्विक बाजार में सोना 1,486 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित था। चांदी भी 17.54 डॉलर प्रति औंस के पिछले स्तर पर ही थी।

- सोना घटकर 38,870 रुपए प्रति दस ग्राम
- वैश्विक बाजार में कमजोर रुख रहा

# भारत में इस्पात खपत नई ऊंचाई पर पहुंचने की राह पर : प्रधान

**नई दिल्ली।** देश में इस्पात खपत नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की राह पर है ऐसे में निवेशकों को भारत की आर्थिक वृद्धि की इस कहानी में भागीदार बनने के लिए आगे आना चाहिए। केंद्रीय इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह बात कही। प्रधान ने कहा कि सरकार की विभिन्न नीतियों तथा उद्योग की उद्यमिता की भावना की वजह से इस्पात क्षेत्र अधिक गतिशील, दक्ष, पर्यावरण अनुकूल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो रहा है।



#### भारत वृद्धि के अगले चरण की ओर अग्रसर

इंटरनेशनल क्रोमियम डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईसीडीए) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा, इस्पात के इस्तेमाल तथा देश की आर्थिक वृद्धि के बीच एक मजबूत सकारात्मक पारस्परिक संबंध है। भारत वृद्धि के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है।

#### इस्पात के खपत में बड़ा उछाल

सरकार भविष्य के बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्मार्ट शहर, औद्योगिक गलियारों आदि पर ध्यान दे रही है। ऐसे में देश में इस्पात की खपत में एक बड़ा उछाल आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है।

#### कारोबार सुगमता पर जोर

सरकार का कारोबार सुगमता के साथ जीवनयापन सुगमता पर भी जोर है। देश की आर्थिक वृद्धि बुनियादी ढांचा, डिजिटल अर्थव्यवस्था, लघु और मझोले उपक्रमों में रोजगार सृजन से आगे बढ़ेगी। हमारी 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल से घरेलू मूल्यवर्धन को प्रोत्साहन मिल रहा है।'

#### सरकार का निवेश अनुकूल कामकाज

प्रधान ने कहा, 'हमारी सरकार ने निवेश अनुकूल कामकाज के संचालन, राजनीतिक स्थिरता, अनुकूल नीतियों और एक बड़े विविधीकृत बाजार के जरिए भारत को कंपनियों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाया है।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

INDIA'S No. 1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टुटने नहीं दूँगा
11मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे: वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पैशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुशमन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**ज्योतिष**

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरु मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रुकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**ज्योतिष**

तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गारंटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतल व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

**चिकित्सा**

बढ़ाइये अपनी सुंदरता का साइज
अविकसित व छोटे ब्रेस्ट को टाइट, सुडोल,आकर्षक व खूबसूरत बनायें। घर बैठे दवा मंगायें।
15 दिनों में फर्क देखें
फोन करें फ्री सलाह लें
1250/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉमप्लैक्स,दुकान न. 22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055
0129-4310066

**लोन**

☞ दिवाली धमाका ऑफर महिन्द्रा फाइनेंस द्वारा आधारकार्ड मार्कशीट प्रोपर्टी पर्सनल बिजनेस समस्त लोन घर बैठे पाएं फाइल चार्ज लोन से कटेगा महिलाओं के लिए विशेष छूट 2% ब्याज छूट 50% Mb. 88084-14358

**टावर**

☞ GOVT APPROVED COMPANY द्वारा अपनी खाली जमीन छत प्लांट पर मल्टीमीडिया टावर लगवाये 40 लाख एडवास 25000 किराया कोर्ट एग्रीमेन्ट email Hindustantawer31@gmail.com 7381258744

☞ महालक्ष्मी टावर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टावर लगवायें आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टावर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, प्लाट पर, 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट, 2 लोगों को नौकरी, सम्पर्क करें 9548973844, धोखेबाजों से सावधान।

**लोन**

☞ उज्जीवन इन्डिया फाइनेंस कम्पनी देश की नम्बर 1 कम्पनी BPL GROUP लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें सभी योजना के अंतर्गत 2% ब्याज 40% छूट 50 लाख तक लोन करवाये धोखेवाजो से सावधान 7381258236

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं JEEVAN BHARTI FINANCE जनधन योजना के अन्तर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित, 94662-46258

☞ श्रीराम फाइनेंस प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत घर बैठे मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधार कार्ड, बिजनेस, खेतीबाडी, पशुपालन व सभी प्रकार के लोन 1% ब्याज 50% छूट धोखा खाये व्यक्ति सम्पर्क करें टोलफ्री नं. 18001033950

**लोन**

☞ Mittal India Finance कम्पनी देश की नम्बर-1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज, 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएँ, विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान वाट्सऐप नं. 63976-88983

**चिकित्सा**

शराब छुडवायें
हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना
मैं, कुलवती पत्नी श्री राजपाल निवासी गांव सरूरपुर, उप तहसील गौंच्छी, जिला फरीदाबाद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र आजाद मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैंने व मेरे परिजनों ने इससे संबंध विच्छेद कर लिया है। मैं इसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल हूं। इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

J-(Civil)205
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF SH. ARUN KUMAR GARG, ACJ-CCJ-ARC, ROOM NO. 201, DWARKA COURTS, NEW DELHI.**
CASE NO. CSSCJ/923/2018
DATE OF ORDER 22.10.2019
DATE OF FILING OF P.F. 24.10.2019
DATE OF ISSUE 24.10.2019
NEXT DATE OF HEARING 18.12.2019
**DR. MEDITECH SURGICAL AND DIAGNOSTICS (INDIA) PVT. LTD.**
**PLAINTIFF**
**Vs.**
**OM PREMIA HOSPITAL (A UNIT OF SOALNI HEALTHCARE PVT. LTD.)**
**DEFENDANT**
To,
1. OM PREMIA HOSPITAL (A UNIT OF SOALNI HEALTHCARE PVT. LTD.) THROUGH DIRECTORS / MANAGING DIRECTOR HAVING ITS OFFICE AT : 56 KM, STONE, NH-2, DELHI MATHURA ROAD, PALWAL-121102.
**Defendant**
The defendants above named.
Whereas plaintiff has instituted the above suit, against you for **RECOVERY OF MONEY,** you are hereby summoned to appear in this court in person or by a pleader on the **18th day of DECEMBER of 2019 at 10:00** O'clock, to answer the same, failing which the suit / application will be disposed of ex parte.
Given under my hand and the seal of the Court this 24.10.2019.
**Sd/- (SH. ARUN KUMAR GARG)**
ACJ/CCJ/ARC DWARKA COURTS NEW DELHI.

## खबर संक्षेप

### युवा गोलकीपर धीरज भारतीय टीम में शामिल



नई दिल्ली। युवा गोलकीपर एम धीरज सिंह को इस महीने के आखिर में अफगानिस्तान और ओमान के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप 2022 क्वालीफाइंग मैचों के लिए भारत की 26 सदस्यीय टीम में चुना गया है। भारतीय टीम दुशांबे में अफगानिस्तान के खिलाफ 14 नवंबर को खेलेगी जबकि ओमान से उसका सामना 19 नवंबर को मस्कट में होगा। भारतीय टीम पांच सितंबर को गुवाहाटी में हुए घरेलू चरण के मैच में ओमान से 1-2 से हार गई थी।

### भारत अगले विश्व कप के प्रबल दावेदारों में

मुंबई। आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने बुधवार को कहा कि टी20 क्रिकेट थोड़ा लॉटरी की तरह है लेकिन उन्होंने कहा कि अगले साल उनके देश में होने वाले इस प्रारूप के आईसीसी विश्व कप में भारत प्रबल दावेदारों में से एक होगा। शायद वे (भारत) सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंच सकते हैं। मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि कौन इस खिताब को जीतेगा लेकिन मुझे प्रबल दावेदारों में भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लंबा सफर तय करने, निश्चित रूप से सेमीफाइनल तक पहुंचने की उम्मीद है।

### धोनी के कमेंटरी करने की संभावना नहीं



नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के करीबी सूत्रों के अनुसार इस पूर्व भारतीय कप्तान के बांग्लादेश और भारत के बीच दिन रात्रि टेस्ट मैच में कमेंटरी में पदार्पण करने की संभावना नहीं है। मेजबान प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने इस ऐतिहासिक मैच में धोनी के कमेंटरी करने के लिए बीसीसीआई को प्रस्ताव भेजा था लेकिन बोर्ड ने अभी जवाब नहीं दिया है। धोनी जुलाई में विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं और बीसीसीआई के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं।

### भूपति बोले- बर्खास्तगी की बात अस्वीकार्य



नई दिल्ली। महेश भूपति का कहना है कि डेविस कप टीम की कप्तानी से हटाये जाने से उन्हें कोई परेशानी नहीं है लेकिन राष्ट्रीय टीम के प्रति कर्तव्य का पालन नहीं करने का टेनिस महासंघ का आरोप उन्हें अस्वीकार्य है। भारतीय टेनिस इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक भूपति ने कहा कि पाक में खेलने के लिए वह कभी उपलब्ध नहीं थे। अब यह मैच इस्लामाबाद की जगह तटस्थ स्थान पर आयोजित कराया जाएगा। एआईटीए ने भूपति की जगह पूर्व डेविस कप खिलाड़ी रोहित राजपाल को कप्तान बनाया है। भूपति ने इंटरव्यू में कहा, 'मैं 12 ग्रैंड स्लैम जीतने और देश के लिए 25 साल तक खेलने के बाद किसी को यह कहने की इजाजत नहीं दूंगा कि मुझे इसलिए हटाया गया कि मैंने राष्ट्रीय टीम के प्रति अपना फर्ज नहीं निभाया।

### महेश्वरी ने 3000 मी स्टीपलचेज में राष्ट्रीय जूनियर रिकॉर्ड बनाया

गुंटूर। तेलंगाना की जी महेश्वरी ने बुधवार को 35वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के अंतिम दिन बालिका अंडर-20 3000 मीटर स्टीपलचेज खिताब जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महेश्वरी ने 10 मिनट 34.10 सेकेंड का समय निकाला और वह टूर्नामेंट में पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 12.71 सेकेंड आगे रहीं। महेश्वरी ने पहले के 10:53.91 के राष्ट्रीय जूनियर रिकॉर्ड को आसानी से पीछे छोड़ा जो नंदिनी गुप्ता ने 2017 में लखनऊ में बनाया था। मेजबान देश के नालुबोथु शानमुगा श्रीनिवास ने लड़कों के अंडर-18 की 200 मीटर दौड़ में कमाल दिखाते हुए मीट रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 21.34 सेकेंड से पिछले साल रांची में बनाए गए निसार अहमद के समय से 0.16 सेकेंड का बेहतर समय निकाला।

क्रिकेट : दूसरा टी20 आज शाम 7 बजे से, मेहमान टीम 1-0 से आगे

# श्रृंखला में बराबरी करने उतरेगी टीम इंडिया बांग्लादेश की नजरें एक और उलटफेर पर

एजेंसी ▶▶ राजकोट

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में एक बार फिर दबाव में आया भारत गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत के साथ श्रृंखला बराबर करने के इरादे से उतरेगा। इस मैच में चक्रवातीय तूफान का खतरा भी मंडरा रहा है। भारत को दिल्ली में वायु प्रदूषण के बीच रविवार को पहले टी20 मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

- कोहली की अनुपिस्थिति में रोहित संभाल रहे कप्तानी

बांग्लादेश के लिए यह नतीजा बेहतरीन है जो वेतन और अन्य मुद्दों को लेकर खिलाड़ियों की हड़ताल के बाद यहां आई है जबकि भारत दौरे पर रवाना होने से ठीक पहले भ्रष्ट संपर्क की सूचना नहीं देने के लिए टीम के सबसे बड़े खिलाड़ी शाकिब अल हसन को निलंबित कर दिया गया। भारत को पिछले कुछ समय में टी20 प्रारूप में वैसी सफलता नहीं मिली है जैसी टीम ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में हासिल की है और यह इस साल के नतीजों में भी झलकता है। भारत को इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर हार का सामना करना पड़ा जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला बराबरी रही। भारत ने टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका का क्लीनस्वीप किया था।






### मैचों का शतक पूरा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे रोहित



कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा जब गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे मैच में खेलने के लिए मैदान पर उतरेंगे तो वह 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी और विश्व क्रिकेट में यह उपलब्धि अपने नाम कराने वाले दूसरे क्रिकेटर बन जाएंगे। पाकिस्तान के शोएब मलिक (111 टी20 मैच) ही एकमात्र खिलाड़ी हैं जो विश्व क्रिकेट में 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय से ज्यादा मैच खेल चुके हैं। रोहित इस प्रारूप में 2452 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर हैं और नियमित कप्तान विराट कोहली इस सूची में कुल 2450 रन से दूसरे नंबर पर काबिज हैं। रोहित ने 136.67 के स्ट्राइक रेट से रन जुटाये हैं जिसमें चार शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं।

### चक्रवात 'महा' का संकट

नियमित कप्तान विराट कोहली सहित कुछ सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में युवा खिलाड़ियों के पास यह श्रृंखला अपनी क्षमता दिखाने का मौका है। यह सारी चीजें हालांकि इस पर निर्भर करेंगी कि चक्रवात 'महा' का शहर के मौसम पर क्या असर पड़ता है। इस चक्रवातीय तूफान के मैच के दिन गुजरात के तट से टकराने की संभावना है। श्रृंखला के पहले मैच में हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया था कि भारतीय टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई और डीआरएस पर कुछ गलत फैसलों ने भी इस हार में भूमिका निभाई।

## कश्यप और प्रणीत चीन ओपन के दूसरे दौर में, साइना हारी



एजेंसी ▶▶ फुजोउ

खराब फार्म से जूझ रही पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल बुधवार को यहां स्थानीय दावेदार काइ यान यान के खिलाफ पहले दौर में हारकर सात लाख डालर इनामी चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

- सिर्फ 24 मिनट में सानिया को 9-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी

दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी साइना को महिला एकल के पहले दौर के मुकाबले में सिर्फ 24 मिनट में सीधे गेम में चीन की खिलाड़ी के खिलाफ 9-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। पुरुष एकल में साइना के पति और निजी कोच पारूपल्ली कश्यप ने थाईलैंड के सिथिकोम थमासिन के खिलाफ सीधे गेम में आसान जीत दर्ज की। कश्यप ने थाईलैंड के विरोधी को 43 मिनट में 21-14, 21-3 से हराया। वह दूसरे दौर में सातवें वरीय डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत ने भी इंडोनेशिया के टामी सुगियार्तो को 52 मिनट चले कड़े मुकाबले में 15-21 21-12 21-10 से हराया। दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी प्रणीत अगले दौर में डेनमार्क के चौथे वरीय एंडर्स एंटोनसेन से भिड़ेंगे।

### प्रणव-सिक्की की जोड़ी भी बाहर

प्रणव जैरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को वैंग ची लिन और चेंग ची या की चीनी ताइपे की जोड़ी के हाथों 14-21, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद से 29 साल की साइना अपनी फिटनेस को लेकर मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। साइना लगातार तीन टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर होने के बाद पिछले महीने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

## नाकआउट की दहलीज पर पहुंचा लीवरपूल



लीवरपूल। एलेक्स आक्सलेड चैम्बरलिन के गोल की मदद से लीवरपूल ग्रुप ई में मंगलवार को गेंक को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग के नाकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गया। लीवरपूल को 14वें मिनट में जार्जिनियो विनालदम ने बढ़त दिलाई लेकिन एमबवाना समाता ने 40वें मिनट में गेंक को बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक स्कोर 1-1 से बराबर था। दूसरे हाफ के आठवें मिनट में आक्सलेड चैम्बरलिन ने लीवरपूल को दोबारा 2-1 से आगे कर दिया। दोनों टीमों ने इसके बाद गोल करने के कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस जीत से लीवरपूल के चार मैचों में तीन जीत से नौ अंक हो गए हैं और टीम ग्रुप में शीर्ष पर है। नापोली आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। गेंक की टीम एक अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

## हकीमी के दो गोल से डोर्टमंड ने इंटर मिलान को हराया

एजेंसी ▶▶ डोर्टमंड

अशरफ हकीमी के दो गोल की मदद से बोरूसिया डोर्टमंड ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मंगलवार को चैंपियंस लीग के रोमांचक मुकाबले में इंटर मिलान को 3-2 से हराया।

डोर्टमंड की टीम मध्यांतर तक 0-2 से पीछे थी लेकिन हकीमी की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही। लोटारो मार्टिनेज ने पांचवें मिनट में ही मिलान को बढ़त दिला दी जबकि मातियास वेचिनो ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में हकीमी ने डोर्टमंड को शानदार वापसी दिलाई। हकीमी ने दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में डोर्टमंड की ओर से पहला गोल दागा जबकि जूलियन ब्रंट ने टीम को बराबरी दिलाई। मोरक्को के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हकीमी ने मैच खत्म होने से 13 मिनट पहले डोर्टमंड को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इस जीत से डोर्टमंड की टीम चार मैचों में सात अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना आठ अंक के साथ शीर्ष पर है। मिलान की टीम चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।




चैंपियंस लीग : डोर्टमंड चार मैचों में सात अंक के साथ दूसरे स्थान पर

## चेज और होप ने दिलाई वेस्टइंडीज को जीत

- चेज को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया

लखनऊ। रोस्टन चेज के हरफनमौला प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज शाई होप की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में अफगानिस्तान की टीम कैरेबियाई गेंदबाजों के सामने 194 रन पर सिमट गई। जवाब में वेस्टइंडीज ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए चेज (94) और होप (नाबाद 77) के बीच तीसरे विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी की बदौलत 21 गेंदें शेष रहते तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैरेबियाई टीम ने 46.3 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी में 31 रन देकर दो विकेट लेने वाले चेज को इस हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। अफगानिस्तान की ही तरह वेस्टइंडीज की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। अफगान टीम की तरफ से गेंदबाजी की शुरुआत करने आये ऑफ स्पिनर मुजीबउर्रहमान ने अपने तीसरे ओवर में ओपनर एविन लेविस (07) को 12 के कुल स्कोर पर पगबाधा आउट कर दिया। उसके बाद बल्लेबाजी के लिए आये शिमरॉन हेटमेयर (03) भी कोई कमाल नहीं कर सके और तेज गेंदबाज नवीन उल हक की खूबसूरत आउटस्विंग गेंद पर विकेटकीपर इकराम अलीखिल को कैच दे बैठे।

### नार्थईस्ट यूनाईटेड की टीम हैदराबाद को हरा शीर्ष पर

हैदराबाद। मेक्सी बरेरो के 86वें मिनट में पेनल्टी पर किये गये गोल की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने बुधवार को यहां हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सत्र के अपने चौथे मैच में मेजबान हैदराबाद एफसी को 1-0 से हराया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की चार मैचों में यह दूसरी जीत है और टीम के अब आठ अंक हो गये हैं और वह अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड इस सीजन में अब तक अपराजित चल रही है। दूसरी तरफ हैदराबाद की चार मैचों में यह तीसरी हार है और टीम नौवें नंबर पर बनी हुई है। पहले हाफ में दोनों टीमों ने करीब 8000 दर्शकों की मौजूदगी में अच्छा खेल दिखाया और अपने डिफेंस को मजबूत करते हुए कुछ अहम आक्रमण किए। लेकिन दोनों ही टीमें बढ़त हासिल नहीं कर सकी। मैच के अंतिम 10 मिनट नाटकीय रहे। खेल के 84वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को पेनल्टी मिली।

गुमशुदा / अपहृत की तलाश



शिवानी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** शिवानी, **पुत्रीः** आनंद शर्मा, **पताः** ए–12, सोम बाज़ार के समीप, विकास नगर, दिल्ली, **उम्रः** 18 साल, **कदः** 5′, **चेहराः** गोल, **रंगः** गेहुंआ, **पहनावाः** पीले रंग का सूट–संतरी रंग की सलवार और पैरों में जूते पहने है, जो दिनांक 10.08.2019 से पुलिस स्टेशन रनहौला क्षेत्र, दिल्ली से लापता /अपहृत है। इस बाबत **DD No. 59-A दिनांक 14.08.2019, थानाः रनहौला, क्षेत्र, दिल्ली,** में दर्ज है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/2825/OD/19

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन, रनहौला, दिल्ली
फोनः 011-28363001, 28363002 & 28363003

गुमशुदा की तलाश



देवेन्द्र उर्फ दिनेश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** देवेन्द्र उर्फ दिनेश, **पुत्रः** राम फूल सिंह, **पताः** म॰ नं॰ ई–274/1, ग्राउण्ड फ्लोर, गली न॰ 10, टाली वालान बस्ती, आनन्द पर्वत, दिल्ली, **उम्रः** 39 साल, **कद**–6′, **चेहराः** गोल, **जिस्मः** मजबूत, **रंगः** गोरा, **पहनावाः** भूरे रंग की टी–शर्ट व सलेटी रंग की पैन्ट तथा पैरों में चप्पल पहने है, जो दिनांक 28.10.2019 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 25A दिनांक 30.10.2019, थानाः आनन्द पर्वत, दिल्ली,** में दर्ज है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नही हो पाया है। अगर किसी को भी इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/6705/CD/19

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन, आनन्द पर्वत, नई दिल्ली,
फोनः 011-28762468, 28764807

टोक्यो ओलंपिक के लिए दांव पर लगे कम से कम तीन कोटे से चूक गए

# भारतीय निशानेबाजों ने आठ और पदक जीते

भाषा ▶▶ दोहा

भारतीय निशानेबाजों ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन आठ पदक हासिल किए लेकिन टोक्यो ओलंपिक के लिए दांव पर लगे कम से कम तीन कोटे से चूक गए। इस तरह भारत की पदकों की संख्या 13 हो गई है क्योंकि निशानेबाजों ने मंगलवार को पांच पदक अपने नाम किए थे। भारत के चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक हैं। केनान चेनाई पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन में 122 अंक से दूसरे स्थान पर रहे थे लेकिन छह पुरुषों के फाइनल में छठे स्थान पर रहे। वह फाइनल में पहले 25 शाट में केवल 13 पर सफल निशाना लगा पाए। कुवैत, चीनी ताइपे और कतर ने तीन कोटे स्थान हासिल किए। केनान, मानवजीत सिंह संधू और पृथ्वीराज की भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने कुल 357 अंक के स्कोर से रजत पदक प्राप्त किया जिससे टीम कुवैत से छह अंक से पीछे रही जिसने स्वर्ण जीता। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में अनीश भानवाला क्वालीफिकेशन में 574 के स्कोर से 11वें स्थान पर रहे। इससे उनकी इस स्पर्धा में उपलब्ध तोक्यो ओलंपिक 2020 के चार में से एक कोटा हासिल करने की उम्मीद भी टूट गई। वह थाईलैंड के प्रतिस्पर्धी से ओलंपिक कोटा चूके



जो 10वें स्थान पर रहकर दांव पर लगे चौथे कोटे को हासिल करने में सफल रहे। स्पर्धा के अन्य कोटे जापान, कोरिया और पाकिस्तान के नाम रहे। चीन के लिन जुनमिन ने स्पर्धा का स्वर्ण जीता जबकि चीन ने सभी व्यक्तिगत पदक हासिल किए। अनीश, भावेश शेखावत और आदर्श सिंह की भारतीय तिकड़ी ने 1716 अंक के संयुक्त स्कोर से टीम कांस्य जीता। कोरिया ने रजत और चीन ने स्वर्ण हासिल किया। इसी स्पर्धा में जूनियर वर्ग में भारतीयों ने अपने सीनियर निशानेबाजों की तरह प्रदर्शन दिखाया। आयुष जिंदल, आयुष सांगवान और जपत्येश जसपाल ने टीम स्पर्धा का कांसा प्राप्त किया। भारत ने जूनियर पुरुष और महिला 50 मीटर राइफल प्रोन प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, रजत और दो कांस्य जीते। नीरज कुमार, आबिद अली खान और हर्षराजसिंहजी गोहली ने 1845 अंक से चीन और कोरिया से आगे रहते हुए स्वर्ण जीता। नीरज ने अपने 616.3 अंक के प्रयास से व्यक्तिगत रजत और आबिद ने 614.4 अंक के स्कोर से कांस्य प्राप्त किया। निश्चल, भक्ति खामकर और किनोरी कोनार ने 1836.3 अंक के कुल स्कोर से जूनियर महिला प्रोन टीम ने स्वर्ण हासिल किया। चीन और कोरिया दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। निश्चल और भक्ति ने क्रमशः व्यक्तिगत रजत और कांस्य भी प्राप्त किए।

## खबर संक्षेप

### ईरान में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**तेहरान।** दक्षिणी ईरान के बंदरगाह शहर बंदर अब्बास पर बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर 5.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूरोपीय-भूमध्यसागर भूकंप संबंधी केन्द्र ने यह जानकारी दी। भूकंप का केन्द्र बंदर अब्बास शहर के लगभग 125 किलोमीटर पश्चिम में था। हालांकि भूकंप में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। गौरतलब है कि ईरान के ऐतिहासिक शहर बाम में 2003 में आए 6.6 तीव्रता के भूकंप से 26,000 लोगों की मौत हो गई थी।

### पाकिस्तान में बना डेंगू मामलों का नया रिकार्ड

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मौजूदा साल में डेंगू के मामलों का नया रिकार्ड बना है। इस साल अभी तक डेंगू के 44 हजार मामले सामने आ चुके हैं। देश में इस बीमारी की चपेट में आज तक कभी भी इतने लोग नहीं आए थे। इस साल इस बीमारी के कारण अभी तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले पाकिस्तान में 2011 में डेंगू ने 27 हजार लोगों को अपनी चपेट में लिया था। लेकिन, उस साल इस बीमारी से आज की तुलना में अधिक लोग मरे थे। 2011 में 370 लोगों की डेंगू से मौत हुई थी। डॉन न्यूज की रिपोर्ट में बताया गया है कि मौजूदा साल में पाकिस्तान में डेंगू के कुल 44415 मरीज सामने आए हैं। बीमारी के सर्वाधिक मरीज (12433) राजधानी इस्लामाबाद में पाए गए।

### हांगकांग में बीजिंग समर्थक सांसद पर चाकू से हमला

**हांगकांग।** हांगकांग में बीजिंग समर्थक एक नेता पर बुधवार को चाकू से हमला हुआ। हमला तब हुआ जब सांसद जूनिस हो हांगकांग के बाहरी क्षेत्र में चीन की सीमा से लगते अपने निर्वाचन क्षेत्र तेन मून में चुनाव प्रचार कर रहे थे। हमलावर उनके पास बुके लेकर आया था। ऑनलाइन मौजूद फुटेज में हमलावर व्यक्ति नेता से एक तस्वीर खिंचवाने का अनुरोध करता दिख रहा है और तुरंत ही वह अपने बैग से चाकू निकाल कर नेता पर हमला कर देता है। लोकतंत्र समर्थकों के बीच जूनिस बेहद अलोकप्रिय हैं। पुलिस ने कहा कि हमले में तीन लोग घायल हुए हैं।

### भारत ने आतंकी खतरे के इनपुट पाक से साझा करते हुए कहा

# करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को दी जाए वीआईपी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव की 550वीं जयंती पर 9 नवंबर को पाकिस्तान में करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन होगा। करतारपुर जाने वाले पहले भारतीय जत्थे के 550 श्रद्धालुओं के नाम भारत ने पाकिस्तान को सौंप दिए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि क्या करतारपुर जाने के लिए पासपोर्ट की आवश्यकता होगी। इसके अलावा भारत ने आतंकी खतरे के इनपुट भी पाकिस्तान से साझा किए और करतारपुर जाने वाले वीआईपी जत्थे को कड़ी सुरक्षा मुहैया कराने को कहा।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत ने खालिस्तान समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से मिली धमकी की जानकारी पाकिस्तान को दी है। पहले जत्थे की सूची में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू इसमें शामिल होंगे या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है।



### सिद्धू ने विदेश मंत्रालय को चिट्ठी लिख दूसरी बार करतारपुर उद्घाटन समारोह में जाने की मांगी अनुमति



पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने बुधवार को विदेश मंत्रालय को चिट्ठी लिख दूसरी बार नौ नवंबर को पाकिस्तान में करतारपुर गलियारे के उद्घाटन समारोह में शामिल होने की अनुमति मांगी। विदेशमंत्री एस जयशंकर को लिखी चिट्ठी में सिद्धू ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने गलियारे के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया है। यह गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार साहिब को भारत के पंजाब में गुरदासपुर के स्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा। सिद्धू ने लिखा कि निमंत्रण आया है और जिसकी प्रति पहले ही जमा की जा चुकी है। कार्यक्रम बहुत स्पष्ट है।

### पाक से पूछाः करतारपुर यात्रा के लिए पासपोर्ट जरूरी है या नहीं?

भारत ने पाकिस्तान से स्पष्ट करने को कहा है कि करतारपुर साहिब के लिए पासपोर्ट की जरूरत पड़ेगी या नहीं। सूत्रों ने बुधवार को इस बारे में बताया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने ट्वीट किया है कि करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ेगी लेकिन समझौते के मुताबिक पासपोर्ट की जरूरत होगी। सूत्रों ने बताया कि अगर कोई बदलाव होता है तो समझौते में संशोधन करना पड़ेगा। एक सूत्र ने बताया कि हमारी सुरक्षा एजेंसियां चौकस रहेंगी। पाकिस्तान का बृहद लक्ष्य अलगाववाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने विशिष्ट लोगों के लिए इंतजामों तथा जरूरी चीजों के बारे में अवगत कराने के लिए अग्रिम टीम भेजने के भारत के अनुरोध पर अब तक जवाब नहीं दिया है।

### वीडियो सॉन्ग में दिखे नवजोत सिद्धू और खालिस्तान समर्थक

पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उद्घाटन समारोह के लिए वीडियो सॉन्ग और डाक टिकट जारी किए। डाक टिकट पाकिस्तान के अलावा 12 अन्य देशों में बिक्री किए जाएंगे। हालांकि, वीडियो को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस वीडियो में खालिस्तान समर्थक भिंडरावाले के अलावा मेजर जनरल शहबाग सिंह और अमरीक सिंह खालसा को दिखाया गया है। इसके अलावा वीडियो में कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू भी नजर आए।

### करतारपुर पाक का हिडेन एजेंडा, हमें सतर्क रहना होगा- अमरिंदर

वीडियो सॉन्ग में खालिस्तान समर्थकों के दिखाई देने पर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि मैं पहले दिन से ही यह कह रहा हूं कि यह पाकिस्तान का हिडेन एजेंडा है। उन्होंने कहा- एक तरफ तो पाकिस्तान प्यार दिखा रहा है और दूसरी तरफ वह मुसीबत खड़ी कर रहा है। हमें पाकिस्तान के इरादों को लेकर बेहद सतर्क रहना होगा।

### दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई वारदात

# छात्रों में दहशत पैदा करने आतंकियों ने जलाए दो स्कूल

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए आतंकियों ने एक बार फिर मासूमों के स्कूलों को निशाना बनाना शुरू किया है। घाटी के सुधरते हालातों में खलल डालने की कोशिश कर रहे दहशतगर्दों ने इस बार कुलगाम जिले के दो स्कूलों को जला दिया है।

इस घटना के बाद से ही फायर ब्रिगेड की टीमों ने जहां आग बुझाने का काम शुरू किया है, वहीं दूसरी ओर पुलिस घटना में शामिल लोगों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने बुधवार शाम कुलगाम के दो स्कूलों की इमारत को आग के हवाले कर दिया था। ज्ञात हो कि साल 2016 में भी हिज्बुल कमांडर बुरहान वानी के मारे जाने के बाद आतंकियों ने बौखलाहट दिखाते हुए तमाम स्कूलों की इमारतों को आग के हवाले कर दिया था, जिससे बच्चे इन स्कूलों में पढ़ने के लिए ना जा सकें।



- फरार हुए अज्ञात आतंकी, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड

### 2016 में जलाए थे 35 से अधिक स्कूल

2016 में कश्मीर घाटी में 35 से अधिक स्कूल जलाए गए थे। हालांकि उस दौरान हिंसा और तनावपूर्ण स्थितियों के बीच भी सेना अपने गुडविल स्कूलों में कश्मीरी बच्चों को पढ़ा रही थी। इस साल भी 2016 की तर्ज पर आतंकियों ने कश्मीरी बच्चों के अंदर दहशत पैदा करने की साजिश रची है।

### स्कूल के पास ही हुआ था आतंकी हमला

इसके लिए आतंकियों ने 29 अक्टूबर को एक स्कूली इमारत के पास सीआरपीएफ की टीम पर हमला भी किया था। जिस वक्त हमला हुआ उस वक्त स्कूल में बोर्ड की परीक्षाएं चल रही थीं। हमले के दौरान ही स्कूल में कई स्टूडेंट्स फंस गए थे, जिन्हें बाद में सेना की टीम ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया था।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रियल सेक्टर को दी राहत

# अटकी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिलेंगे 25 हजार करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अटकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 25,000 करोड़ रुपए का वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) बनाने की मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। वित्त मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि इस 25,000 करोड़ रुपए के कोष के लिए सरकार, भारतीय स्टेट बैंक



और एलआईसी धन उपलब्ध कराएंगी। सीतारमण ने कहा कि इस कोष से 4.58 लाख घरों की 1,600 आवासीय परियोजनाओं को फायदा होगा। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस 25,000 करोड़ रुपए के कोष से अटकी परियोजनाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से धन उपलब्ध कराया जाएगा। चरण पूरा होने के बाद राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) बन चुकी आवासीय परियोजनाएं या फिर दिवाला समाधान के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में भेजी जा चुकी आवासीय परियोजनाओं के लिए भी इस कोष से धन लिया जा सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष से सस्ते घरों की परियोजनाओं या मध्यम वर्ग के लिए बनाए जाने वाले घरों की परियोजनाओं के लिए भी धन उपलब्ध कराया जाएगा।

### चीन ने सूडान के पहले उपग्रह का प्रक्षेपण किया

**खारतूम।** चीन ने सैन्य, आर्थिक एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान के मकसद से विकसित सूडान के पहले उपग्रह का प्रक्षेपण किया है। उत्तरपूर्वी अफ्रीकी देश के सत्तारूढ़ निकाय ने यह जानकारी दी है। सूडान की राजकीय परिषद के प्रमुख जनरल अब्देल फतह अल बुरहान ने मंगलवार को खारतूम में अपने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में उपग्रह के प्रक्षेपण की घोषणा की। चीन की सरकारी संवाद समिति 'शिन्हुआ' ने खबर दी कि उपग्रह को उत्तरी चीन के शानशी प्रांत से रविवार को प्रक्षेपित किया गया। परिषद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस उपग्रह का लक्ष्य अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अनुसंधान करना, देश की सैन्य जरूरतों के लिए आंकड़े इकठ्ठा करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों की खोज करना भी है।

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा

# आतंकवाद से निपटने के सार्थक सामूहिक प्रयास नहीं आते नजर

एजेंसी ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि आतंकवाद के मानवाधिकार उल्लंघन के सबसे बुरे रूप में उभरने के बावजूद इस बुराई से निपटने के सार्थक संग्रहित प्रयास नदारद हैं। साथ ही नयी दिल्ली ने आतंकवादियों को पनाहगाह उपलब्ध नहीं होने देने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वालों को प्रत्यर्पित करने के लिए राष्ट्रों के बीच समन्वयन पर जोर दिया। 'रिपोर्ट ऑफ द ह्यूमन राइट्स काउंसिल' पर विश्व निकाय की



महासभा के सत्र में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी उपप्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने कहा कि भारत संतुलित दृष्टिकोण का पक्ष लेने की परिषद की भूमिका की सराहना करता है जो मानवाधिकारों पर आतंकवाद के असर को समझती है और आतंकवाद के इस खतरे से निपटने में अंतरराष्ट्रीय समन्वयन का समर्थन करती है। नायडू ने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकार उल्लंघन के सबसे बुरे रूप में उभरा है। आतंकवाद को सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती मानने के बावजूद, इस खतरे से निपटने के लिए कोई सार्थक सामूहिक प्रयास नहीं नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी देशों से आतंकवादी समूहों तक किसी भी तरह की मदद पहुंचने पर रोक लगाने, उन्हें पनाहगाह मुहैया नहीं होने देने और आतंकी कृत्यों को अंजाम देने या उनके समर्थकों को प्रत्यर्पित करने में सहयोग करने की अपील दोहराते हैं।

### सीजन की पहली बर्फबारी...



गुलमर्ग में बुधवार को सीजन की पहली बर्फबारी के बाद खुशनुमा हुए मौसम का आनंद लेते सैलानी।

# इंटरनेट स्वतंत्रता के मामले में पाक सबसे बुरे देशों में शामिल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

इंटरनेट और डिजिटल मीडिया स्वतंत्रता के लिहाज से पाकिस्तान दुनिया के 10 बदतर देशों में से एक है। इंटरनेट की प्रहरी एक संस्था की तरफ से जारी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट अधिकार समूह, 'द फ्रीडम हाउस' ने मंगलवार को 2019 के लिए अपनी 'फ्रीडम ऑन द नेट' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट का शीर्षक 'सोशल मीडिया का संकट' है जिसमें जून 2018 से मई 2019 के बीच वैश्विक इंटरनेट स्वतंत्रता में गिरावट दर्ज की गई। 'डॉन न्यूज' ने रिपोर्ट के हवाले से खबर दी कि संस्था ने अपनी रिपोर्ट में पाकिस्तान को 100 सबसे बुरे देशों (इंटरनेट स्वतंत्रता की नजर से) में 26वें स्थान पर रखा है। पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में पाकिस्तान एक स्थान और नीचे खिसक गया है।




- इंटरनेट की प्रहरी एक संस्था की तरफ से जारी रिपोर्ट में किया गया दावा

### अमेरिकी थिंक टैंक की तरफ से किए गए अध्ययन में दी गई जानकारी

# ट्रंप प्रशासन में भारतीय आईटी कंपनियों के साथ बढ़ा भेदभाव

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

- नामी गिरामी भारतीय आईटी कंपनियों के एच-1बी आवेदन सबसे ज्यादा खारिज किए गए
- ये आंकड़ें उन आरोपों को एक तरह से बल देते हैं कि मौजूदा प्रशासन अनुचित ढंग से भारतीय कंपनियों को निशाना बना रहा है

ट्रंप प्रशासन की अति प्रतिबंधात्मक नीतियों के चलते एच-1बी आवेदनों को खारिज किए जाने की दर 2015 के मुकाबले इस साल बहुत अधिक बढ़ी हैं। एक अमेरिकी थिंक टैंक की तरफ से किए गए अध्ययन में यह भी सामने आया है कि नामी गिरामी भारतीय आईटी कंपनियों के एच-1बी आवेदन सबसे ज्यादा खारिज किए गए हैं। ये आंकड़ें उन आरोपों को एक तरह से बल देते हैं कि मौजूदा प्रशासन अनुचित ढंग से भारतीय कंपनियों को निशाना बना रहा है। नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी की ओर से किए



गए इस अध्ययन के मुताबिक 2015 में जहां छह प्रतिशत एच-1बी आवेदन खारिज किए जाते थे, वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में यह दर बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई है।

यह रिपोर्ट अमेरिका की नागरिकता एवं आव्रजन सेवा यानि यूएससीआईएस से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है। उदाहरण के लिए 2015 में अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल और गूगल में शुरुआती नौकरी के लिए दायर एच-1बी आवेदनों में महज एक प्रतिशत को खारिज किया जाता था। वहीं 2019 में यह दर बढ़कर क्रमशः छह, आठ, सात और तीन प्रतिशत हो गई है। हालांकि एप्पल के लिए यह दर दो प्रतिशत ही बनी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि इसी अवधि में टेक महिंद्रा के लिए यह दर चार प्रतिशत से बढ़कर 41 प्रतिशत हो गई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए छह प्रतिशत से बढ़कर 34 प्रतिशत, विप्रो के लिए सात से बढ़कर 53 प्रतिशत और इंफोसिस के लिए महज दो प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसमें कहा गया कि एसेंचर, केपजेमिनी समेत अन्य अमेरिकी कंपनियों को आईटी सेवाएं या पेशेवर मुहैया कराने वाली कम से कम 12 कंपनियों के लिए अस्वीकार्यता दर 2019 की पहली तीन तिमाही में 30 प्रतिशत से अधिक रही। इनमें से ज्यादातर कंपनियों के लिए यह दर 2015 में महज दो से सात प्रतिशत के बीच थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109